RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 127
नई दिल्ली, मंगलवार, 14 मार्च, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



बदलाव की मानसिकता से आगे बढ़ें

राष्ट्रीय-11

# ऑस्कर में बजा भारत का डंका, पहली बार जीते दो अवार्ड

● नाटू-नाटू को बेस्ट ओरिजनल सांग, द एलिफेंट व्हिस्पर्स को बेस्ट शॉर्ट डॉक्यूमेंट्री पुरस्कार ● हर तरफ जश्न का माहौल, फिल्म आरआरआर के कलाकार जूनियर एनटीआर, रामचरण ने कहा- यह भारत की जीत

**एजेंसी/पायनियर समाचार सेवा।** लॉस एंजिलिस/नई दिल्ली

**हॉलीवुड** के सबसे बड़े पुरस्कार ऑस्कर के मंच पर भारत ने इतिहास रचते हुए पहली बार दो अवार्ड जीते हैं। भारतीय फिल्म आरआरआर के तेलुगु गीत नाटु नाटु ने 95वें अकादमी पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ मूल (ओरिजनल) गीत की श्रेणी में ऑस्कर पुरस्कार अपने नाम किया तो वहीं, तमिल भाषा में बनी डॉक्यूमेंट्री द एलिफेंट व्हिस्परर्स को डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट सब्जेक्ट श्रेणी में यह प्रतिष्ठित पुरस्कार मिला है। शॉर्ट फिल्म श्रेणी में भारत के लिए यह पहला ऑस्कर अवार्ड है। पुरस्कारों की घोषणा होते ही देशभर में प्रसन्नता का माहौल बन गया और हर तरफ से बधाइयों का तांता लग गया। नाटु-नाटु गीत अभिनेता राम चरण और जूनियर एनटीआर पर फिल्माया गया है। उन्होंने इस ऐतिहासिक उपलब्धि को भारत की जीत बताया है।

ऑस्कर में इस साल एवरीथिंग एवरीवेयर ऑल एट वन्स ने सबसे ज्यादा पुरस्कार झटके। सर्वश्रेष्ठ फिल्म बनने के साथ इसके लिए डेनियल क्वान तथा डेनियल स्कैनर्ट को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक चुना गया और फिल्म की अदाकारा मिशेल योह को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के पुरस्कार से नवाजा गया। फिल्म एवरीथिंग एवरीवेयर ऑल एट वन्स के लिए ही, के ह्यू क्वान को सर्वश्रेष्ठ सह-अभिनेता की श्रेणी में और जेमी ली कर्टिस को सर्वश्रेष्ठ सह-अभिनेत्री की श्रेणी में पुरस्कार मिला। इसके अलावा फिल्म को सर्वश्रेष्ठ (ओरिजनल) पटकथा और सर्वश्रेष्ठ संपादित फिल्म का पुरस्कार भी मिला।





लॉस एंजिलिस में ऑस्कर पुरस्कार के साथ गीत नाटु नाटु के संगीतकार एम. एम. कीरावानी और गीतकार चंद्रबोस। दूसरी ओर तमिल भाषा के वृत्तचित्र द एलिफेंट व्हिस्परर्स की निर्देशक कार्तिकी गोंजाल्विस और निर्माता गुनीत मोंगा

वहीं, गीत नाटु नाटु ने फिल्म टेल इट लाइक अ वुमन के गीत अपलॉज, टॉप गन: मावेरिक के गीत होल्ड माई हैंड, ब्लैक पैंथर: वाकांडा फॉरएवर के लिफ्ट मी अप और एवरीथिंग एवरीवेयर ऑल एट वन्स के दिस इज़ ए लाइफ को मात देते हुए ऑस्कर पुरस्कार हासिल किया। इस गीत की शूटिंग यूक्रेन की राजधानी कीव स्थित राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में हुई है। दिग्गज निर्देशक एस.एस. राजामौली की फिल्म आरआरआर के गीत नाटु नाटु के संगीतकार एम.एम. कीरावानी हैं और गीतकार चंद्रबोस ने इसके बोल लिखे हैं। इसे आवाज काल भैरव और राहुल सिप्लीगुंज ने दी है। नाटु नाटु का मतलब होता है नाचना। गीत में अभिनेता राम चरण और जूनियर एनटीआर के जोरदार नृत्य को सभी वर्गों से खूब सराहना मिली है। कीरावानी ने कहा, मैं द कारपेंटर्स (बैंड के गीत) सुनते हुए बड़ा हुआ और आज यहां ऑस्कर के साथ हूं। मेरी, मेरे परिवार और राजामौली की बस एक ही ख्वाइश थी- आरआरआर ऑस्कर जीत जाए और सभी भारतीयों का गौरव बढ़े। चंद्रबोस ने केवल नमस्ते कहकर पुरस्कार पाने की खुशी जाहिर की। आरआरआर के आधिकारिक ट्विटर खाते पर जारी बयान में कहा गया है कि इस पल को बयां करने के लिए शब्द नहीं हैं। दुनियाभर में हम अपने सभी प्रशंसकों को इसे समर्पित करते हैं। गीत नाटु नाटु के कोरियोग्राफर प्रेम रक्षित ने लॉस एंजिलिस से एजेंसी से बातचीत में खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इस गीत का ऑस्कर जीतना भारत के लिए गर्व का पल है। पुरस्कार जीतने के उत्साहपूर्ण क्षण के बारे में उन्होंने कहा कि हम सभी एक साथ बैठे थे। घोषणा होते ही हम खुशी के मारे पागल हो गए और एक-दूसरे को गले लगाने लगे।

आरआरआर के मुख्य कलाकार जूनियर एनटीआर और राम चरण ने फिल्म के गीत नाटु नाटु के ऑस्कर जीतने पर कहा कि यह हर एक भारतीय की जीत है। गीत की विदेशी धरती पर यही तीसरी जीत है, इससे पहले इसे गोल्डन ग्लोब और क्रिटिक्स च्वाइस अवार्ड में भी पुरस्कार मिल चुका है। ऑस्कर समारोह का आयोजन सोमवार सुबह (भारतीय समयानुसार) लॉस एंजिलिस में हॉलीवुड के डॉल्बी थिएटर में किया गया। ऑस्कर के मंच पर भारत ने अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराई। नाटु नाटु के गायक काल भैरव और राहुल सिप्लीगुंज ने ऑस्कर समारोह में इस तेलुगु गीत पर जोरदार प्रस्तुति दी, जिससे समारोह स्थल पर मौजूद सभी दर्शक झूम उठे। प्रस्तुति पर दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों ने खड़े होकर तालियां बजाईं। यही नहीं, समारोह में भारतीय गायकों की प्रस्तुति की घोषणा बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने की, जो यहां लुई विटॉन के काले रंग के बेहद सुंदर गाउन में नजर आईं। उन्होंने इस गाउन के साथ एक खूबसूरत हार पहना था। (शेष पेज 8)

# लंदन में दिए गए राहुल गांधी के बयान पर संसद में हंगामा

● दिन भर बाधित रही दोनों सदनों की कार्यवाही, भाजपा ने की माफी मांगने की मांग, विपक्ष अडाणी पर जेपीसी गठित करने की मांग पर अड़ा



सोमवार को लोकसभा में हंगामा करते विपक्षी दलों के सांसद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी द्वारा भारत के लोकतंत्र के बारे में लंदन में दिए गए बयान को लेकर सोमवार को लोकसभा और राज्यसभा में भारी हंगामा हुआ। सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के शोर शराबे के कारण दोनों सदनों की बैठक एक बार के स्थगन के बाद पूरे दिन के लिए स्थगित करनी पड़ी। कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दलों ने अडाणी समूह से जुड़े मामले पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गठित करने की मांग को लेकर नारेबाजी की। संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण सोमवार को शुरू हुआ। लोकसभा में भाजपा के कई सांसदों ने राहुल गांधी माफी मांगो के नारे लगाए। वहीं, कांग्रेस सहित कई विपक्षी दलों के सदस्यों ने भी अडाणी समूह के मामले पर जेपीसी की मांग करते हुए आसन के समीप आकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

भाजपा सदस्य, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा भारतीय लोकतंत्र को लेकर लंदन में की गई टिप्पणियों के मुद्दे को उठा रहे थे जबकि कांग्रेस सहित कुछ अन्य विपक्षी दल अडाणी समूह के मामले की जेपीसी से जांच कराने की मांग और कुछ अन्य विषयों को उठा रहे थे। रक्षा मंत्री एवं सदन के उपनेता राजनाथ सिंह ने कहा, राहुल गांधी, जो इस सदन के सदस्य हैं, ने लंदन में जाकर भारत को बदनाम करने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने कहा है कि भारत में लोकतंत्र पूरी तरह से तहस नहस हो गया है और विदेशी ताकतों को आकर लोकतंत्र को बचाना चाहिए। उन्होंने कहा, पूरे सदन को उनके (राहुल के) इस व्यवहार की निंदा करनी चाहिए और आपके (अध्यक्ष के) द्वारा यह निर्देश दिया जाना चाहिए कि संसद के फोरम पर वे क्षमा याचना करें।

हंगामे के बीच ही संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि भारत लोकतंत्र की जननी है और राहुल गांधी विदेशी धरती पर जाकर उसका अपमान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल विदेश में जाकर आसन पर आक्षेप कर रहे हैं और आरोप लगा रहे हैं, जबकि उन्हें सदन में बोलने का पूरा मौका दिया जाता है। इस दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शोर शराबा कर रहे सदस्यों से अपने स्थान पर जाने को कहा। बिरला ने सदस्यों से कहा कि सदन की कार्यवाही चलने दें, अपने स्थान पर जाएं और सभी को अपनी बात रखने का पर्याप्त मौका दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत के लोगों में लोकतंत्र के प्रति पूरी आस्था है और पूरी दुनिया मानती है कि भारत में लोकतंत्र सशक्त है। हालांकि, कांग्रेस सहित कुछ विपक्षी दलों का शोर शराबा जारी रहा। हंगामा थमता नहीं देख लोकसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही शुरू होने के करीब 10 मिनट बाद अपराह्न दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

लोकसभा की कार्यवाही जब एक बार के स्थगन के बाद अपराह्न दो बजे फिर से शुरू हुई, तो सदन में व्यवधान बना रहा। सत्तापक्ष के सदस्य राहुल गांधी माफी मांगो और विपक्षी सदस्य हमें चाहिए जेपीसी के नारे लगाते सुने गए। पीठासीन सभापति राजेंद्र अग्रवाल ने अपराह्न दो बजकर करीब 10 मिनट पर सदन की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। राज्यसभा में सत्ता पक्ष ने जहां कांग्रेस नेता के बयान के लिए देश से माफी मांगने को कहा, वहीं विपक्ष ने परंपराओं का हवाला देते हुए इस बात पर आपत्ति जताई कि अन्य सदन के किसी सदस्य के बयान को उच्च सदन में नहीं उठाया जा सकता।

बजट सत्र के दूसरे चरण के पहले ही दिन उच्च सदन में हंगामे के कारण कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद अपराह्न दो बजकर करीब 15 मिनट पर पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। सदन में प्रश्न काल और शून्यकाल भी हंगामे की भेंट चढ़ गए। सुबह बैठक शुरू होने के कुछ ही समय बाद सदन के नेता पीयूष गोयल ने राहुल गांधी का नाम लिए बगैर कहा कि विपक्ष के एक नेता ने विदेशी धरती से शर्मनाक तरीके से भारत के लोकतंत्र के बारे में अनाप-शनाप बातें की हैं। गोयल ने कहा कि कांग्रेस नेता ने विदेशी धरती पर कहा कि अमेरिका और यूरोप के देश भारत में आकर यहां के लोकतंत्र में हस्तक्षेप करें। उन्होंने कहा कि ऐसे व्यक्ति की पूरे सदन द्वारा घोर निंदा की जानी चाहिए। (शेष पेज 8)

# समलैंगिक विवाह मामला अब संविधान पीठ के पास

● सुप्रीम कोर्ट ने कहा- यह मुद्दा बुनियादी महत्व का


**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता दिए जाने के अनुरोध वाली याचिकाओं को सोमवार को पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ के पास भेज दिया और कहा कि यह मुद्दा बुनियादी महत्व का है। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला की पीठ ने कहा कि यह मुद्दा एक ओर संवैधानिक अधिकारों और दूसरी ओर विशेष विवाह अधिनियम सहित विशेष विधाई अधिनियमों से संबंधित है, जिसका एक-दूसरे पर प्रभाव है। पीठ ने कहा, हमारी राय है कि यदि उठाए गए मुद्दों को संविधान के अनुच्छेद 145 (3) के संबंध में पांच न्यायाधीशों की पीठ द्वारा हल किया जाता है, तो यह उचित होगा। इस प्रकार, हम मामले को पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ के समक्ष भेजने का निर्देश देते हैं। उच्चतम न्यायालय ने मामले को 18 अप्रैल को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया और कहा कि पांच न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष सुनवाई का सीधा प्रसारण (लाइव-स्ट्रीम) किया जाएगा, जैसा कि संविधान पीठ के समक्ष पूर्व में हुई सुनवाई के दौरान किया जाता रहा है।

केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायालय से आग्रह किया कि समलैंगिक विवाह के मुद्दे पर दोनों पक्षों की दलीलों में कटौती नहीं की जाए, क्योंकि इस फैसले का पूरे समाज पर प्रभाव पड़ेगा। समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने के अनुरोध वाली याचिकाओं का केंद्र ने उच्चतम न्यायालय के समक्ष विरोध किया है। उसने दावा किया है कि वे (समलैंगिक विवाह को मान्यता देना) पर्सनल लॉ और स्वीकृत सामाजिक मूल्यों के बीच नाजुक संतुलन के पूर्ण विनाश का कारण बनेंगे। केंद्र ने इस बात पर जोर दिया कि एक रिश्ते को कानूनी मंजूरी देना अनिवार्य रूप से विधायिका का कार्य है। (शेष पेज 8)

## शादी की संस्था नीतिगत विषयः किरेन रिजिजू

**नई दिल्ली।** केंद्र द्वारा समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता दिए जाने का उच्चतम न्यायालय में विरोध करने के एक दिन बाद, विधि एवं कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सरकार व्यक्तिगत स्वतंत्रता और लोगों की गतिविधियों में 'हस्तक्षेप' नहीं करती है लेकिन विवाह की संस्था से जुड़ा मामला नीतिगत विषय है। एक सवाल के जवाब में रिजिजू ने कहा, 'सरकार किसी व्यक्ति के निजी जीवन व उसकी गतिविधियों में हस्तक्षेप नहीं कर रही है। इसलिए कोई भ्रम नहीं होना चाहिए। (शेष पेज 8)



# रक्षा मंत्रालय कानून अपने हाथ में नहीं ले सकताः सुप्रीम कोर्ट

● कहा, वन रैंक, वन पेंशन के बकाये का भुगतान चार किस्तों में करने संबंधी परिपत्र जारी नहीं कर सकता, इसे तुरंत वापस लिया जाए

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने सोमवार को कहा कि रक्षा मंत्रालय वन रैंक वन पेंशन (ओआरओपी) के बकाए का भुगतान चार किस्तों में करने संबंधी परिपत्र जारी कर कानून अपने हाथ में नहीं ले सकता। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई 20 मार्च के लिए सूचीबद्ध की और केंद्र से उस तारीख तक एक नोट दाखिल करने को कहा, जिसमें भुगतान का विशिष्ट विवरण दिया गया हो। भारत के प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की पीठ ने मंत्रालय से अपने 20 जनवरी के परिपत्र को तुरंत वापस लेने के लिए कहा, जिसमें कहा गया है कि ओआरओपी की बकाया राशि का भुगतान चार किस्तों में किया जाएगा। साथ ही पीठ ने भुगतान संबंधी योजना 20 मार्च तक पेश करने का निर्देश दिया। अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने कहा कि केंद्र ने ओआरओपी बकाया की एक किस्त का भुगतान पूर्व सैनिकों को कर दिया है और एक और किस्त का भुगतान 31 मार्च तक कर दिया जाएगा। (शेष पेज 8)

# घरेलू मुद्दों से ध्यान बंटाने को भारत के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहा पाकः विदेश मंत्रालय

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**विदेश मंत्रालय** ने सोमवार को एक रिपोर्ट में कहा कि पाकिस्तान प्रायोजित सीमा पार आतंकवाद में कोई कमी नहीं आई है तथा इस्लामाबाद ने 26 नवंबर (2008) के मुंबई आतंकवादी हमले के पीड़ितों के परिवारों को न्याय दिलाने के मामले में अभी तक कोई गंभीरता नहीं दिखाई है। मंत्रालय ने 2022 की अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कहा कि भारत को बदनाम करने और अपनी घरेलू राजनीतिक एवं आर्थिक विफलताओं से ध्यान बंटाने के लिए पाकिस्तान शत्रुतापूर्ण एवं मनगढ़ंत दुष्प्रचार को जारी रखे हुए है। (शेष पेज 8)

## भारत ने 13,399 करोड़ के सैन्य हार्डवेयर का निर्यात किया

**नई दिल्ली।** भारत ने चालू वित्त वर्ष में छह मार्च तक 13,399 करोड़ रुपए के सैन्य उपस्करों (हार्डवेयर) का निर्यात किया, जो 2017-18 के 4,682 करोड़ रुपए से काफी अधिक है। राज्यसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने सैन्य हार्डवेयर के वर्षवार निर्यात का ब्योरा दिया। (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,238 | ↓ 897 | |
| निफ्टी | 17,154 | ↓ 258 | |
| सोना | 56,550 | ↑ 970 | /10g |
| चांदी | 63,820 | ↑ 1600 | /kg |

## क्विक न्यूज


### जम्मू-कश्मीर के लिए 1.18 लाख करोड़ का बजट

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर का 1.18 लाख करोड़ रुपए का बजट पेश किया। इसमें ग्रामीण क्षेत्रों में आवास और 18.36 लाख परिवारों को साफ पानी के लिए हर घर नल लगाने पर जोर दिया गया है। बजट में प्रदेश की सकल घरेलू उत्पाद पांच साल में दोगुना करने का आश्वासन देता है। इसमें जमीनी लोकतंत्र को मजबूत करने, स्थाई कृषि को बढ़ावा देने, निवेश और औद्योगिक विकास को सुगम बनाने, रोजगार सृजन, त्वरित विकास और समावेशी विकास और महिला सशक्तिकरण व सामाजिक समावेश पर जोर दिया गया है। वित्त मंत्री ने कहाकि कश्मीर 2023 के अंत तक देश के शेष हिस्सों से रेल संपर्क से जुड़ सकता है।

# उप्र की सड़कों को अमेरिका जैसी करने के लिए प्रयास जारीः गडकरी

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर

**उत्तर प्रदेश** की कानून व्यवस्था की तारीफ करते हुए केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घातक और दुष्ट प्रवृत्ति के लोगों से समाज की रक्षा के लिए जो कठोर और घातक कदम उठाए हैं वह प्रशंसनीय है। गडकरी ने योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में 10 हजार करोड़ रुपए की लागत वाली 18 परियोजनाओं की सौगात दी। उन्होंने 12 सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास एवं छह का लोकार्पण किया। ये सभी परियोजनाएं भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की हैं। गडकरी ने कहा, मैं योगी आदित्यनाथ का विकास कार्यों के लिए तो अभिनंदन करूंगा ही। साथ ही, जो दुष्ट लोग सज्जन लोगों पर अत्याचार करते थे, उन सज्जनों के रक्षार्थ उन्होंने जो कठोर कदम उठाएं हैं। इसके लिए मैं व्यक्तिगत रूप से और देश की जनता की ओर सेयोगी जी का बहुत बहुत अभिनंदन करता हूं। गडकरी ने कहा, योगी ने कानून और व्यवस्था के बारे में एक आदर्श स्थापित किया है। मैंने पहले कहा था कि उत्तर प्रदेश की सड़कें हम अमेरिका की बराबरी करेंगी और उसी दिशा में हमारा प्रयास चल रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2014 में 7643 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग थे, मोदी देश के प्रधानमंत्री बनने के बाद से 2023 में 13 हजार किलोमीटर के राष्ट्रीय राजमार्ग के काम उत्तर प्रदेश में हुए हैं। उन्होंने कहा, मेरा विश्वास है कि 2024 जब समाप्त होगा तो उत्तर प्रदेश में हम पांच लाख करोड़ रुपए के सड़कों के कार्य करेंगे। (शेष पेज 8)



# अतीक अहमद के भाई से साठगांठ में बरेली जेल के जेलर सहित सात नपे

● अधीक्षक के खिलाफ शासन को भेजी रिपोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बरेली जेल** के जेलर राजीव मिश्रा व डिप्टी जेलर दुर्गेश प्रताप सिंह सहित सात जेल कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। बरेली जेल में बंद माफिया अतीक के भाई अशरफ से साठगांठ और लोगों की अवैध तरीके से उससे जेल के अंदर मुलाकात कराने और सुविधाएं मुहैया कराने के आरोप में ये कार्रवाई हुई है। जेल मुख्यालय के प्रवक्ता संतोष कुमार वर्मा ने बताया कि जिला जेल बरेली में निरुद्ध कुख्यात अपराधी अशरफ से अवैध तरीके से मुलाकात कराने के प्रकरण का संज्ञान लेते हुए डीजी कारागार आनंद कुमार ने परिक्षेत्रीय डीआईजी आरएन पांडेय को जांच सौंपी थी। पांडेय ने जांच पूरी करके अपनी आख्या डीजी को सौंप दी। (शेष पेज 8)

# जैव ईंधन का जलना, राजधानी में जहरीली धुंध का कारण

● आईआईटी दिल्ली, कानपुर, सीपीसीबी और दो विदेशी संस्थानों के शोध में खुलासा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**देश** की राजधानी दिल्ली में सर्दियों की रातों में धुंध बढ़ने और सूक्ष्म कण के अधिक प्रदूषण का कारण जैव ईंधन, लकड़ी और पराली (बायोमास) जलना है। यह चौंकाने वाला खुलासा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली व कानपुर के साथ स्विट्जरलैंड के पॉल शेरर इंस्टीट्यूट (पीएसआई), फिनलैंड के यूनिवर्सिटी हेलसिंकी और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के संयुक्त अध्ययन में शोधकर्ताओं ने किया है। इस अध्ययन को नेचर जिओसाइंस जर्नल में प्रकाशित किया गया है। दिल्ली में 2019 के सर्दियों शोध किया गया था। अध्ययन के प्रमुख शोधकर्ता कानपुर आईआईटी के प्रोफेसर सच्चिदानंद त्रिपाठी ने कहा कि दिल्ली में सर्दियों के दौरान अक्सर सूक्ष्म कणों के प्रदूषण की मोटी चादर धुंध का लोग अनुभव करते हैं, लेकिन अभी तक इसके सटीक कारणों का पता नहीं चला था। उन्होंने कहा कि एक बाल की मोटाई से कई गुना पतले ये नैनो-कण सीधे हमारे श्वसन-तंत्र से शरीर में पहुंच सेहत को ज़बर्दस्त नुकसान पहुंचा रहे हैं। ये अति सूक्ष्म कण ही बादलों के निर्माण में भी सहायक होते हैं।



प्रतीकात्मक चित्र

प्रोफेसर त्रिपाठी ने कहा कि 2019 की सर्दियों में कई मशीनें लगाकर हमारी टीम ने दिल्ली में एक अध्ययन किया था। इसमें पता चला कि पीएम-1 कण या जिनका साइज़ 100 नैनोमीटर से भी नीचे होता है, जो बेकाबू तरीके से बढ़ रहा है। यह इंसान के एक बाल की मोटाई के एक हज़ारवें हिस्से का एक माइक्रॉन होता है। एक माइक्रॉन से एक हज़ार गुना छोटा एक नैनोमीटर होता हे। आमतौर पर गाड़ियों में जलने वाले ईंधन से 5-10 नैनोमीटर के कण उत्सर्जित होते हैं। उन्होंने कहा कि हमने दिल्ली में देखा था कि हर घंटे 30 नैनोमीटर पार्टिकल उत्सर्जित हो रहे हैं, जबकि वैश्विक अनुपात में 10-15 नैनोमीटर प्रति घंटा है। यह आंकड़ा हैरान करने वाला और चिंताजनक था। इसे समझने के क्रम में हमें ये भी पता चला कि 100 नैनोमीटर से नीचे के कणों में ज्यादातर ऑर्गेनिक कण हैं। ऑर्गेनिक कणों की मौजूदगी बताती है कि पेट्रोल-डीजल या एलपीजी जलाया जा रहा है। इसकी दूसरी वजह लकड़ी या पराली जलाना भी है। गहराई से देखने पर पता चला कि बायोमास से निकलने वाली भाप या वाष्प ही पार्टिकल में बदल रही है। मतलब साफ है कि दिल्ली में धुंध की मोटी चादर में बायोमास को जलाने का बड़ा योगदान है। प्रोफेसर त्रिपाठी का दावा है कि इस स्टडी के पहले धुंध के कारण ज्ञात नहीं थे। उन्होंने कहा कि सेहत और क्लाइमेट के हिसाब से 100 नैनोमीटर के कण बहुत अहमियत रखते हैं। ये धुंध शाम से बननी शुरू होती और रात में बढ़ जाती है। (शेष पेज 8)

# सामूहिक दुष्कर्म के मामले में छह को उम्र कैद

## आरोपियों में दो महिलाएं भी शामिल, दुकान पर काम करने के बहाने बुलाया था नाबालिग को

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

धौलाना थाना क्षेत्र में 15 साल पहले अनुसूचित जाति की एक बालिका से हुए सामूहिक दुष्कर्म के केस में कोर्ट ने दो महिलाओं समेत छह दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

चार दोषियों पर 15-15 हजार रुपये दोनों महिलाओं पर 10-10 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है, जिसमें से 50 प्रतिशत की धनराशि पीड़िता के परिवार को दिए जाने के आदेश दिए गए हैं। संयुक्त निदेशक अभियोजन अनिल उपाध्याय ने बताया कि वारदात 27 अप्रैल 2007 की है। उस दिन उर्स का मेला लगा था, जिसमें 16 साल की बालिका को पिंकी और विमला अपने साथ दुकान पर काम कराने के बहाने घर से ले गए थे। रात को उन्होंने बालिका को पानी लाने के लिए नल पर भेजा, वहां पर बझैड़ाकलां के रहने वाले कलुवा, आसिफ, अख्तर, शाह फैजल मिले, जो बालिका का मुंह कपड़े से बांधकर बाग में ले गए। चारों ने बालिका से सामूहिक दुष्कर्म किया। इसके बाद वहां से भाग गए। घर पहुंचकर बालिका ने मामले की जानकारी अपने स्वजन को दी। स्वजन ने पिंक और विमला से



पूछताछ की तो उन्होंने कहा कि चारों लड़कों से इस काम के लिए उन्होंने एक हजार रुपये लिए थे, जिनमें से 500-500 रुपये आपस में बांट लिए थे। स्वजन ने इस मामले की शिकायत धौलाना थाने में की, पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की। सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया गया। मामले की सुनवाई गाजियाबाद में विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट की कोर्ट में हुई। कोर्ट ने साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर सभी आरोपितों को इस मामले में दोषी माना। उन्होंने सोमवार को सभी आरोपितों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

## बच्ची से रेप कर हत्या करने वाला आरोपी दोषी करार

*गाजियाबाद। मोदीनगर थाना क्षेत्र में 9 साल की बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले में पाक्सो कोर्ट ने सोमवार को आरोपित कपिल को दोषी करार दिया है। अब इस मामले में दोषी की सजा पर 15 मार्च 2023 को सजा सुनाई जाएगी। विशेष लोक अभियोजक पाक्सो अधिनियम संजीव बखरवा ने बताया कि मोदीनगर के एक गांव से 18 अगस्त 2022 को 9 और 6 साल की दो बच्चियों को गांव का ही रहने वाला कपिल कश्यप आइसक्रीम खिलाने के बहाने साइकिल पर बैठाकर अपने साथ ले गया था। उसने गन्ने के खेत में ले जाकर बच्चियों से दुष्कर्म की कोशिश कीए 6 साल की बच्ची वहां से भागने में सफल हो गई। कपिल ने नौ साल की बच्ची से दुष्कर्म किया। इसके बाद गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। अगले दिन बच्ची का शव मिला तो स्वजन की तहरीर पर पुलिस ने एफआइआर दर्ज की। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया।*

## बदमाशों पर शिकंजा सात पर इनाम घोषित

**गाजियाबाद।** कुख्यात बदमाशों, माफियाओं एवं गैंगस्टरों की नाक में नकेल डालने के लिये सीपी अजय कुमार मिश्रा द्वारा मुहिम चलाई जा रही है। इसके तहत कमिश्नरेट पुलिस प्रशासन ने इंदिरापुरम, साहिबाबाद व लिंक रोड से वांछित चल रहे 25-25 हजार के आधा दर्जन से अधिक बदमाशों के ऊपर इनाम की राशि बढ़ाकर 50-50 हजार कर दी।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त दिनेश कुमार पी ने बताया कि इन वांछित अपराधिया के नाम कुद्दूस निवासी पश्चिम बंगाल, साहिब आलम उर्फराजू उर्फ वंशी कर्मी पूर्वी संपारण बिहार, सन्नी तिलकनगर दिल्ली, जुल्फक्कार उल्ला पुत्र समीउल्ला निवासी पुराना कटरा कर्नलगंज इलाहाबाद हाल कडकड़ मॉडल लिंक रोड, प्राण सिंह पुत्र महेश सिंह निवासी शनी चौक इंदिरापुरम, उमेश पुत्र जगदीश निवासी चुलियाना रोहतक और अनिल भाटी पुत्र अमर बहादुर निवासी एम 37 संजयनगर थाना मधुबन-बापूधाम हैं।

## संक्षिप्त समाचार



कोच्चि में फायर सिक्योरिटी एसोसिएशन ऑफ इंडिया के पुरस्कार समारोह में अग्निशमन अधिकारी सोमदत्त सोनकर और फायरमैन जोगिंदर सिंह को सम्मानित किया गया।

### तीन सौ लोगों को बचाने वाले सोमदत्त सम्मानित

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में वर्ष 18 जून 2017 को होटल रेडिसन ब्लू के पास कॉमर्शियल कॉपलेक्स में लगी भीषण आग में फंसे 300 लोगों को सुरक्षित निकालने वाले अग्रिशमन अधिकारी सोमदत्त सोनकर को फायर सिक्योरिटी एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने सुपर हीरो पुरस्कार से सम्मानित किया गया। एसोसिएशन ने इसी अग्निकांड में अदम्य साहस का परिचय देने के लिए फायरमैन जोगिंदर सिंह को भी बहादुरी पुरुस्कार से सम्मानित किया गया। अग्निशमन अधिकारी सोमदत्त सोनकर को एसोसिएशन ने सुपर हीरो के सम्मान से नवाजा गया। सोमदत्त वर्तमान में आगरा में तैनात हैं। सोमदत्त सोनकर उस समय गाजियाबाद के वैशाली फायर स्टेशन पर तैनात थे। उनके साथ फायरमैन जोगिंदर सिंह भी कंधे से कंधा मिलाकर लोगों को बचाने में जुटे थे। दोनों को फायर सिक्योरिटी एसोएिशन ऑफ इंडिया की ओर से सम्मानित किया गया है। वह दो बार भारत के राष्ट्रपति की ओर से अग्निशमन के लिए वीरता पदक भी हासिल कर चुके हैं।

### लाखों के जेवरात और नगदी चोरी

नोएडा। थाना सूरजपुर क्षेत्र में स्थित एक सोसाइटी में रहने वाले गाजियाबाद के दुकानदार के घर से अज्ञात चोरों ने करीब 10 लाख रुपए कीमत के जेवरात व नकदी आदि चोरी कर ली है। पृथ्वी अपनी नौकरानी पर चोरी करने का शक जाहिर किया है। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना सूरजपुर के प्रभारी निरीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र में स्थित ऐसोटेक सोसाइटी में रहने वाले मुकेश कुमार गुप्ता के घर से उनकी नौकरानी काजल ने लाखों रुपए कीमत के जेवरात, नकदी और अन्य सामान चोरी कर ली है। उन्होंने बताया कि पीड़ित की गाजियाबाद के नवयुग मार्केट में बिजली की दुकान है। उन्होंने बताया कि पीड़ित की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### साप्ताहिक बाजार में प्लास्टिक थैली मिली तो खैर नहीं

**नोएडा।** किसी भी साप्ताहिक बाजार में यदि सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग पाया गया तो उस मार्केट को तत्काल बंद करा दिया जाएगा। यह निर्देश नोएडा प्राधिकरण ने जारी किए हैं। नोएडा प्राधिकरण द्वारा जारी सार्वजनिक नोटिस में कहा गया कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 को देखते हुए तथा प्रदेश के मुख्य सचिव द्वारा जारी आदेश के मद्देनजर नोएडा में इसका कड़ाई से अनुपालन कराया जाएगा। अब किसी भी दुकान, बाजार, प्रतिष्ठान निजी व सरकारी में सिंगल यूज प्लास्टिक के बैग, थर्माकोल तथा प्लास्टिक के गिलास, पानी की बोतल, खाने की प्लेट आदि की बिक्री.खरीद तथा प्रयोग करते पाया गया तो उस पर कड़ी कार्रवाई के साथ जुर्माना भी लगाया जाएगा। इसके तहत सौ ग्राम प्लास्टिक पॉलिथीन या इससे बने उत्पाद पाए जाने पर 1000 रूपये का जुर्माना, 500 ग्राम पाए जाने पर 2000, 1 किलो पाए जाने पर 5000, दो से तीन किलो तक पर 10000 तथा 5 किलोग्राम पाए जाने पर 25000 रूपये का जुर्माना लगाया जाएगा।

### सेक्टर 12 में मोबाइल टावर को लेकर फिर भारी हंगामा

**नोएडा।** सेक्टर 12 की एन ब्लॉक में मोबाइल टावर को लेकर आज फिर भारी हंगामा हुआ। मौके पर सैकड़ों लोग पहुंच गए तथा नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि आज फिर ठेकेदार स्थानीय पुलिस के साथ मजदूर लेकर सेक्टर 12 पहुंच गए तथा जाली आदि लगाने का कार्य करने लगा। इसकी जानकारी मिलते ही मौके पर आसपास के सैकड़ों लोग पहुंच गए। उनके समर्थन में भारतीय जनता पार्टी के भी कई कार्यकर्ता पहुंच गए तथा उन्होंने इसका जमकर विरोध किया। विरोध को देखते हुए ठेकेदार ने काम बंद कर दिया तथा पुलिस वहां से चली गई। इसके बाद सभी लोग धरने पर बैठ गए तथा नोएडा प्राधिकरण एवं ठेकेदार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

# खेलते समय पानी के टब में गिरी मासूम, मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

- घटना के दिन बच्ची का था जन्मदिन, परिजनों का बुरा हाल

ग्रेटर नोएडा में एक 2 साल की बच्ची की बर्थडे के दिन मौत हो गई। बच्ची घर में खेलते समय पानी से भरे टब में गिर गई। जिसमें डूबने से बच्ची की मौत हो गई। बच्ची की मां जब मौके पर आई तो उसने अपनी बेटी को बाल्टी में बेहोशी की हालत में पड़ा देखा।

मां ने तुरंत बेटी को बाहर निकाला। उसके बाद अपने पति को फोन पर सूचना दी। परिवार के लोग बच्ची को लेकर अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने बच्ची को मृत बता दिया। बच्ची की मौत की खबर सुनते ही माता-पिता दोनों बेसुध हो गए। वो दोनों बच्ची के शव को लेकर घर वापस आ गए। घर की सारी खुशियां मातम में बदल गईं। बता दें, ये घटना ग्रेटर नोएडा के बादलपुर के दुजाना गांव की है। बच्ची की मौत 11 मार्च को हुई है। परिवार ने उसी दिन बच्ची का अंतिम संस्कार भी कर दिया था। मरने वाली बच्ची का नाम साक्षी है। बच्ची के पिता चंद्रपाल ने बताया, घर के अंदर बच्ची का बर्थडे मनाने की तैयारियां चल रही थीं। बच्ची का पहला बर्थडे नहीं मना पाए थे इसलिए दूसरा बर्थडे मना रहे थे। घर में सब बहुत खुश थे। मेरी पत्नी घर में साफ सफाई कर रही थी।

वहीं मैं अपनी बेटी का फेवरेट केक लेने गया था। केक लेकर घर वापस आ रहा था तभी पत्नी का फोन आ गया। उसने बताया साक्षी डूब गई है। वो कुछ बोल नहीं रही है। बाद में पता चला हमारी साक्षी की मौत हो गई है। हमें क्या पता था बेटी का साथ बस 2 साल का है। इतनी मन्नतों के बाद घर में बेटी हुई थी वो भी छोड़कर चली गई। बेटी के जाने के बाद से मां का हाल बुरा है। वो यकीन नहीं कर पा रही है कि उसकी बेटी अब इस दुनिया में नहीं है। वो बार-बार यही बोल रही है मैंने अपने हाथों से अपनी बेटी को सुबह तैयार किया था। उसको झूले में बैठाकर मैं काम कर रही थी। पता नहीं कब वो टब के पास पहुंच गई।

# अब तेज धूप में बस का इंतजार होगा खत्म

- राज्यमंत्री ने किया तीन स्टॉप का उद्घाटन, अभी सात और बनेंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद




उद्घाटन के मौके पर राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप।

राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप ने शहर में तीन स्थानों पर बस स्टॉप का शुभारंभ फीता काटकर किया। विधायक निधि से शहर में ऐसे दस बस स्टॉप बनाए गए हैं जिनमें से 3 का उद्घाटन किया गया।

इनमें राजनगर एक्सटेंशन चौराहा, हापुड़ चुंगी और गोविंदपुरम शामिल हैं। इस अवसर पर राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि इन बस स्टॉप के माध्यम से यात्रियों को बहुत सुविधाएं मिल जाती है।

यात्री टिन शेड होने की वजह से गर्मी व बरसात में मौसम की मार से बच जाते हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे दस स्टॉप बनवाए गए हैं, जिनमें से तीन शुरू हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य है कि आम जनता जो धूप एवं गर्मी बारिश में बसों की प्रतीक्षा में खड़ी रहती है, ऐसे में यह बस स्टॉप लाभदायक साबित हो सकें।

## नशा मुक्ति केंद्र में हत्या के आरोप में 3 गिरफ्तार

**नोएडा।** नशा मुक्ति केंद्र में उपचार के नाम पर मरीज को पीट-पीटकर मार डालने के आरोप में थाना सेक्टर 113 पुलिस ने तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि इंद्रजीत नशा मुक्ति केंद्र में उपचार के लिए भर्ती कराया था। केंद्र के प्रबंधक पवन ने उनके भाई सरबजीत को सूचना दी कि उसके भाई की मौत हो गई है। शव से खून बहता देखकर परिजनों ने देखा कि इंद्रजीत के शरीर पर कई जगह चोट के निशान मिली थे।

**सार्वजनिक सूचना**

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती अमृत कौर, श्रीमती वर्षा रानी, श्री रविंदर पाल, और श्रीमती नेहा छाबरा, उक्त सम्पति Residential property bearing no. 36. Land area measuring 1011.11 sq. yds. Sector- 21B, Urban estate, Faridabad Haryana, को श्री महिंदर सिंह को बेच रहे है। उपरोक्त संपत्ति मेरे मुवक्किल एक्सिस फाइनेंस लिमिटेड द्वारा वित्तपोषित व बंधक प्रस्तावित है। उपरोक्त संपत्ति के स्वामित्व सम्बंधित मूल दस्तावेज़ Allotment letter in favour of Mr. T.K Malhotra, Possession letter in favour of Mr. T.K Malhotra, Conveyance deed dated 24.05.1998, in favour of Mr. T.K Malhotra, Sale Deed dated 27.02.2004, executed by Mr. T.K Malhotra in favour of Mr. Arminder Singh Sahni, Re-Allotment letter issued by HUDA from Mr. T.K Malhotra in favour of Mr. Arminder Singh Sahni, Sale Deed dated 23.06.2005 executed by Mr. Arminder Singh Sahni in favour of Mrs. Narvada Gupta, Re-Allotment letter issued by HUDA from Mr. Arminder Singh Sahni in favour of Mrs. Narvada Gupta, Transfer permission in favour of Mrs. Narvada Gupta, Sale Deed dated 12.09.2012 executed by Mrs. Narvada Gupta in favour of M/s H & H Buildcon Pvt. Ltd., Re-Allotment letter issued by HUDA from Mrs. Narvada Gupta in favour of M/s H & H Buildcon Pvt. Ltd., Transfer Permission in favour of M/s H & H Buildcon Pvt. Ltd., Transfer Permission in favour of Mrs. Amrit Kaur, Mrs. Varsha Rani, Ravinder Pal and Neha Chhabra, Transfer Permission in favour of Mr. Arminder Singh Sahni, कहीं खो गए है। इस सन्दर्भ में दिल्ली पुलिस को सूचना दिनांक 13.03.2023 को LR No. 235684/2023 में दर्ज करवाई गई है। यदि मूल दस्तावेज़ किसी भी व्यक्ति के कब्जे में पाया जाता है तो कृपया मूल संपत्ति दस्तावेजों के साथ हमे इसे नोटिस की तारीख से 7 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें। ऐसा न करने पर, उपरोक्त बिक्री विलेख के अनुसार विषय संपत्ति के संबंध में दावा अमान्य माना जाएगा।

राघव तिवारी, अधिवक्ता
830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001
Mob.:+91-8076188328

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि एसजेपी होटल्स एण्ड रिजॉर्ट्स (प्रा.) लि., की परियोजना "MIGSUN WYNN" अथवा "MIGSUN WYNNE", परियोजना "जीएच-1बी(1), ईटीए-II, ग्रेटर नोएडा, उ.प्र." में स्थित है का नाम तथा अन्य मीडिया तथा विज्ञापन प्लेटफॉर्मों पर अब से "MIGSUN TWIINZ" के रूप में बदला जाएगा तथा सभी दस्तावेज, स्थानों, सोशल तथा मीडिया प्लेटफॉर्मों इत्यादि पर "WYNN" अथवा "WYNNE" शब्द तथा स्टाइल के स्थान पर "TWIINZ" नाम एवं स्टाइल का प्रयोग किया जाएगा।

सभी वैध दस्तावेज तथा रजिस्ट्री में जहां भी "WYNN" अथवा "WYNNE" शब्द का उल्लेख है, उसके स्थान पर "TWIINZ" शब्द का प्रयोग किया जाना चाहिए तथा पहले जहां कहीं भी "WYNN" अथवा "WYNNE" शब्द का उल्लेख किया गया था अब से उसे सिर्फ "TWIINZ" के रूप में पढ़ा जाना चाहिए। जनसाधारण से इस विषय पर ध्यान देने का अनुरोध किया जाता है तथा इस परियोजना के संदर्भ में आगे के सभी संचार "MIGSUN TWIINZ" के रूप में किया जाना चाहिए।

कंपनी मैसर्स एसजेपी होटल्स एण्ड रिजॉर्ट्स (प्रा.) लि. के पास इस बदलाव से होने वाले किसी भी दावे के मामले में सभी पहलुओं में अपने प्रतिष्ठान की सुरक्षा एवं संरक्षा करने का सभी अधिकार एवं उपाय सुरक्षित है। कंपनी इस नाम के बदलाव से उत्पन्न किसी भी दावे के लिए जिम्मेदार नहीं होगी।

"MIGSUN TWIINZ"
UPRERAPRJ2769
एसजेपी होटल्स एण्ड रिजॉर्ट (प्रा.) लि.,
जीएच-1बी(1), ईटीए-II,
ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश

### महिला समेत तीन गिरफ्तार, 25 लाख की नशीली गोलियां बरामद

# रेव पार्टियों में सप्लाई करते थे विदेशी ड्रग्स

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



विदेश में बनी महंगी ड्रग्स रेव पार्टियों में सप्लाई करने वाले ड्रग्स पैडलर व सप्लायर को थाना फेस 3 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से नीदरलैंड में बनी एमडीएम, नशीली गोलियां ड्रग्स बरामद की गई हैं। इनकी बाजार में कीमत लगभग 25 लाख रुपये बताई जाती है।

डीसीपी सेंट्रल जोन रामबदन सिंह ने थाना फेस 3 में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि पुलिस ने एचपी पेट्रोल पंप के पास से ड्रग्स सप्लायर पुलकित कपूर पुत्र अमित कुमार कपूर निवासी सी 1208 आम्रपाली जौडेक सेक्टर 120, मूल निवासी अलीगढ़ को मुखबिर की सूचना पकड़ा। पुलकित की निशानदेही पर पुलिस ने अभिषेक चौहान निवासी गली नंबर 1 ग्राम ममूरा तथा पूजा निवासी डी 127 सेक्टर 61 को मकान के बाहर से गिरफ्तार किया।

इनके पास से नीदरलैंड में बनी एमडीएम, नशीली गोलियां ड्रग्स बरामद की गई है। गिरफ्तार की गई पूजा बीटेक है और सेक्टर 82 स्थित एक कंपनी में काम करती है, जबकि पुलकित ड्रग्स सप्लायर है। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि यह लोग सूर्यांश नाम ड्रग्स डीलर से ड्रग्स खदीरते थे और उन्हें रेव पार्टियों में सप्लाई करते थे। डीसीपी ने बताया कि यह लोग कोरियर के माध्यम से नशीले पदार्थ मंगाते थे। इनके पास कोरियर की कुछ स्पिल मिली हैं, जिन पर अफ्गानिस्तान का पता अंकित पाया गया है। ड्रग्स डीलर सूर्यांश व उसका साथी प्रणव फरार है।

गिरफ्तार आरोपियों को नशीली गोलियां उपलब्ध कराता था। नोएडा पुलिस फरार आरोपियों की तलाश कर रही है।

**सार्वजनिक सूचना**

जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री आशा सिंह पुत्र श्री गन्दा सिंह, उक्त संपत्ति Residential House Nagar Nigam No. 111, area measuring 71 Sq. Yds., ie, 59.36 Sq. Mtrs, Situated in Sewa Nagar, Hadbast Village Ghukna, Pargana Loni, Tehsil & District Ghaziabad, Uttar Pradesh, का बिक्री विलेख दिनांक 14.11.2011 पंजीकृत द्वारा प्रपत्र संख्या 10061 के द्वारा मालिक थे। उपरोक्त संपत्ति मेरे मुवक्किल यानि पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा वित्तपोषित व बंधक प्रस्तावित है और स्व० आशा सिंह और स्व० अवतार सिंह के विधिक उत्तराधिकारी श्रीमती रविंद्र कौर, श्री प्रितपाल सिंह और श्रीमती दिलप्रीत कौर को कोई आपत्ति नहीं है अगर श्रीमती अमृता शुक्ल पत्नी श्री नवल किशोर उपरोक्त संपत्ति को बंधक करें। यदि किसी व्यक्ति (ओं) को इस संपत्ति में कोई आपत्ति या दावा हैं, तो हमे इस नोटिस की तारीख से 7 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें। अगर कोई दावा नहीं आया तो यह माना जाएगा की किसी का कोई दावा या हक इस प्रॉपर्टी में नहीं है!

राघव तिवारी, अधिवक्ता
830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001
Mob.:+91-8076188328

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mr. Jagpal is the owner of Built up property bearing No. 286-A, area measuring 20 Sq., Yds., Situated at Village Tehar, New Delhi, vide GPA, ATS & Will dated 30.08.2004. All persons are hereby informed that above mentioned owner want to sell the said property to a person who intends to obtain loan from our client against the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner over the said floor, its sale/mortgage/ litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**PUBLIC NOTICE**

I, have lost the original Allotment and Possession Letter, NOC of Water & Electricity and Back Page of Conveyance Deed, pertaining to property bearing address - DA-78B, LIG Flats, Hari Nagar, New Delhi- 110064,

If found Contact : Sonika Miglani
Phone: 9718820167

**भौतिक कब्जा सूचना**

ICICI Bank

पंजी. कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बान्द्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (ईस्ट), मुंबई-400051
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जे.बी. नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुंबई-400059
शाखा कार्यालय : प्रथम तल, नंबर 159220, सुधा कॉम्प्लेक्स, एटलस रोड, निकट सुभाष चौक, सोनीपत-131001

जबकि,

अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002, के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मांग सूचनाएं जारी की थी, जिसमें नीचे वर्णित कर्जदारों से सूचना में वर्णित राशि का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।

जबकि, कर्जदार राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदारों और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्तियों का कब्जा नीचे दी गई तिथियों को प्राप्त कर लिया है। कर्जदार को विशेष रूप से तथा जन साधारण को एतद्द्वारा सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड की बकाया राशि अदा करने के बाद ही किया जा सकता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार का नाम/ऋण खाता संख्या | सम्पत्ति का विवरण/ कब्जा की तिथि | मांग सूचना की तिथि/मांग सूचना में राशि (रू.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | जोगिन्दर सिंह मलिक (कर्जदार), सीमा रानी (सह-कर्जदार) एलएचएसएनपी00001341764 | एन हाउस/प्लॉट नंबर 420, सेक्टर-65, हुडा फरीदाबाद, हरियाणा एनए फरीदाबाद-121001 चौहद्दी - उत्तर : प्लॉट नंबर 419, दक्षिण : प्लॉट नंबर 421, पूरब : अन्य खाली प्लॉट, पश्चिम : 20 फीट रोड/कब्जा की तिथि : 11-मार्च-2023 | 12-12-2022 रू. 24,81,981/- | सोनीपत-बी |
| 2. | जोगिन्दर सिंह मलिक (कर्जदार), सीमा रानी (सह-कर्जदार) एलएचएसएनपी00001341765 | एन हाउस/प्लॉट नंबर 420, सेक्टर-65, हुडा फरीदाबाद, हरियाणा एनए फरीदाबाद-121001 चौहद्दी - उत्तर : प्लॉट नंबर 419, दक्षिण : प्लॉट नंबर 421, पूरब : अन्य खाली प्लॉट, पश्चिम : 20 फीट रोड/कब्जा की तिथि : 11-मार्च-2023 | 12-12-2022 रू. 95,956/- | सोनीपत-बी |

उपरि-वर्णित कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि वे उक्त राशि का भुगतान 30 दिन के भीतर कर दें अन्यथा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की अवधि समाप्त होने पर, उपरोक्त बंधक रखी सम्पत्तियां, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुसार बेच दी जाएंगी।

तिथि : 14 मार्च, 2023
स्थान : फरीदाबाद
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड

# पड़ोसी ने बुजुर्ग की काटी उंगली

**पायनियर समचार सेवा।** गाजियाबाद

- बच्चों को घर के आगे शोर मचाने से रोकना पड़ा भारी

खोड़ा थाना क्षेत्र के हिमालय एंक्लेव में घर के बाहर बच्चे के शोर मचाने का विरोध करना बुजुर्ग को भारी पड़ गया। गुस्साए पड़ोसी ने दंत से बुजुर्ग की अंगुली काटकर अलग कर दी।

खोड़ा के हिमालय एंक्लेव में सुशील गुप्ता परिवार के साथ रहते हैं। उन्होंने बताया कि पड़ोसी हरेराम के बच्चे उनके घर के बाहर शोर मचाते हुए नाले में ईंट पत्थर फेंक रहे थे। उनके पिता जोगेश्वर गुप्ता ने बच्चों को डांट कर वहां से जाने के लिए कहा। इसके बाद बच्चों ने घर जाकर अपने पिता को इसकी जानकारी दी। इतना सुनने के बाद वह आग बाबूला हो गया। पीड़ित ने आरोप लगाते हुए कहा कि हरेराम उनके घर के बाहर आया और बोला कि मैं तुम्हारी आंखे नोच लूंगा। इस पर दोनों के बीच कहासुनी और हाथापाई हो गई।

## रकम दोगुनी करने का झांसा देकर महिला से ठगी

**नोएडा।** सेक्टर 39 क्षेत्र में ठग ने पीड़िता का रिश्तेदार बन पैसा डबल करने का झांसा देकर ठगी को अंजाम दिया है। पुलिस को शिकायत देते हुए नीलम देवी ने बताया कि वह नोएडा के हाजीपुर सेक्टर 104 में परिवार के साथ रहती है।

उनके नंबर पर किसी व्यक्ति का कॉल आया उसने खुद को नीलम की दोस्त गुड़िया का पति बताया, जिसके बाद झांसे में लेने के लिए ठग ने नीलिमा को कहा कि वह कुछ रुपए उसके खाते में डाल दे। जैसे ही वह पैसे डालेगी तो ठग नीलिमा के खाते में दुगने पैसे भेज देगा। इसके बाद नीलिमा उसके झांसे में आ गई और उसने एक.एक करके दो बार में 40 हजार रुपए दिए गए।

# सिटी फॉरेस्ट के निर्माण को लेकर बढ़ा तनाव

- बढ़ते विवाद को लेकर नगर निगम ने मांगी रिपोर्ट

**पायनियर समचार सेवा।** गाजियाबाद



सिटी फॉरेस्ट के निर्माण के दौरान शामिल की गई किसान की प्राइवेट जमीन को लेकर विवाद बढ़ गया है।

शासन ने नगर निगम से रिपोर्ट मांगी है कि जब सिटी फ रॅस्ट विकसित किया जा रहा था तब किसान से उसकी जमीन को इसमें शामिल करने के लिए सहमति ली गई थी या नहीं, अब नगर निगम को इसका जवाब भेजना है। बता दें कि वर्ष 2012 में सिटी फॉरेस्ट को नगर निगम की जमीन पर विकसित किया गया था। उस समय जीडीए के तत्कालीन वीसी संतोष कुमार यादव की कोशिश से यह सिटी फॉरेस्ट विकसित किया गया था। इस सिटी फ रॅस्ट के बीच में करीब 14 बीघा जमीन प्राइवेट भी शामिल है जिसे लेकर अब विवाद और बढ़ गया है। इस मामले में कोर्ट हाईकोर्ट में चल रहा है। किसान ने इस प्रकरण में नगर निगम, और यूपी सरकार को भी पार्टी बनाया हुआ है। अब इस प्रकरण को लेकर परेशानी यह है कि किसान कब्जा किए जाने के दिन से लेकर अब तक अपनी फसल का मुआवजा भी नगर निगम से मांग कर रहा है जो कई करोड़ रुपये में है।

इसी को लेकर अब नगर निगम प्रशासन की टेंशन बढ़ रही है। सिटी फ रॅस्ट में प्राइवेट जमीन को लेकर पैदा हुए विवाद के बाद गत दिनों प्रदेश के नगर विकास विभाग के विशेष सचिव ने भी सिटी फॉरेस्ट का दौरा किया था। उन्होंने जीडीए और निगम के अधिकारियों के साथ बैठक भी की थी। अब यह मामला हाईकोर्ट में विचाराधीन है जिसे लेकर अब शासन ने निगम को पत्र लिखा है।

# नोएडा अथॉरिटी पर किसानों और पुलिस में झड़प

- मुख्य दरवाजे को तोड़ने का प्रयास, दोनों पक्षों में हुई जमकर नोकझोंक

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा।



धरने पर बैठी महिला किसान।

नोएडा प्राधिकरण पर एक बार फिर किसानों ने हल्ला बोल दिया है। हजारों की संख्या में किसान नोएडा प्राधिकरण पहुंचे हैं। जिनको रोकने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद है। प्राधिकरण के गेट पर तीखी नोकझोंक हो रही है।

पुलिस और किसान आमने-सामने हो गए हैं। किसानों ने नोएडा प्राधिकरण के मुख्य दरवाजे को तोड़ने का प्रयास किया। मौके पर स्थिति इस समय काफी नाजुक बनी हुई है प्राधिकरण के अंदर सभी अधिकारी बैठे हुए हैं। ऐसे में पुलिस की जिम्मेदारी है कि उनकी सुरक्षा करें। इसी बीच अफसरों की सुरक्षा में तैनात किसानों और पुलिसकर्मियों के बीच तीखी नोकझोंक हो रही है।


दरअसल, नोएडा के किसान अपनी विभिन्न मांगों को लेकर काफी समय से प्राधिकरण के दफ्तर पर प्रदर्शन कर रहे थे। किसानों को उच्च अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं को बहुत ही जल्द खत्म किया जाएगा। अधिकारियों ने आश्वासन दिया था कि किसानों की समस्याओं को उत्तर प्रदेश शासन के सामने पेश किया गयाए जिसके बाद समाधान करने के आदेश मिल गए हैं। सुखबीर खलीफा का कहना है कि नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने किसानों से झूठ बोला है। हमारी एक भी समस्या का समाधान नहीं हुआ है। हमारी तरफ कोई भी ध्यान नहीं देने वाला है। जिसकी वजह से हम नोएडा प्राधिकरण के खिलाफ हंगामा करने के लिए मजबूर हैं। सुखबीर खलीफा ने बताया कि किसान अपनी मांगों को लेकर काफी सालों से लड़ाई लड़ रहे हैं। ऐसे में इंसाफकी रोशनी कहीं भी दिखाई नहीं दे रही है। जिसकी वजह से सोमवार को भारी संख्या में किसान इकट्ठा हुए और नोएडा प्राधिकरण पर पहुंचे। इस समय नोएडा प्राधिकरण के गेट पर भारी संख्या में किसान मौजूद हैं। मौके पर तीखी नोकझोंक हो रही है। किसानों का कहना है कि अगर उनकी समस्याओं पर किसी ने ध्यान नहीं दिया तो यह प्रदर्शन और भी ज्यादा उग्र हो जाएगा।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# आतिशी ने बिजली सब्सिडी जारी रखने का किया ऐलान, एलजी का पलटवार

## बिजली सब्सिडी को लेकर सरकार और उपराज्यपाल में बढ़ी तकरार



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

बिजली सब्सिडी पर उपराज्यपाल और दिल्ली सरकार फिर आमने-सामने हैं। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के सवालों को नजरअंदाज करते हुए ऊर्जा मंत्री आतिशी मार्लेना ने सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में सभी उपभोक्ताओं को बिजली सब्सिडी जारी रखने का ऐलान कर दिया।

उन्होंने आरोप लगाया कि एलजी ने गलत कानूनी सलाह के आधार पर दिल्ली सरकार की बिजली सब्सिडी योजना को वापस लेने के लिए दबाव डाला था। इस पर पटलवार करते हुए उपराज्यपाल ने कहा कि गरीब लोगों के नाम पर निजी बिजली कंपनी विशेष रूप से अनिल अंबानी के स्वामित्व वाले बीएसईएस को लाभ पहुंचाने और अनुचित वित्तीय लाभ प्रदान करने के कार्य में रंगे हाथों पकड़े जाने के बाद, आप सरकार बेबुनियाद, झूठे और भ्रामक आरोप लगा रहे हैं। उपराज्यपाल कार्यालय ने कहा कि अब जब डिस्काम को रिश्वत दिलाने में मदद करने का उनका घोटाला उजागर हो गया है, तो सरकार लोगों की नजरों में खुद को पाक साफ दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। गत दिनों बिजली उपभोक्ताओं को सब्सिडी देने के मामले में दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग की सलाह नहीं मानने पर एलजी ने इसे गंभीरता से लिया था और केजरीवाल सरकार से इस पर 15 दिनों के अंदर उचित निर्णय लेने को कहा है।

राजनिवास से स्पष्ट किया कि उपराज्यपाल ने अपने किसी भी पत्र में यह सुझाव नहीं दिया है कि आप सरकार से सब्सिडी वापस लेने को कहा गया है। उन्होंने कई स्पष्ट किया कि सब्सिडी निजी बिजली कंपनियों को देने के बजाय गरीबों को दी जाए जो पात्र हैं। उन्होंने सरकार को सुझाव दिया कि लोगों को गुमराह न करे।

ऊर्जा मंत्री आतिशी मार्लेना ने सोमवार को स्पष्ट किया कि केजरीवाल सरकार की राज्य के किसी भी उपभोक्ता के लिए बिजली सब्सिडी बंद करने की कोई योजना नहीं है। केजरीवाल सरकार की बिजली सब्सिडी में कोई बदलाव नहीं होने जा रहा है।

एलजी कार्यालय जानबूझकर इसके बारे में गलत सूचनाएं फैला रहा है। सरकार की ओर से यह स्पष्टीकरण एलजी कार्यालय द्वारा बिजली सब्सिडी नीति में बदलाव की सिफारिश संबंधी जारी नोट के बाद आया है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री दिल्ली में बिजली सब्सिडी बंद करना चाहते हैं और पीएमओ के दबाव में एलजी ने यह बयान जारी किया। जबकि महंगाई के इस दौर में बिजली सब्सिडी ने दिल्ली की आम जनता को बड़ी राहत दी है।

दिल्ली का गरीब और मध्यम वर्ग इस राहत के लिए केजरीवाल सरकार का आभारी है। दिल्ली में बिजली सब्सिडी जारी रहेगी।

### डीईआरसी केजरीवाल चार मामलों में सरकार दे सकता है सलाह

आतिशी के अनुसार अपने विस्तृत आदेश में डीईआरसी ने बताया कि दिल्ली विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 86 (2) के अनुसार, आयोग केवल चार परिभाषित मामलों पर सरकार को सलाह दे सकता है। इन मामलों में पहला बिजली उद्योग की गतिविधियों में प्रतिस्पर्धा, दक्षता और मितव्ययिता को बढ़ावा देना।

दूसरा बिजली उद्योग में निवेश को बढ़ावा देना। तीसरा राज्य में बिजली उद्योग का पुनर्गठन और चौथा बिजली के उत्पादन, वितरण और व्यापार से संबंधित मामले या उस सरकार द्वारा राज्य आयोग को संदर्भित कोई अन्य मामला शामिल है। पावर सब्सिडी का मुद्दा अधिनियम की धारा 86 (2) के तहत किन्हीं चार विशिष्ट क्षेत्रों में नहीं आता है। इसके बजाय अधिनियम की धारा 65 के तहत आता है, जो कि राज्य सरकार का क्षेत्र है। इस प्रकार आयोग ने निष्कर्ष निकाला कि सब्सिडी के संबंध में इसकी पूर्व सलाह कानूनी रूप से गलत थी और अधिकार क्षेत्र से बाहर थी।

इसके संबंध में कैबिनेट मंत्री आतिशी ने कहा कि डीईआरसी के पास बिजली सब्सिडी की देखरेख करने का कोई अधिकार क्षेत्र नहीं है। इस मामले पर उसकी सलाह गलत है। इस गलती को महसूस करते हुए डीईआरसी ने स्वयं स्पष्ट किया कि उनकी पिछली वैधानिक सलाह आज की तारीख में शून्य है।

# एनआईए को सौंपी जा सकती है जासूसी कांड की जांच

- कांग्रेस की मांग पर एलजी ने मुख्य सचिव से मांगी रिपोर्ट, बढ़ सकती हैं केजरीवाल-सिसोदिया की मुश्किलें



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी और दिल्ली सरकार पिछले कुछ समय से सवालों के घेरे में है। पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को कथित शराब घोटाले के चलते जब से सीबीआई ने गिरफ्तार किया है तब से कांग्रेस और भाजपा आम आदमी पार्टी पर और हमलावर हो गई हैं। अब सीएम केजरीवाल और सिसोदिया की मुश्किलें कथित जासूसी कांड को लेकर भी बढ़ सकती हैं। मामले की जांच एनआईए को सौंपी जा सकती है।

कांग्रेस के पूर्व सांसद संदीप दीक्षित और दिल्ली सरकार के दो पूर्व मंत्री मंगत राम सिंघल और प्रोफेसर किरण वालिया ने उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से गैरकानूनी गतिविधि निरोधक अधिनियम (यूएपीए) के तहत राष्ट्रीय जांच एजेंसी से जांच कराने की मांग की है। एलजी की संस्तुति पर उपराज्यपाल सचिवालय ने कांग्रेस के इस अनुरोध को आगे की कार्रवाई के लिए मुख्य सचिव को भेज दिया है।

राजनिवास अधिकारियों ने बताया कि संदीप दीक्षित और दोनों पूर्व मंत्रियों ने 28 फरवरी को उपराज्यपाल को लिखे पत्र में कहा है कि फीडबैक इकाई मामले में पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा चलाने की मंजूरी देना पर्याप्त नहीं है। उन्होंने कहा कि यह मामला साफ तौर पर राजद्रोह का है क्योंकि इसमें मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और मंत्रिमंडल की जानकारी में लोगों, संस्थानों, जिनमें केंद्र सरकार के संस्थान शामिल हैं उनकी जासूसी कराई गई। कांग्रेस नेताओं ने एलजी सक्सेना को लिखे पत्र में कहा कि बातचीत सुनने, खुफिया जानकारी व सूचना प्राप्त करने की क्षमता हासिल करना और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र जिनमें भारत सरकार, रक्षा प्रतिष्ठान और केंद्र सरकार की खुफिया एजेंसियां के लोगों की जासूसी करना स्पष्ट रूप से राजद्रोह का मामला है। पत्र में तीनों नेताओं ने लिखा, वे वकील नहीं हैं, लेकिन उनका मानना है कि गैरकानूनी गतिविधि निरोधक अधिनियम (यूएपीए) या इसी तरह की धारा लागू की जानी चाहिए और सीबीआइ और एनआइए को एलजी द्वारा निर्देश दिया जाना चाहिए कि राजद्रोह और देश विरोधी गतिविधि के कानूनों के तहत मामले की जांच करें क्योंकि अपराध करने का सबूत पहले ही सामने है।

### यह है फीडबैक यूनिट

अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता वाली कैबिनेट की मंजूरी से इस फीडबैक यूनिट का गठन सितंबर 2015 में किया गया था। यूनिट को सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय को रिपोर्ट करने के आदेश थे। तर्क दिया गया था कि सरकारी योजनाओं की मानिटरिंग और भ्रष्टाचार फैलाने वाले अधिकारियों को पकड़ने के लिए यह यूनिट बनाई गई थी।

### सीएम ने ऑस्कर जीतने वाली टीमों को दी बधाई

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने वृत्तचित्र द एलिफेंट व्हिस्परर्स और फिल्म आरआरआर के ऑस्कर जीतने पर सोमवार को बधाई देते हुए कहा कि यह हर भारतीय के लिए गर्व का पल है।

तेलुगु गीत नाटु नाटु ने सर्वश्रेष्ठ मूल गीत की श्रेणी में ऑस्कर जीत कर इतिहास रच दिया है। तेलुगु गीत नाटु नाटु के संगीतकार एम. एम. कीरावानी हैं और गीतकार चंद्रबोस ने इसके बोल लिखे हैं। इसे आवाज काल भैरव और राहुल सिप्लीगुंज ने दी है। नाटु नाटु का मतलब होता है नाचना। केजरीवाल ने ट्वीट किया, यह पूरे देश के लिए यह गर्व का पल है। अपने शानदार गाने के लिए ऑस्कर अवॉर्ड जीतने पर फिल्म आरआरआर की पूरी टीम को बधाई।

# भाजपा का राजघाट पर मौन व्रत

- मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मांगा इस्तीफा




राजघाट पर भाजपा नेता। फोटो: रंजन डिमरी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

शराब घोटाले के मामले में आम आदमी पार्टी के खिलाफ विपक्ष लगातार हल्ला बोल रहा है। इस सिलसिले में भाजपा नेता सोमवार को राजघाट पहुंचे और मौन व्रत रखा।

प्रदेश भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के नेतृत्व में सांसद डॉ. हर्षवर्धन, रमेश बिधूड़ी, नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी और विधायक ओम प्रकाश शर्मा समेत पार्टी के अन्य कार्यकर्ताओं ने राजघाट पर प्रदर्शन के दौरान केजरीवाल सरकार को सदबुद्धि देने को लेकर प्रार्थना भी की। इसके साथ ही शराब घोटाले में सीएम के इस्तीफे की मांग की और वहां लगे एलईडी स्क्रीन पर एक फिल्म भी चलाई गयी जिसके द्वारा आम आदमी पार्टी की सरकार के झूठ एवं वादा खिलाफी के कई मुद्दों को उजागर किया गया।

वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि यह बेहद ही अफसोस की बात है कि केजरीवाल या उनके कोई भी नेता राजघाट पर अपनी गलतियों को स्वीकारने की जगह अपने किए कर्मों पर पर्दा डालने का प्रयास करते हैं।

### भाजपा का मौन व्रत आडंबर है : कांग्रेस

नई दिल्ली। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने कहा कि भाजपा द्वारा राजघाट पर मौन व्रत करना कोई नई प्रक्रिया नहीं है, इससे पहले जब सीएम केजरीवाल के देखरेख में नई शराब नीति लागू हुई थी उस वक्त भी भाजपा ने आम आदमी पार्टी द्वारा दिल्ली को नशे की राजधानी बनाने की कार्यवाही पर मौन समर्थन दिया था।

# विधायकों के वेतन में 66 फीसदी की बढ़ोतरी

- राष्ट्रपति ने सरकार के प्रस्ताव को दी मंजूरी



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के विधायकों के वेतन और भत्तों में 66 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि करने के सरकार के प्रस्ताव को राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई है।

दिल्ली सरकार की अधिसूचना के अनुसार, दिल्ली के एक विधायक को अब मासिक वेतन के रूप में 90,000 रुपए मिलेंगे, जबकि पहले एक विधायक को 54,000 रुपए मासिक वेतन मिलता था। विधायकों का मूल मासिक वेतन 12,000 रुपए से बढ़ाकर 30,000 रुपए कर दिया गया है। उनका निर्वाचन क्षेत्र भत्ता 18,000 रुपये से बढ़ाकर 25,000 रुपये कर दिया गया है, जबकि वाहन भत्ता 6,000 रुपये से बढ़ाकर 10,000 रुपये कर दिया गया है।

इसके अलावा विधायकों का टेलीफोन भत्ता 8,000 रुपये से बढ़ाकर 10,000 रुपये कर दिया गया है, जबकि सचिवालय भत्ता 10,000 रुपये से बढ़ाकर 15,000 रुपये कर दिया गया है। सरकार में मंत्रियों, विधानसभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष, मुख्य सचेतक के अलावा विपक्ष के नेता का कुल वेतन 72,000 रुपये से बढ़ाकर 1.70 लाख रुपए प्रति माह कर दिया गया है। इनका मासिक मूल वेतन मौजूदा 20,000 रुपये से बढ़ाकर 60,000 रुपये कर दिया गया है।

वहीं, इनका निर्वाचन क्षेत्र भत्ता 18,000 रुपये से बढ़ाकर 30,000 रुपये, अतिथि सत्कार भत्ता 4,000 रुपये से बढ़ाकर 10,000 रुपये और दैनिक भत्ता 1,000 रुपये से बढ़ाकर 1,500 रुपये कर दिया गया है। इन्हें 25,000 रुपये की सचिवालय सहायता भी मिलेगी।

# कार मैकेनिक की हत्या में चार नाबालिगों समेत सात पकड़े

- अमन विहार में शनिवार को मार दी गई थी गोली

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

अमन विहार में एक व्यक्ति की हत्या के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार और चार किशोरों को पकड़ा गया।

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान निहाल (18), प्रेम नगर निवासी आकाश (20) और विकास (23) के रूप में हुई है। पुलिस को शनिवार को सूचना मिली कि अमन विहार इलाके में एक शख्स को गोली मार दी गई है।बेगमपुर के राजीव नगर निवासी योगेश को गोली लगी जिसके बाद उसे इलाज के लिए अग्रसेन अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कार मैकेनिक योगेश प्रेम नगर निवासी अपने दोस्त और प्रॉपर्टी डीलर सागर से मिलने आया था, उसी दौरान गोलीबारी की घटना हुई। सीसीटीवी फुटेज की मदद से तीनों आरोपियों की पहचान की और उन्हें गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार लोगों द्वारा दी गई सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए चारों किशोरों को पकड़ा गया।

# गिरफ्तारी के विरोध में आप का हस्ताक्षर अभियान



**नई दिल्ली।** पूर्व मंत्री मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन की गिरफ्तारी के विरोध में आम आदमी पार्टी ने सोमवार से घर-घर हस्ताक्षर अभियान शुरू किया है। इस मुहिम के जरिए सत्ताधारी पार्टी हर घर जाकर दोनों की गिरफ्तारी का सच बताया कि आप को रोकने के लिए प्रधानमंत्री ने साजिश रचा है। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने कहा कि इस अभियान के जरिए शिक्षा-स्वास्थ्य के अच्छे कामों को रोकने की साजिश का पर्दाफाश किया है। केंद्रीय एजेंसियां भ्रष्टाचार के खिलाफ नहीं बल्कि बदले की भावना से कार्रवाई कर रही हैं। इसलिए आप को हस्ताक्षर अभियान चलाने की जरूरत पड़ी है।

गोपाल राय ने दावा किया कि मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन को केंद्रीय जांच एजेंसियों ने फर्जी मामले में गिरफ्तार किया है लेकिन भाजपा विधायक को रंगे हाथ कैश बरामद होने पर भी छोड़ दिया।

उन्होंने कहा कि मंत्रियों की गिरफ्तारी से सबसे ज्यादा स्कूल-अस्पताल प्रभावित हुए हैं। इसलिए दिल्ली वाले प्रधानमंत्री के नाम चिट्ठी लिख रहे हैं।

चिट्ठी में लोगों की अपील है कि केंद्र सरकार भी अच्छे काम करे और दिल्ली सरकार को भी लोगों के लिए अच्छे काम करने दे।

# कुत्तों के हमले में दो बच्चों की मौत मामले में एमसीडी आयुक्त तलब

- राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने मांगी कार्रवाई रिपोर्ट

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के आयुक्त ज्ञानेश भारती को तलब किया है और दक्षिण पश्चिम दिल्ली के वसंत कुंज इलाके में आवारा कुत्तों के कथित हमले में दो भाइयों की मौत पर कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी है।

मीडिया की खबरों के अनुसार, दो दिनों में अलग-अलग घटनाओं में रूचि विहार के वनक्षेत्र में सात और पांच साल की आयु के दो बच्चों की आवारा कुत्तों के हमले में मौत हो गई। पुलिस ने कहा है कि उसने कुत्तों के खतरे को रोकने के वास्ते उचित उपाय करने के लिए एमसीडी को एक पत्र लिखा है।

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने भारती को लिखे एक पत्र में कहा है कि वह घटना की कार्रवाई की रिपोर्ट के साथ शुक्रवार को आयोग के सामने आपके स्वयं उपस्थित होने के लिए आपके कार्यालय को समन जारी करना उचित समझता है।

# रंगपुरी-रजोकरी के बीच 90 दिन बंद रहेगा एक्सप्रेसवे

- दिल्ली से जयुपर जाने वालों को पुलिस ने मार्ग परिवर्तन के लिए जारी किया परामर्श



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पुलिस ने रंगपुरी और रजोकरी के बीच दिल्ली-जयपुर राजमार्ग (एनएच-48) के एक हिस्से को 90 दिन के लिए बंद करने के संबंध में सोमवार को मार्ग परिवर्तन के लिए यातायात परामर्श जारी किया। दिल्ली पुलिस के परामर्श के मुताबिक, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण भारतमाला परियोजना के तहत द्वारका लिंक रोड से शिव मूर्ति के पास राष्ट्रीय राजमार्ग -48 पर द्वारका एक्सप्रेसवे का निर्माण कर रहा है। यह राजमार्ग दिल्ली को गुरुग्राम से जोड़ता है।

परामर्श में कहा गया है कि शिव मूर्ति चौराहे के पास यातायात को मुख्य राजमार्ग से नवनिर्मित स्लिप रोड की ओर मोड़ा जाएगा। इसमें कहा गया है कि मुख्य सड़क का एक हिस्सा बंद होने से अन्य सड़कों पर यातायात अधिक हो सकता है और आम जनता को परेशानी हो सकती है।

परामर्श में कहा गया है कि दिल्ली हवाई अड्डा, अंतरराज्जीय बस टर्मिनल या रेलवे स्टेशनों की ओर जाने वाले यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे समय लेकर यात्रा करें।

### चिराग दिल्ली फ्लाईओवर बंद, कई जगह लगा जाम

नई दिल्ली। आउटर रिंग रोड पर बने चिराग दिल्ली फ्लाईओवर को मरम्मत के लिए आंशिक रूप से बंद किए जाने के कारण सोमवार को सुबह दक्षिण दिल्ली के कुछ हिस्सों में सड़कों पर जाम की स्थिति बन गई। दिल्ली पुलिस ने कहा कि चिराग दिल्ली में सुबह 8 बजे से 10.30 बजे के बीच भारी यातायात होने के संबंध में उन्हें उनकी हेल्पलाइन पर कई कॉल मिलीं। एक ट्विटर उपयोगकर्ता ने कहा कि खानपुर और चिराग दिल्ली के बीच करीब तीन घंटे तक ट्रैफिक जाम रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक ने कार्य प्रगति की समीक्षा की




आशुतोष गंगल

**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक आशुतोष गंगल ने सोमवार को विभागाध्यक्षों और मंडल रेल प्रबंधकों के साथ कार्य प्रगति की समीक्षा की। बैठक में गंगल ने कहा कि रेलवे संरक्षा को बहुत महत्व देता है, इसके लिए रेल लाइनों, चल स्टॉक, सिग्नल एवं बिजली की ओवर हैड तारों के रखरखाव पर अधिक ध्यान दिया जाना चाहिए। उत्तर रेलवे ने 2 से 8 मार्च तक 1228 क्रेक रेलगाड़ियों का परिचालन किया। महाप्रबंधक ने मंडल रेल प्रबंधकों के साथ बातचीत के दौरान निर्देश दिए कि मालभाड़ा संचलन में अधिकतम आउटपुट हासिल करने के लिए और अधिक रेलगाड़ियां चलाई जानी चाहिए। क्रेक रेलगाड़ियां डेडिकेटिड क्रेक मार्गो पर बिना क्रू बदले चलाई जाती हैं। अप्रभावी वैगनों को स्टॉडक से हटाया जाना चाहिए।

### शास्त्रीय गायक पं. दीपक चटर्जी का निधन

**नई दिल्ली।** जानेमाने शास्त्रीय गायक पं. दीपक चटर्जी रसिकरंग का सोमवार सुबह निधन हो गया। यह जानकारी उनके परिवार के सदस्यों ने दी। दिल्ली विश्वविद्याल के संगीत संकाय से वरिष्ठ रीडर के पद से सेवानिवृत्त पंडित चटर्जी कई संगीत संस्थानों से भी जुड़े थे। पं. दीपक चटर्जी 87 वर्ष के थे। उनके परिवार में उनकी पत्नी रीता चटर्जी, पुत्र और पुत्री हैं। पं. चटर्जी की पुत्री विदिशा ने बताया कि उनके पिता पं. चटर्जी ने सोमवार तड़के सांस लेने में दिक्कत होने पर उन्हें एक अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि चटर्जी का अंतिम संस्कार मंगलवार अपराह्न 1.30 बजे नोएडा के सेक्टर 94 स्थित अंतिम निवास श्मशान गृह में किया जाएगा।

### जंतर-मंतर पर पंजाब के किसानों का प्रदर्शन



**नई दिल्ली।** बड़ी संख्या में पंजाब के किसान सोमवार को केंद्र के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने और पानी के समान वितरण तथा न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) योजना को लागू करने सहित अपनी मांगों पर दबाव बनाने के लिए जंतर-मंतर पर इकट्ठा हुए। पंजाब के पांच किसान संघों ने पुलिस की भारी मौजूदगी के बीच विरोध प्रदर्शन किया। किसानों के एक प्रतिनिधिमंडल ने संबंधित अधिकारियों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को संबोधित एक ज्ञापन भी सौंपा। अपने ज्ञापन में, किसानों ने प्रधानमंत्री मोदी से कृषि गतिविधियों के लिए पानी का उचित वितरण सुनिश्चित करने और केंद्र द्वारा किए गए वादे के अनुसार फसलों के वास्ते न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी)योजना को जल्द से जल्द लागू करने का आग्रह किया।

# जी-20 शिखर सम्मेलन : लाल-नीले रंग से रंगे जाएंगे पुलिस थाने

## संसद मार्ग, नॉर्थ एवेन्यू, चाणक्यपुरी, कनॉट प्लेस समेत 50 थानों का होगा सौंदर्यीकरण




पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में सितंबर में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर संसद मार्ग, नॉर्थ एवेन्यू, चाणक्यपुरी, कनॉट प्लेस, कालकाजी और अमन विहार समेत 50 पुलिस थानों की, दिल्ली पुलिस की आधिकारिक लाल-नीले रंग योजना के तहत साज-सज्जा की जाएगी।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि थानों की इमारतों के मानकीकरण के संबंध में एक प्रस्ताव पिछले महीने केंद्रीय गृह मंत्रालय (एम एच ए) को भेजा गया था। इस प्रस्ताव के अनुसार पुलिस थानों की मौजूदा इमारतों को, बाहरी सतह के लगभग 10-15 प्रतिशत हिस्से पर लाल और नीले रंग के कलेवर के साथ एक समान रूप दिया जाएगा।

दिल्ली में पुलिस थानों की संरचना और डिजाइन एक समान नहीं है। इनका निर्माण विभिन्न सामग्रियों से किया गया है। जहां कुछ इमारतों का बाहरी हिस्सा कोटा के पत्थर और कांच से बना है, वहीं कुछ अन्य थानों की इमारतों को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया गया है। पुलिस अधिकारी ने कहा, हमने यह प्रस्ताव गृह मंत्रालय को भेज दिया है और उनकी मंजूरी का इंतजार है, जिसके बाद इस संबंध में काम शुरू किया जाएगा।

### भिखारियों को हटाने और पुनर्वास का काम तेज

*राजधानी में जी-20 समिट की तैयारियों के क्रम में दिल्ली सरकार फ्लाईओवर के नीचे और फुटपाथ भिखारियों के पुनर्वास का काम तेज कर दिया है। अभी तक तीन स्थानों हनुमान मंदिर, यमुना बाजार, यमुना पुश्ता (आईएसबीटी के पास) पर भिक्षा-मुक्त क्षेत्र बनाने के लिए कई उपाय किए हैं। इस संबंध में 16, 18 और 22 जनवरी को तीन विशेष बचाव अभियान चलाया गया था। बोर्ड ने उनके पुनर्वास के लिए अभियान भी शुरू कर दिया है।*

### जल जमाव से निबटने को विशेष प्रयास

**जी-20 सम्मेलन के दौरान जल जमाव की समस्या से निबटने के लिए तैयारियां की जा रही हैं। ताकि विदेशी प्रतिनधियों को इससे जुड़ी किसी भी तरह की समस्या का सामना न करना पड़े। इसके लिए पीडब्ल्यूडी करीब 450 करोड़ रुपए की लागत से सड़कों, फुटपाथों, स्ट्रीट लाइटों, फ्लाइओवरों, फुटओवर ब्रिजों को ठीक करने में लगी हुई है। करीब 250 करोड़ से एमसीडी समेत कई अन्य सरकारी एजेंसियां भी तैयारियों में जुटी हुई हैं।**

### पुलिस की 500 नई गाड़ियां करेंगी एस्कार्ट

विदेशी गाडियों को एस्कार्ट करने के लिए पुलिस 500 गाड़ियों को खरीदने की तैयारी में जुट गई है। इसके लिए दिल्ली पुलिस 500 नई बोलेरो, अर्टिगा और स्कार्पियो खरीदेगी। उम्मीद है कि मार्च अंत तक नई गाडियां दिल्ली पुलिस के बेड़े में शामिल हो जाएंगी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बोलेरो और अर्टिगा गाड़ियां खरीदने के लिए हरी झंडी मिल गई है, जबकि स्कार्पियो के लिए अभी बात चल रही है। इन गाडियों को जी-20 में शामिल होने आ रहे विदेशी अतिथियों की गाडियों के काफिले के पायलट और एस्कार्ट के लिए लगाया जाएगा।

# लचर व्यवस्था सुधारने के लिए राजनीति में आने का लिया निर्णय : डा. विजय सिंह चौहान

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

## बोले, भटकता रहता है आम आदमी, नहीं होती कोई सुनवाई

## मूलभूत सुविधाओं के लिए तरसती रहती है जनता

## मानेसर नगर निगम के पंचायती मेयर प्रत्याशी डा. विजय सिंह चौहान से विशेष बातचीत

**अभी** नगर निगम चुनावों का बिगुल नहीं बजा है, लेकिन चुनावों की सुगबुगाहट तेज है। इस बार मेयर का सीधा चुनाव होगा। यानी पहले की योजनाओं में जहां पार्षदों में से ही मेयर का चुनाव होता था, इस बार विधायक, सांसद के चुनाव की तरह ही मतदाता मेयर का चुनाव करेंगे। इस लिहाज से यह दायरा बड़ा हो गया है।

वार्ड बंदी जैसी तमाम प्रक्रियाओं के बीच सभी राजनीतिक दल निगम चुनावों की तैयारी में जुटे हैं। निर्दलीय रूप से चुनाव लड़ने के इच्छुक लोग भी अपनी तैयारियों में लगे हैं। चुनाव से पहले जनता के बीच जाकर अपना एजेंडा वे रख रहे हैं। हर कोई अपने-अपने हिसाब से जनता के दिलों में जगह बनाने के लिए प्रयासरत है। कोई राजनीतिक दल के झंडे तले चुनाव में सफलता पाना चाहता है तो कोई आम आदमी के सहयोग से राजनीतिक क्षेत्र में सफलता पाकर जनसेवा के लिए अवसर तलाश रहा है। पंचायती उम्मीदवार के तौर पर शिक्षाविद्, प्रसिद्ध समाजसेवी नंबरदार डा. विजय सिंह चौहान से जानते हैं उनका चुनावी एजेंडा-

**सवाल: एक शिक्षाविद् का राजनीति में आने का कोई खास कारण।**

***जवाब:*** *राजनीति में हर कोई आ सकता है। सभी के लिए दरवाजे खुले हैं। शिक्षित लोगों को तो राजनीति में आना ही चाहिए। दुखी होती जनता को देखकर मैंनें राजनीति में आने का मन बनाया। किसी प्रतिनिधि को जनता 5 साल के लिए चुनती है, लेकिन इस समय में जनप्रतिनिधि अगर जनता की उम्मीदों पर खरे नहीं उतरते हैं तो यह जनता से सीधे धोखा है। मैं इस प्रथा को बदलने के लिए राजनीति में आया हूं।*

**सवाल: शिक्षाविद् को राजनीति में आने की क्या जरूरत हुई।**

***जवाब:*** *मैंने आम आदमी की समस्याओं को करीब से देखा है। अक्सर लोग बिजली, पानी, सीवरेज, सड़कों जैसी मूलभूत सुविधाओं को लेकर तरसते रहते हैं। चाहे कितने भी विरोध प्रदर्शन कर लें, उनकी कोई सुनवाई नहीं होती। अफसरशाही हावी रहती है। कागजों में काम होते हैं, लेकिन धरातल पर कुछ नजर नहीं आते। चाहे निगम हो या पालिका, छोटे-छोटे कार्यों के लिए लोगों को धक्के खाने पड़ते हैं। इस तरह की समस्याओं को दूर करने, लचर व्यवस्था को सुधारने के लिए वे पंचायती उम्मीदवार के तौर पर मेयर का चुनाव लड़ने जा रहे हैं।*

**सवाल: जनहित में काम करने का आपने कोई रोडमैप तैयार किया है।**

***जवाब:*** *मैं समझता हूं कि जिन चीजों से रोज सामना होता हो, उसका रोडमैप बनाने की जरूरत नहीं है। हर समस्या, हर काम उनके जेहन में है। फिर भी वे जनता की भलाई, विकास के काम और समस्याओं के समाधान पर अध्ययन कर चुके हैं। मेयर बनकर उनका पहला काम ही जनता की प्राथमिकताओं को सुधारना होगा। मानेसर नगर निगम नया बना है। पहला चुनाव है। उन्हें पूरी उम्मीद है कि जनता उनका साथ देगी।*

**सवाल: लोग तो मानेसर निगम बनने का भी विरोध कर रहे हैं, इसे कैसे देखते हैं।**

***जवाब:*** *विस्तार होते हुए गुरुग्राम का समग्र विकास करने के लिए सरकार ने मानेसर नगर निगम अलग से गठित किया है। हमें अपने क्षेत्र का विकास करने के लिए चुनावी व्यवस्था को स्वीकार करके आगे बढ़ाना होगा। अगर पंचायत विकास ना कराए तो पंचायत किसी काम की नहीं, अगर नगर निगम विकास ना कराए तो वह भी किसी काम का नहीं। जनता का विकास करने के लिए राजनीति का हिस्सा बनना भी जरूरी है।*



डा. विजय सिंह चौहान।

**सवाल: जनता को कैसे विश्वास दिलाएंगे कि वोट आपको दे।**

***जवाब:*** *मैं फिर बता दूं कि जनता के बीच हम अब से नहीं, लंबे समय से हैं। समाजसेवा के काम पहले से करते आ रहे हैं। ना तो मानेसर की जनता उनके लिए नई है, ना ही वे जनता के लिए नए हैं। यहां सबका पारिवारिक रिश्ता है। किसे वोट देकर सफल बनाना है, यह बात जनता अच्छी तरह से जानती है। वे अपने कैंपेन में क्षेत्र के लोगों से लगातार जुड़े हुए हैं।*

**सवाल: दौरों के समय जनता का कैसा रुझान नजर आ रहा है।**

***जवाब:*** *बड़े-बुजुर्गों, युवाओं के साथ डोर-टू-डोर कैंपेन जारी है। इस दौरान लोगों का सहयोग, प्यार भरपूर मिल रहा है, पंचायती उम्मीदवार के तौर पर चुनाव मैदान में हूं। सभी के आशीर्वाद से यह कदम बढ़ाया है। पूर्ण विश्वास है कि सभी की मेहनत रंग लाएगी।*

**सवाल: मतदाताओं तक कैसे अपना एजेंडा पहुंचा रहे हैं।**

***जवाब:*** *मैं पोस्टर वॉर में विश्वास नहीं रखता। बेशक नाम के लिए पोस्टर लगे हों, लेकिन जनता के बीच में व्यक्तिगत तौर पर जा रहा हूं। डोर-टू-डोर कैंपेन के माध्यम से हर घर में सदस्यों से मुलाकात हो रही है। मतदाताओं के पास जाकर अपनी बात रखना, उनसे रूबरू होना अपनेपन का अहसास कराता है। उनका उद्देश्य चुनाव जीतने के साथ जनता का दिल भी जीतना है।*

# महिलाएं देश के विकास में बराबर की भागीदार है : राखी बुद्धिराजा



विवि में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय सेमीनार का शुभारंभ करते अतिथि।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

## समाज में महिलाओं की भागीदारी निश्चित रूप से बढ़ रही हैः प्रो. दिनेश कुमार

## गुरुग्राम विवि में महिला दिवस के उपलक्ष में हुआ राष्ट्रीय सेमीनार

**गुरुग्राम** विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया की एडवोकेट राखी बुद्धिराजा, दिल्ली विश्वविद्यालय की प्रो. (डॉ.) वागेश्वर एमडीयू रोहतक की प्रो. रश्मि मलिक एवं वरिष्ठ पत्रकार दीपिका नारायण भारद्वाज ने शिरकत की। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कार्यक्रम में मुख्य संरक्षक के रूप में शिरकत की।

मुख्य वक्ता सुप्रीम कोर्ट की एडवोकेट राखी बुद्धिराजा ने कहा कि महिलाएं आज किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। महिलाएं इस समय हर क्षेत्र में अग्रसर हैं। उन्होंने छात्राओं को शिक्षा के माध्यम से जागरूक रहने तथा सशक्त होने की बात कहते हुए बताया कि किस प्रकार से शिक्षित होकर स्वयं जागरूक रहते हुए समाज को आगे बढ़ाने में अपनी भूमिका निभा सकती हैं। उन्होंने आगे कहा की महिलाएं देश की आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती है। देश के विकास में भी बराबर की भागीदार हैं।

दिल्ली विश्वविद्यालय की प्रो. (डॉ.) वागेश्वर ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार के साथ-साथ महिलाओं की सुरक्षा और उनका सम्मान मुख्य आवश्यकता है। महिलाओं की सहभागिता सभी क्षेत्रों में केवल गुणात्मक ही न रहे, बल्कि संख्यात्मक रूप से भी बढे, जिसके लिए महिलाओं द्वारा प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से किए गए कार्यों की पहचान कर उन्हें सम्मान देना आवश्यक है। वरिष्ठ पत्रकार दीपिका नारायण भारद्वाज ने महिलाओं के अधिकारों के बारे में छात्राओं को विस्तार से जानकारी दी।

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम हर वर्ष विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित किए जाते हैं। इस प्रकार के आयोजन महिलाओं को सशक्त व स्वावलंबी बनाते हैं। कुलपति ने कहा कि समाज में महिलाओं की भागीदारी निश्चित रूप से बढ़ रही है किंतु अभी भी बहुत कुछ प्राप्त करना शेष है। उन्होंने इस एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार के सफल आयोजन के लिए सभी को शुभकामनाएं व बधाई दी।

# रशियन कलाकारों ने बिखेरी भारतीय संस्कृति की छटा

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

## ब्रह्मकुमारीज ने किया युवाओं के लिए वाई-20 कार्यक्रम

## 15 मार्च को राष्ट्रपति भवन में भी होगा वाई-20 सांस्कृतिक कार्यक्रम

**भारतीय** संस्कृति का डंका समूचे विश्व में बज रहा है। विश्व भर से अनेक लोग भारतीय सांस्कृतिक और आध्यात्मिक मूल्यों को अपना रहे हैं। भारतीय दर्शन और प्राचीन राजयोग से शायद ही दुनिया का कोई देश अछूता हो। रशिया एवं उसके घटक देशों पर तो भारतीय सनातन संस्कृति की विशेष छाप दिखाई देती है। जिसका नजारा ब्रह्माकुमारीज के गुरुग्राम स्थित ओम शांति रिट्रीट सेंटर में नजर आया।

जी-20 के अन्तर्गत भारत सरकार एवं ब्रह्माकुमारीज के सहयोग से युवाओं के लिए वाई-20 सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन ओआरसी के दादी प्रकाशमणी सभागार में हुआ। कार्यक्रम में रशिया, यूक्रेन, क्रीमिया एवं अन्य देशों के कलाकारों ने भारतीय संस्कृति की छटा बिखेरी। मेरा जूता है जापानी, देश रंगीला रंगीला, ये वतन वतन मेरे वतन आबाद रहे एवं बचपन के दिन भुला न देना जैसे मधुर गीतों के द्वारा सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। कलाकारों द्वारा पंजाबी भंगड़ा के द्वारा भी बेहतरीन प्रस्तुति दी गई। साथ ही आध्यात्मिक और ईश्वरीय स्मृति के गीतों के माध्यम से सबका मन मोह लिया। ओआरसी की निदेशिका आशा दीदी ने कार्यक्रम के प्रति अपनी शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि हर एक के अंदर एक कलाकार छिपा हुआ है। उन्होंने कहा



फोटो नंबर-02: युवाओं के लिए वाई-20 कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देते रशियन कलाकार।

कि आध्यात्मिकता ही एक ऐसा माध्यम है जो हमारे मूल स्वरूप को प्रत्यक्ष करता है। खुशी का मूलमंत्र है-दूसरों को सुख देना। औरों को दुआएं और खुशी देना ही स्वयं को खुशनुमा बनाना है। इस अवसर पर विशेष रूप से अमेरिका से आए बीके केन ने भी सभा को संबोधित किया। बीके केन 50 से भी अधिक वर्षों से ब्रह्माकुमारीज संस्था से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि जब स्वयं के साथ हमारा बेहतर संबंध होता है। तब ही प्रकृति और व्यक्ति से हमारे संबंध अच्छे होते हैं।

## राष्ट्रगान से हुई कार्यक्रम की शुरुआत

**वाई-20** सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ हुई। बीके अनुसूया ने अपने शब्दों द्वारा कार्यक्रम में पधारे मेहमानों का स्वागत किया। ब्रह्माकुमारीज के रशिया एवं उसके घटक देशों में स्थित सेवाकेंद्रों की संयुक्त संचालिका बीके संतोष ने अपनी सेवाओं के अनुभव साझा किए। नर्सी मोंजी इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. राजन सक्सेना ने बताया कि वो नियमित रूप से राजयोग का अभ्यास करते हैं। उन्होंने कहा कि योग से मन का शुद्धिकरण होता है। 15 मार्च को राष्ट्रपति भवन में भी वाई 20 कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिसमें रसिया के डिवाइन लाइट कल्चरल ग्रुप द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जायेंगी। रशियन कलाकारों द्वारा अन्य कई स्थानों पर भी कार्यक्रम आयोजित हुए।

## पुरानी रंजिश में छोटे भाई ने बेटा संग मिल बड़े भाई को पीटा

**सोहना।** आपसी पुरानी रंजिश में छोटे भाई ने बेटा के साथ मिलकर बड़ें भाई को थप्पड़-मुक्के और डंडो से पीटा। पीडित ने आरोपी भाई पर अदालत में चल रहा पहले मामले को वापस न लेने पर जान से मार देने की धमकी दी है। खेड़ला निवासी गिर्राज ने सदर थाना पुलिस को बताया कि उसका उसके छोटे भाई से अदालत में पुराना मामला चल रहा है।

शनिवार की रात करीब 11 बजे वह अपने प्लाट में से गाड़ी को निकाल रहा था। उस समय उसका छोटा भाई गजराज व उसका बेटा सोनू अपने-अपने हाथों में डंडे लेकर खड़े थे। पहले तो उसकी गाड़ी पर डंडे बरसाते हुए क्षतिग्रस्त करते हुए शीशे तोड़ दिए। गिर्राज ने उसके पहले थप्पड़-मुक्के मारे और फिर दोनों पिता-पुत्र ने डंडों से उसको पीटा। वह लहूलुहान होकर अपने घर पहुंचा। परिजनों ने उसे अस्पताल में दाखिल कराते हुए उपचार करवा रहे है।

# संक्षिप्त समाचार

## स्कूल की खेल प्रतियोगिता के दौरान छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म

**गुरुग्राम।** यहां एक स्कूल की खेल प्रतियोगिता के दौरान एक छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म (गैंगरेप) की घटना सामने आई है। पीड़ित छात्रा की शिकायत पर पुलिस ने दो छात्रों व एक अन्य युवक के खिलाफ केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। छात्रा ने यह घटना दिसम्बर 2022 की बताई है। डर के चलते उसने शिकायत नहीं दी थी। पुलिस के अनुसार पीड़ित सदर थाना सोहना क्षेत्र में एक स्कूल की छात्रा ने अपनी शिकायत में कहा है कि दिसम्बर 2022 में एक स्कूल की खेल प्रतियोगिता चल रही थी। इस दौरान दो छात्रों व एक अन्य युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान उन्होंने उसकी अश्लील वीडियो भी बनाई। उन्होंने धमकी दी कि अगर किसी को इस बारे में बताया तो वे उसकी वीडियो को इंटरनेट पर वायरल कर देंगे। अब हिम्मत करके छात्रा ने आरोपी छात्रों व एक अन्य युवक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस तीनों युवकों की तलाश में जुट गई है। स्कूल की खेल प्रतियोगिता के दौरान हुई इस घटना से स्कूल कैंपस में सुरक्षा पर भी सवाल खड़े हुए हैं। पुलिस स्कूल प्रबंधन से भी पूछताछ करने की तैयारी कर रही है।

## चाचा-भतीजे पर घर में घुसकर जेवरात चोरी करने का मामला दर्ज

**सोहना।** सोहना सदर थाना ने खेड़ला निवासी चाचा-भतीजे पर रात के समय में घर में घुसकर जेवरात चोरी करने का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने चोरी की वारदात के 9 दिन बाद पीड़ित द्वारा दी गई शिकायत पर नामजद चाचा-भतीजे के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। खेड़ला निवासी विजय सिंह ने पुलिस को बताया कि 3 मार्च की रात करीब एक बजे उसकी पत्नी मुनेश के कान में से सौते समय गांव का ही निवासी काले उर्फ आंचल कान में से सोने की कुंडल चोरी कर रहा था। उसकी पत्नी की आंख खुल गई और मुनेश ने अपने पति को तुरन्त बताया। उस समय काले उर्फ आंचल कमरे में ही दीवार के साथ चुप्पी साधे खड़ा हुआ था। जैसे ही वह काले उर्फ आंचल को पकड़ने के लिए चला। वैसे ही काले उर्फ आंचल उसके मकान की दीवार को कूदकर भाग गया। 4 मार्च की सुबह उसकी पत्नी मुकेश चौबारे में रखी बच्चों की स्कूल वर्दी को लेने गई तो उसे ऊपर के कमरे का दरवाजा खुला मिला। जिसके अंदर रखी लोहे की अलमारी का ताला टूटा मिला। जांच करने पर अलमारी में से सोने व चांदी के पाजेब गायब थे। कमरे में रखा बेड पर एक मोबाइल पड़ा मिला। यह मोबाइल काले उर्फ आंचल का ही था। विजय सिंह ने बताया कि शिकायत करने पर चोरी के आरोपियों ने उसे जमकर गालियां दी और जान से मार देने की धमकियां भी दी। पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरु करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरु कर दी है।

# पुलिस नाबालिग छात्रा से गैंगरेप के आरोपियों की जन्म कुंडली जांच में जुटी

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**पुलिस** नाबालिग छात्रा को अगवा करके गैंगरेप में संलिप्त आरोपियों की उम्र पड़ताल में जुट गई है। अभी तक की जांच में तीन में से एक आरोपी नाबालिग तथा दो अन्य आरोपियों की जन्मकुंडली तलाश की जा रही है। सोहना सदर थाना पुलिस 14 वर्षीय नाबालिग छात्रा को पहले अगवा और फिर अरावली पहाड़ी में ले जाकर गैंगरेप करने के आरोपियों की जन्म कुंडली खोजने में जुट गई है। ताकि नाबालिग आरोपी पर बाल अदालत में मामला चलाया जा सके।

सदर सोहना थाना पुलिस बीतें 48 घंटा की गई जांच में एक आरोपी नाबालिग पाया गया है। जबकि दो अन्य की उम्र जांच में पुलिस परिजनों से लेकर स्कूल में जमा जन्म प्रमाण पत्र की मदद लेने में जुटी हुई है। इसके अलावा पुलिस उस आरोपियों से उस मोबाइल फोन को भी बरामद करेगी। जिससे आरोपी ने नाबालिग छात्रा की वीडियो बनाई तथा उसे वायरल किया था। ताकि पुलिस आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने में कामयाब हो सके।

> “ **पुलिस** मामले की गहनता से जांच कर रही है। ताकि छात्रा को पहले अगवा करने और फिर उसके साथ गैंगरेप करने की सजा कड़ी से कड़ी मिल सके। इसलिए आरोपियों की उम्र की जांच प्राथमिकता के आधार पर की जा रही है।
>
> **-जयसिंह**
> **( सदर थाना प्रभारी )**

## वीडियो वायरल होने पर दर्ज कराया मामला

**जानकारी** के अनुसार पीडिता के साथ आरोपियों ने 18 दिसम्बर को गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया था। गैंगरेप के दौरान छात्रा के विरोधाभास के बावजूद बनाया गया वीडियो उसके पिता के मोबाइल पर वायरल कर दिया था। वीडियो वायरल होने पर परिजनों ने पुलिस को शिकायत दर्ज करते हुए आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करा दिया।

# शहर को जाम मुक्त बनाने के प्रशासनिक दावे हुए हवा-हवाई

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**शहर** को जाम मुक्त बनाने के स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों के दावें हवा-हवाई बनकर रहे गए है। वहीं पटरी दुकानदारों से लेकर ठेला लगाने वाले, छोटे दुकानदार व बड़े व्यापारियों में आम रास्तों तथा सड़कों पर सामान रख अतिक्रमण करने की होड़ मची है।

दिन प्रति दिन शहर जाम की ग्रस्त में फंसता जा रहा है। जिसके कारण शहर की सड़कों से लेकर बाजार व तंग गलियों में अतिक्रमण करने वालों को बोलबाला की संख्या बढ़ रही है। त्योहारों की आड़ में आम रास्ते से लेकर बाजार व सड़कों पर सामान रखकर अतिक्रमण करने वाले दिन प्रति दिन सभी सीमाएं कूद रहे है। स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी सब कुछ जानकर भी अंजान बनें हुए है। नगर परिषद अधिकारियों के शहर को साईबर सिटी से सुन्दर बनाने के दावें हवा में उड़ रहे है। जिसका खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है।




सोहना के शहीद भगत सिंह चौक से नागरिक अस्पताल मार्ग पर लगा जाम।

**दोपहर बाद ठेलों का झमेला :** दोपहर चार बजे के बाद से शहर की सड़कों पर ठेले पर फास्टफूड बिक्री करने वालों की बाड़ आ जाती है। शहर के शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक से लेकर नगर परिषद मार्ग, अस्पताल मार्ग, बस स्टैंड मार्ग, महाराजा अग्रसैन चौक, पुराना लेकर चौक पर ठेले की ठेले नजर आते है। जिससे इन रास्ते तथा चौक पर एक गाड़ी का निकलना भी मुश्किल हो जाता है।

**सामान रखने की होड़ :** शहर की सड़क, आम रास्ते तथा चौक-चौराहों पर बैठें पटरी दुकानदारों से लेकर बड़ें दुकानदार व व्यापारियों ने 5 से 10 फुट तक बिक्री किए जाने वाला सामान बाहर रखा हुआ है। इसके अलावा कपड़ा, बर्तन, जूता-चप्पल, किराना का सामान, प्लास्टिक का सामान बेचने वालों ने तो दुकान के बाहर 5 से 10 फुट लंबे डंडे, लोहे की सरियां, पाइप व एंगल निकाली हुई है। जिनसे पैदल चलने वालों से लेकर बाइक व स्कूटी सवार चोटिल होते रहते है। यदि गलती से कोई स्कूटी व बाइक सवार इन से टकरा जाता है। दुकानदार टकराने वाले से झगड़ा करने में चंद मिनट लगाते है।

> “ **नगर** परिषद शहर में अतिक्रमण को हटाने के लिए पुलिस की मदद मांगेगी। उस दिन पुलिस परिषद को दे दी जाएगी। शहर को जाम मुक्त करने का कार्य नगर परिषद का है।
>
> **-सुनील कुमार**
> **( शहर थाना प्रभारी )**

**सड़कों पर अवैध पार्किंग :** शहर की सड़कों पर बाजारों के बीच में अवैध पार्किंग बनी हुई है। दुकानदार से लेकर ग्राहक अपने बाइक-स्कूटी से लेकर कार और चार पहिया वाले वाहनों को खड़ा करके घंटों दूर चले जाते है। रही सही कसर सड़क व आम रास्तों में दुकानदारों के होल्डिंग बोर्ड पूरी कर देते है। यह सब समस्याओं से निपटना स्थानिय प्रशासन के लिए अनबूझ पहेली बनकर रह गई है। परिषद द्वारा अवैध पार्किंग खड़ें होने वाले वाहनों के लिए खरीद की जाने वाली टोइंग वैन का दावा भी कागजों में योजना दबकर रह गई है।

# असहाय बच्चों को दी जा रही सुविधाओं की निरन्तर मोनिटरिंग करें: निशांत यादव

## चाइल्ड वेलफेयर कमेटी, डीएलएसए व बाल देखरेख संस्थानों में बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए बैठक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



चाइल्ड वेलफेयर कमेटी, डीएलएसए व संस्थानों की बैठक लेते डीसी निशांत यादव।

**जिला** में स्थित बाल देखरेख संस्थानों में रह रहे बेसहारा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य को सुरक्षित करने के लिए इनको व्यापक प्रशिक्षण देना हम सभी की नैतिक व सामाजिक जिम्मेदारी है।

यह बात उन्होंने सोमवार को चाइल्ड वेलफेयर कमेटी, डीएलएसए व बाल देखरेख संस्थान (सीसीआई) में बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए आयोजित बैठक के दौरान कही। बैठक में डीसी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे संस्थानों का नियमित दौरा कर वहां असहाय बच्चों को दी जा रही सुविधाओं की निरन्तर मोनिटरिंग करें। उन्होंने कहा कि संस्थानों में रहने वाले बच्चों के पूर्ण विकास को सुनिश्चित करने के लिए सर्वोत्तम सुविधाएं प्रदान की जानी चाहिए, ताकि ये बच्चे सम्मान और गर्व के साथ अपना जीवन व्यतीत करें। डीसी ने बैठक में उपस्थित चाइल्ड वेलफेयर कमेटी, डीएलएसए व चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूट के सदस्यों से कहा कि इस पूरे अभियान में भले ही हम सभी के पास अलग अलग प्रकार की जिम्मेदारियां हैं लेकिन हम सभी का लक्ष्य एक ही है इन बच्चों का पुनरुत्थान। ऐसे में आप सभी विभागों व संस्थाओं को आपस मे बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि वे स्वयं भी जल्द ही इन संस्थानों में दी जा रही सुविधाओं का जायजा लेने के लिए विजिट करेंगे।

**जिला में बाल भिक्षावृत्ति से मुक्ति के कराया जाएगा सर्वे :** डीसी ने कहा कि जिला में बाल भिक्षावृत्ति से मुक्ति के लिए एक एनजीओ के माध्यम से जिला के सभी चौक-चौराहों का सर्वे करवाया जाएगा। सर्वे के बाद एक रेस्क्यू आपरेशन के माध्यम से चिन्हित बच्चों को बाल देखरेख संस्थान में भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि रेस्क्यू के दौरान मौके पर भीख मांगने वाले बच्चों के साथ व्यक्ति या महिला है तो उसे भी साथ ले जाया जाएगा, ताकि यह पता किया जा सके कि यह बच्चा किसका है। डीसी ने कहा कि इस दौरान जिला प्रशासन द्वारा भीख मंगवाने वालों पर कानूनी कार्रवाई के तहत मामले भी दर्ज करवाएं जाएंगे।

## गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार तीन युवक घायल

**सोहना।** खरौदा सिलानी जाने वाले मार्ग पर बाइक में गाड़ी की सीधी टक्कर से उस पर सवार तीन युवक घायल हो गए। सभी घायल युवक दमदमा में स्थित एक फाइव स्टार होटल में नौकरी करते है।

जिला नूंह का गांव सलम्बा निवासी सलमान ने पुलिस को बताया कि 5 मार्च को रात करीब 10 बजे वह और उसके साथ निशार निवासी गांव रानिका व इरफान निवासी जलालपुर जिला नूंह भी एक ही बाइक पर अपने घर जा रहे थे। खरौदा और सिलानी के बीच सामने से आ रही गाड़ी के चालक ने लापरवाही बरते हुए उनकी बाइक को सीधी टक्कर मार दी। जिससे वे तीनों बाइक समेत सड़क पर गिर गए और घायल हो गए। आरोपी अज्ञात चालक अपनी गाड़ी को लेकर रात के समय में फरार हो गया। सदर थाना पुलिस ने घायल युवक की शिकायत पर अज्ञात गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज करने के बाद तलाश शुरु कर दी है।

# पिछड़ों-वंचितों के हितों को सुरक्षित कर रही भाजपा : जीएल शर्मा

## प्रजापति समाज ने जीएल शर्मा का किया अभिनंदन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं हरियाणा डेयरी सहकारी विकास प्रसंघ के पूर्व चेयरमैन जीएल शर्मा ने कहा कि भाजपा के राज में पिछड़ों और वंचिंत वर्ग के हित सुरक्षित हो रहे हैं। भाजपा प्रदेश और देश में पहली बार सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास की अवधारणा पर आगे बढ़े सर्वजन हिताय को सर्वोपरि रखकर काम कर रही है। वे यहां मनोहर नगर की प्रजापति धर्मशाला में प्रजापति समाज की आयोजित अभिनंदन समारोह में बोल रहे थे।

प्रजापति समाज की ओर से तय कार्यक्रम के अनुसार जीएल शर्मा का अभिनंदन किया गया। इस मौके पर शहर के कोने-कोने से पहुंची प्रजापति समाज की सरदारी ने जीएल शर्मा को मान और सम्मान की पगड़ी बांधी। जीएल शर्मा ने कहा कि प्रजापति समाज का हमेशा ही उन्हें सहयोग, स्नेह और आशीर्वाद मिलता रहा है। समाज हित में उनसे जो भी सेवा बन पड़ेगी, वह अपनी पूरी क्षमता से



बैठक को संबोधित करते भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जीएल शर्मा।

उसे करते रहेंगे। समाज की इस पगड़ी पर कभी आंच नहीं आने दी जाएगी। समाज की ओर से प्रधान बस्तीराम प्रजापति, पार्षद धर्मबीर सिंह, अशोक सेन, सूरज प्रजापति ने जीएल शर्मा को पगड़ी बांधी।

**संगठन मजबूती का दिया मंत्र :** अभिनंदन समारोह के बाद जीएल शर्मा ने दो शक्ति केंद्रों पर पार्टी कार्यकर्ताओं और शक्ति केंद्र प्रमुखों को संगठन मजबूती का मंत्र दिया। समारोह के बाद जीएल शर्मा बादशाहपुर विधानसभा के डूंडाहेड़ा मंडल के शक्ति केंद्र पहुंचे और यहां मंडल सहित शक्ति केंद्र के कार्यकर्ताओं से आगामी नगर निगम चुनाव और संगठन मजबूती पर देर तक चर्चा की।

# आयुष्मान मित्रों की हड़ताल से परेशान हो रहे लाभार्थी

कविता । फरीदाबाद

**इंसेंटिव** व मानदेय बढ़ाने की मांग को लेकर प्रदेशभर में तैनात आयुष्मान मित्र गत नौ मार्च से हड़ताल पर हैं। अवकाश के कारण उनकी हड़ताल जग जाहिर नहीं हुई थी, लेकिन सोमवार को आयुष्मान केन्द्र बंद देख लाभार्थी और करेक्शन करवाने आए लोग परेशान हुए। आयुष्मान मित्रों ने बताया कि पांच साल होने को हैं, लेकिन मानदेय नहीं बढ़ाया गया।

**बंद रहा केंद्र :** हड़ताल के कारण आयुष्मान पूछताछ केन्द्र नौ मार्च से बंद है। लेकिन इसकी सूचना आयुष्मान पूछताछ केन्द्र के बाहर नहीं लगाई गई है। सोमवार को भी यहां दर्जनों लोग घंटों इंतजार के बाद लौट गए। उनमें संजय कालोनी, डबुआ कालोनी, पल्ला, समेत दूर दराज से आए लोग शामिल थे। उनमें से कुछ के कार्ड नहीं आए, तो कुछ को कार्ड में जन्मतिथि ठीक करवानी थी, कुछ लोगों को अपने परिवार के अन्य सदस्यों के नाम जुड़वाने थे। ऐसे में उन्हें घंटों यहां इंतजार करते हुए देखा गया। पूछने पर पता चला कि आयुष्मान सेंटर बंद है, लेकिन क्यों बंद है, इसका न तो किसी चिकित्सक को और न ही किसी स्वास्थ्य कर्मी को पता था।

### आयुष्मान मित्रों का कहना छह घंटे काम करके मिल रहे हैं मात्र पांच हजार रुपये


आयुष्मान केन्द्र पर हड़ताल के कारण जड़ा ताला।

**आयुष्मान मित्रों का कथन:** आयुष्मान मित्रों ने पायनियर को बताया कि 23 सितंबर को योजना को पूरे पांच वर्ष हो जाएंगे, लेकिन उन्हें शुरू में 5 हजार रुपये सेलरी पर रखा गया था। इसके बाद से आए दिन महंगाई बढ़ रही है। ऐसे में उनके खर्च भी बढ़ गए है। लेकिन विभाग ने आठ घंटे की बजाय छह घंटे की ड्यूटी तो कर दी, लेकिन सेलरी नहीं बढ़ाई। गत 6 फरवरी को सेलरी बढ़ाने की बात कही थी।

लेकिन होली के बाद भी सैलरी नहीं बढ़ी, जिसे देखते हुए उन्होंने हड़ताल शुरू कर दी है। आयुष्मान मित्रों ने कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होती तब तक वे हड़ताल खत्म करने वाले नहीं हैं।

**ये हैं मांग:** आयुष्मान मित्रों ने कहा कि पांच हजार सेलरी में छह घंटे काम करना अब मुश्किल हो गया है। प्रदेशभर में करीब 200 से 250 आयुष्मान मित्र हैं।

वहीं फरीदाबाद में आयुष्मान मित्रों की संख्या सात है। उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई में उनका खर्च चलाना मुश्किल है। पांच हजार रुपये में तो वह अस्पताल तक पहुंचने का किराया ही निकाल पाते हैं। ऐसे में अब उनकी मांग है कि उन्हें कौशल निगम में या फिर विभाग एनएचएम में नौकरी पर रखें।

# इंफ्ल्यूएंजा : स्वास्थ्य विभाग के पास नहीं है आरटीपीसीआर जांच का सामान

### पूरे देश में इंफ्ल्यूएंजा का खतरा, बीके अस्पताल में बेखौफ मरीज व तीमारदार

कविता । फरीदाबाद

**कोरोना** जैसे लक्षण वाले नए इफ्लुएंजा एच3एन2 वायरस से डरे लोग इसका कंफर्मेशन कराने में भी नाकाम हैं। लोग सिविल अस्पताल में इलाज को पहुंच रहे हैं, लेकिन यहां वायरस का पता लगाने के लिए जांच किट मौजूद नहीं है। कोरोना का पता लगाने वाली आरटीपीसीआर जांच से कुछ हद तक इस बीमारी का पता लगाया जा सकता है। लेकिन आरटीपीसीआर जांच के लिए वाइल ही जिले में उपलब्ध नहीं है। इसकी पुष्टि जिला आणविक प्रयोगशाला के चिकित्सकों ने की है।

**नहीं है टेस्ट किट :** कोरोना जैसे लक्षण वाले नए इंफ्ल्यूएंजा एच3एन2 वायरस का पता लगाने के लिए सरकारी अस्पतालों में जांच नहीं हो रही। मरीजों को सिर्फ दवाईयां व उपचार के उपाय ही बताए जा रहे हैं। जांच के लिए सैम्पल दिल्ली भेजे जा रहे हैं।


बीके अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की भीड़, बच्चों को लेकर आई माताएं बिना मास्क के।

**आरटीपीसीआर जांच संभव:** विशेषज्ञों ने बताया कि कोरोना का लक्षण इंफ्ल्यूएंजा वायरस सेम है। आरटीपीसीआर जांच के बिना वायरस का पता नहीं लगाया जा सकता है। एंटीजन किट से बीमारी का पता नहीं लग सकता है।

**नहीं है किट :** जिलेभर में आरटीपीसीआर जांच फरवरी से नहीं हो रहे हैं। कोरोना जांच प्रयोगशाला में केवल रेपिड जांच ही जा रही है। जिससे नए वायरस का पता लगाना कठिन है। प्रयोगशाला में तैनात डॉ. एसएस दहिया ने बताया कि सूरजकुंड मेले के बाद से आरटीपीसीआर जांच कम हो गई है। करीब चार दिन पहले पांच वीआईपी की जांच हुई थी।

**आदेश जारी :** बीके सिविल अस्पताल की पीएमओ डॉ. सविता यादव ने चिकित्सकों और कर्मचारियों को मास्क पहनने और जारी गाइडलाइन का पालन करने के आदेश दिए हैं।

**राम भरोसे सुरक्षा :** स्वास्थ्य मुख्यालय की तरफ से भीड़ वाली जगह पर जाने से बचने और मास्क का उपयोग करने का नियम लागू किया है, लेकिन इसके बावजूद बीके अस्पताल की ओपीडी में मरीज व तीमारदार बिना मास्क के नजर आए। अभिभावक बिना मास्क के छोटे बच्चों के संग नजर आए। ओपीडी में ज्यादातर लोगों के मुंह पर मास्क नहीं था।

**चिकित्सक का कथन**

**शिशु** रोग विशेषज्ञ डॉ. विकास गोयल ने बताया कि बताया कि मौसम में परिवर्तन से मरीजों की संख्या बढ़ी है। एक सप्ताह में सर्दी-बुखार के मरीज 40 फीसदी बढ़े हैं। प्रतिदिन 20-25 बच्चे इस वायरस से पीड़ित होकर पहुंच रहे हैं। यह इंफ्लूएंजा वायरस ही है।

बच्चे गंभीर रूप से सांस की बीमारी, खांसी और निमोनिया जैसी तकलीफ से पीड़ित हो रहे हैं। फिजिशियन डॉ. मोहित अग्रवाल ने बताया कि सर्दी, जुखाम और बुखार पीड़ित मरीजों को घबराने की जरूरत नहीं है, क्योंकि यह जनवरी में अधिक बढ़ा था। अब समाप्त होने के कगार पर है।

# डॉक्टर से मारपीट को लेकर एचसीएमएस के सदस्यों में भारी रोष


सीएमओ डॉ. विनय गुप्ता के साथ बैठक करते एचसीएमएस के प्रेजिडेंट, महासचिव व अन्य।

**फरीदाबाद।** हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसिज (एचसीएमएस) में शामिल सभी चिकित्सकों ने बीके अस्पताल और बल्लभगढ़ सिविल अस्पताल में चिकित्सकों के से हुई मारपीट पर रोष प्रकट किया है। उन्होंने जिला सिविल सर्जन से चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा को लेकर एक बैठक की।

उन्होंने कहा कि यदि सुरक्षा नहीं बढ़ाई तो जिले में आगे भी ऐसी घटनाएं चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों के संग हुई तो वह स्वास्थ्य सेवाएं बंद करने को मजबूर हो जाएंगे। जिसके बाद चिकित्सकों ने पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा से भी मुलाकात की। पुलिस आयुक्त ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इस मौके पर प्रेजिडेंट डॉ. सुशील कुमार अहलावत के अलावा डॉ. राजेश श्योकंद, डॉ. मान सिंह, डॉ. रामभगत, डॉ. गजराज, डॉ. एके यादव, डॉ. एसएस दहिया, डॉ. धर्मवीर नेहरा, डॉ. चारू, डॉ. संदीप अग्रवाल, समाजसेवी सतीश चोपड़ा और अन्य चिकित्सक मौजूद रहे।

**जताया रोष :** डॉ. सुशील कुमार अहलावत ने बताया कि एचसीएमएस के बैनर तले सिविल अस्पताल, उप सिविल अस्पताल और स्वास्थ्य केन्द्रों के चिकित्सकों ने सीएमओ से मिलकर रोष जताया है। पिछले दिनों बल्लभगढ़ स्थित उप सिविल अस्पताल में भी ऐसी ही घटना को लेकर भी उन्होंने भारी रोष जताया। भविष्य में ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सुरक्षा बढ़ाने की मांग की।

**जल्द हो उपाय :** डॉ. अहलावत ने बताया कि स्टेट प्रेजीडेंट समेत सभी इस घटना को निंदनीय बता रहे है। जिसे देखते हुए उन्होंने जिला सिविल सर्जन डॉ. विनय गुप्ता और बीके अस्पताल की पीएमओ डॉ. सविता यादव से अस्पतालों में चिकित्सकों की सुरक्षा के लिए, पर्याप्त सुरक्षाकर्मी तैनात करने की मांग की।

# इंडियन प्राईवेट स्कूल एसोसिएशन का किया गठन


इंडियन प्राईवेट स्कूल एसोसिएशन ( इपसा ) की नवगठित कार्यकारिणी के सदस्य।

पायनियर समाचार सेवा । फरीदाबाद

**औद्योगिक** नगरी फरीदाबाद के सैकड़ों स्कूल संचालकों की एक बैठक एनएच स्थित होटल डायमण्ड इन में सम्पन्न हुई। इस बैठक में स्कूल संचालकों, टीचरों व छात्रों को आ रही परेशानियों को दूर करने के लिए इंडियन प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन (इपसा) का गठन सर्व सम्मति से किया गया। बैठक का अध्यक्ष वरिष्ठ शिक्षाविद् डॉ. विमल पाल को इपसा का संस्थापक/चेयरमैन, डा. प्रदीप गुप्ता को संस्थापक/प्रैसीडेंट, डॉ. सुनील कुमार को वाइस प्रेसीडेंट, डॉ. राजेश मदान को महासचिव तथा कोषाध्यक्ष, डा. तरुण अरोड़ा एडवोकेट को इंडियन प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन (इपसा) का कानूनी सलाहकार चुना गया। इसी प्रकार गवर्निंग बॉडी के लिए प्रेसिडेंट पुरषोत्तम, चेयरमैन अजय यादव, जनरल सेक्रेटरी अमित जैन, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट जुम्मन लाल, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट मुकेश लखानी, एडिशनल सेक्रेटरी नीतू जैन, जॉइंट सेक्रेटरी संदीप गर्ग, जॉइंट सेक्रेटरी करमजीत शर्मा, जॉइंट सेक्रेटरी नीरू सचदेवा तथा जॉइंट सेक्रेटरी अभिषेक सिंह को चुना गया। इसके अलावा ग्रिविएंस कमेटी का गठन किया गया। जिसमें चेयरमैन रामबीर भड़ाना, प्रेसिडेंट मानव शर्मा, जनरल सेक्रेटरी शोभित आजाद, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अलका आर्य, वाइस प्रेसिडेंट मनीषा, एडिशनल सेक्रेटरी राजकुमार त्यागी, जॉइंट सेक्रेटरी विपुल अग्रवाल, जॉइंट सेक्रेटरी ज्योति गुप्ता, जॉइंट सेक्रेटरी विनय लाल, आईटी हरीश शर्मा, आईटी विनोद कुमार, आईटी रोहित गर्ग को चुना गया। इस अवसर पर चेयरमैन डॉ. विमल पाल, प्रैसीडेंट डा. प्रदीप गुप्ता ने बताया कि स्कूल संचालकों, स्कूल टीचरों व छात्र-छात्राओं को किसी भी प्रकार की परेशानी आएगी तो उनकी एसोसिएशन उनकी हर संभव मदद करेगी चाहें वह सरकारी स्तर हो या गैर सरकारी स्तर।

# जलभराव की समस्या पर अधिकारियों को लगाई फटकार


तिगांव में जलभराव का मौके पर मुआयना करते विधायक राजेश नागर एवं पब्लिक हेल्थ के अधिकारी।

**फरीदाबाद।** भाजपा विधायक राजेश नागर तिगांव में जलभराव की समस्या को देखने के लिए अचानक पहुंच गए और मौके पर मौजूद पब्लिक हेल्थ अधिकारियों को जमकर लताड़ लगाई। नागर ने मौजूद कार्यकारी अभियंता अमित जैन एवं सहायक अभियंता अजय जिंदल से पूछा कि इस जलभराव को खत्म करने के लिए कितने बार दौरे और मीटिंग होंगी। यह समस्या कब खत्म होगी। विधायक ने पूछा कि आप लोग और कितना समय लेंगे।

नागर ने कहा कि जलभराव के कारण लोगों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जो गर्मी के मौसम में और बढ़ने की आशंका है। इस पानी में मच्छर पैदा होकर अनेक प्रकार की बीमारियों को बढ़ाएंगे इसके लिए कौन जिम्मेदार होगा। उन्होंने कहा कि गर्मी का मौसम आ गया है और डेंगू मलेरिया और वायरल बुखार मच्छरों के जरिए पनपेंगे। इसलिए इस पानी की निकासी तुरंत किये जाना बहुत अधिक जरूरी है। उन्होंने भुआपुर मोड़ पर जलभराव और छतों के कुओं के पास मेन बाजार के रास्ता पर जमा पानी को भी अधिकारियों को दिखाया और उन्हें नकारेपन पर जमकर लताड़ लगाई। विधायक ने कहा कि इस प्रकार काम कैसे होगा। आप लोग समस्या का निराकरण करने की तरफ बिल्कुल भी ध्यान नहीं देते हैं। विधायक राजेश नागर ने कहा तिगांव में जलभराव और सीवर बड़ी समस्या बन गए हैं। होना तो चाहिए था कि सीवर लाइन से लोगों को राहत मिलती, यहां उल्टा आफत आ गई है। जनता हमें शिकायत करती है और आप लोग कान बंद कर कर बैठे रहते हैं। विधायक राजेश नागर ने कहा कि आपको काम नहीं करना है तो यहां से अपना तबादला क्यों नहीं करवा लेते। आप लोग क्यों चाहते हो कि आप के खिलाफ मैं ही सख्त कार्रवाई करके आपका तबादला करवाऊं।

# विक्रेताओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए शिविर आयोजित

**फरीदाबाद।** शहरी पथ विक्रेताओं को आत्मनिर्भर बनाने और प्रशिक्षित करने के लिए रेडक्रॉस भवन में चलाया जा रहा दो दिवसीय शिविर रविवार को संपन्न हुआ। जिसमें करीब 450 विक्रेताओं ने भाग लिया। शिविर का आयोजन सिटी लाइवहुड समिति के तत्वाधान में हुआ।

जिसमें प्रधानमंत्री स्वयं निधि योजना के उद्देश्य से लॉकडाउन के कारण रेहड़ी पटरी, सामान बेचने वाले एवं दुकान लगाने वाले छोटे दुकानदारों को दोबारा से उनका व्यवसाय शुरू करने में मदद करना है। कार्यक्रम में इन सभी को आसानी से बैंक ब्याज पर 10000 रुपये तक का ऋण उपलब्ध करवाना साथ ही उन्हें प्रशिक्षित करना और आज के बाजार की नीतियों के बारे में जागरूक कराया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में डॉ राकेश कुमार भौतिक चिकित्सा रेडक्रॉस पुनर्वास विभाग, डॉक्टर जयपाल पुनर्वास विभाग, बीके अस्पताल फरीदाबाद से हरीश शरण, टीएफआई नगर निगम फरीदाबाद, फोन पे के मर्चेन्ट अधिकारी टीएसएम फरीदाबाद भूपेश सैनी, सुमित, प्रदीप, विनोद एवं अन्य मौजूद रहे।

# सामाजिक सोच की कमी ने महिलाओं को रखा पीछे

### सूरजकुंड में दो दिवसीय एनसीडब्ल्यू, एचएसडब्ल्यूसी राष्ट्रीय संवादात्मक बैठक का हुआ शुभारंभ

प्रवीन शर्मा । फरीदाबाद


संवादात्मक बैठक को सम्बोधित करते हुए रेखा शर्मा उनके संग रेनू भाटिया।

**राष्ट्रीय** महिला आयोग द्वारा आयोजित सभी राज्य महिला आयोगों के साथ दो दिवसीय फाउंडेशन-सह-इंटरैक्टिव बैठक यहां सूरजकुंड स्थित होटल राजहंस में शुरू हुई। जिसमें हरियाणा प्रदेश राज्य महिला आयोग का प्रतिनिधित्व अध्यक्ष रेनू भाटिया ने किया। इस बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा द्वारा की गयी। बैठक का उद्देश्य एनजीओस से आई प्रतिनिधियों को लीगल अवेयरनेस, स्पोर्ट्स, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग, घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, कार्यालय स्थल पर उत्पीड़न, साइबर क्राइम जैसे मुद्दों पर जागरूक करवाना है।

इसी कार्यक्रम में सम्मिलित राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने बताया कि किस तरह से लड़कियों को दैनिक जीवन में अपने अधिकारों के लिए खड़ा होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि आर्थिक सशक्तिकरण क्षमताओं को विकसित करने का एक तरीका है। उन्होंने विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से लड़कियों के व्यावसायिक विकास में पोषण के महत्त्व से अवगत कराया। केंद्र व राज्य की सरकारें महिलाओं को सशक्त और स्वावलंबी बना रही है। इसके लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही है। महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध के मामलों में आयोग और सरकार दोनों ही गंभीर हैं। इस दौरान उन्होंने घरेलू हिंसा, महिला उत्पीड़न जैसे मुद्दों पर चर्चा की।

हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने बताया कि 1 जनवरी से लेकर 31 दिसंबर 2022 तक आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हरियाणा राज्य महिला आयोग द्वारा 75 कार्यक्रम आयोजित करवाए गए जिनमें विभिन्न कार्यक्रम हुए। उन्होंने बताया की हरियाणा में इस वर्ष 2246 केस दर्ज हुए जिनमें से 1775 केस निवारण कर दिया गया है, बचे हुए केसों में कुछ आपसी सहमति से केस खत्म हो गए और कुछ केस अभी कोर्ट में पेंडिंग चल रहे हैं।

हमारा प्रयास है कि इस वर्ष केसेस कम आएं और उनका निवारण अधिक से अधिक हो। जिसके लिए हम पोक्सो एक्ट, साइबर क्राइम, ह्यूमन ट्रैफिकिंग आदि पर ज्यादा फोकस किया जायेगा। हम इन विषयों पर 12वी के छात्र-छात्रों को जागरूक कर रहे हैं क्योंकि स्कूल के बच्चों के साथ यह क्राइम ज्यादा है। कार्यक्रम में केरल महिला आयोग की चेयर पर्सन एडवोकेट पी सती देवी, त्रिपुरा महिला कमिशन की चेयर पर्सन बरनाली गोस्वामी, ओडिशा महिला आयोग की चेयरपर्सन डॉक्टर मिनाती बहरा, असम महिला आयोग की चेयरपर्सन डॉ हेमा पुरवा बोरठाकुर, उत्तराखंड राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन कुसुम कंडवाल, मणिपुर राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन सलाम उल्का देवी सहित गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

# चुने हुए प्रतिनिधियों संग तालमेल से कार्य करें अधिकारी : गुर्जर


विभिन्न गांवों के सरपंचों व पंचायत विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते केन्द्रीय मंत्री गुर्जर।

**फरीदाबाद।** केंद्रीय भारी उद्योग एवं ऊर्जा राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि सभी अधिकारी व कर्मचारी चुने हुए जन प्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर आम जन के हित के लिए कार्य करें। पंक्ति में खड़े आखिरी व्यक्ति को भी केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ मिले, यह सुनिश्चित किया जाए।

ग्रामीण आंचल में विकास के कार्यों के लिए सरकार के पास धनराशी की कोई कमी नहीं है। चुने हुए जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्र में विकास कार्य करवाएं। जनहित के लिए किये जा रहे कार्यों में कोताही करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। केंद्रीय राज्यमंत्री ने सोमवार को सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय में जिला के विभिन्न गांवों के सरपंचों व पंचायत विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए ये बात कही। बैठक में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों व सरपंचों द्वारा केंद्रीय राज्यमंत्री के समक्ष गांवों की साफ-सफाई, गलियों व सड़कों के निर्माण कार्य, जल निकासी जैसी अन्य समस्याएं रखी गयी।

## संक्षिप्त समाचार

### मरीजों ने उठाया आयुर्वेदिक शिविर का लाभ



**फरीदाबाद।** श्रीवैश्य अग्रवाल समाज, अग्रसेन भवन चावला कॉलोनी बल्लभगढ़ एवं जन कल्याण सेवा न्यास द्वारा अखिल भारतीय आयुर्वेदिक संस्थान द्वारा एक आयुर्वेदिक शिविर का आयोजन अग्रसेन भवन चावला कालोनी बल्लभगढ़ में किया गया। जिसमें लगभग 450 मरीजों ने लाभ उठाया और मरीजों को निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गई। शिविर का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री पंडित मूल चंद शर्मा ने किया। उन्होंने, लोगों को आयुर्वेद के प्रति जागरूक किया। लोगों को अवगत कराया कि आयुर्वेद हमारी प्राचीन आयुर्वेद प्रणाली को दर्शाता है। आयुर्वेद की दवाइयों से होने वाले लाभ से भी मंत्री जी ने मरीजों को अवगत कराया। इस अवसर पर श्री वैश्य अग्रवाल समाज के उप प्रधान कन्हैया लाल गोयल, जय किशन गर्ग महासचिव लोकेश अग्रवाल, समाजसेवी लाला ईश्वर दयाल गोयल, रमेश चंद गर्ग, यशवंत मंगला, जितेंद्र सिंगला एडवोकेट, अशोक मंगला, कन्हैया गर्ग, चंद्रशेखर गर्ग आदि उपस्थित थे। संस्था के महासचिव लोकेश अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर जन कल्याण सेवा न्यास के प्रधान अमित गोयल, गौरव शर्मा, प्रेम मैदान, प्रोफ़ेसर बांके बिहारी, विकास सिंह, राहुल गुप्ता, देवराज अरोड़ा, श्याम सुंदर आदि लोगों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### जॉब फेयर में 80 दिव्यांगों ने भरा जॉब के लिए बॉन्ड



**फरीदाबाद।** सेक्टर-31 स्थित कम्युनिटी सेंटर में नई उड़ान संस्था तथा अनुदिप फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में कॉन्वेंशन सेरेमनी तथा मैगा जॉब फेयर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिव्यांग आयुक्त राजकुमार मक्कड़ ने आनलाइन की। जिसमें उन्होंने आए हुए सभी दिव्यांग जनों का उत्साहवर्धन किया और कहा कि दिव्यांगता कोई अभिशाप नहीं है और हरियाणा सरकार दिव्यांगों के उत्थान के लिए हमेशा कार्यरत है। हरियाणा सरकार ने 1250 मूक बधिर दिव्यांगों की जॉब के लिए बॉन्ड किया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा राज्य सरकार के मुख्यमंत्री के मीडिया कॉर्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ उपस्थित रहे। वशिष्ठ ने नई उड़ान को समानित किया। आश्वासन दिया कि जिस किसी दिव्यांग की पेंशन नहीं बनी है और या डॉक्यूमेंट में कोई नहीं है या किसी भी प्रकार की सहायता की आवश्यकता हो वो उनके ऑफिस में आए। इस मौके पर अनुदीप फाउंडेशन के वाइस प्रेसिडेंट तन्मय मुखर्जी उपस्थित रहे। मुखर्जी ने बताया कि कार्यक्रम में जॉब के लिए 80 स्टूडेंट ने रजिस्ट्रेशन किया है। जिसमें से 30 स्टूडेंट को जॉब के लिए सिलेक्ट किया गया और 26 स्टूडेंट को शॉर्ट लिस्ट किया गया। नई उड़ान संस्था के अध्यक्ष मो असलम ने 20 ऐसे स्टूडेंट है, जिन्होंने अंडर असेसमेंट से पहले जॉब प्राप्त कर ली है। साथ ही अनुदिप फाउंडेशन का धन्यवाद किया, कि उन्होंने दिव्यांगों के लिए ये सेंटर खोला।

### बुजुर्गों संग मनाया चौटाला का जन्मदिन

**फरीदाबाद।** जन नायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला का 62वां जन्मदिवस बुजुर्ग आश्रम में जजपा के कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया। इस मौके पर जजपा के जिलाध्यक्ष राजेश भाटिया ने बताया की सुबह सबसे पहले गऊ माता व अन्य पशुओं को फल खिलाये गए। उसके बाद एनआईटी स्थित ताऊ देवी लाल वृद्ध आश्रम में पहुंचकर बुजुर्गों के हाथों से केक कटवाया गया और उसके बाद बुजुर्गों को साबुन तौलिया व फल भेंट कर डॉ चौटाला के जन्मदिवस पर उनके लिए बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया। इस मौके पर बुजुर्गों के चेहरों पर खुशी देखने को मिली। सभी बुजुर्गों ने टीम राजेश भाटिया के माध्यम से डॉ अजय चौटाला को उनके जन्मदिवस पर शुभकामनायें दी। इस मौके पर राजेश भाटिया के साथ अजय सिंह, जनक भाटिया, अब्दुल सरताज, सीमा सदोरिया, आशुतोष गर्ग, अरविंद शर्मा, निशान रस्तोगी, रिंकल भाटिया, अमर बजाज, प्रेम बब्बर, नंदराम पाहिल, हरिराम व अन्य वशिष्ठ लोग मौजूद रहे।

### रंग पंचमी पर होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन



**फरीदाबाद।** ग्रेफ की कायस्थ सभा द्वारा होली के बाद रविवार को रंगपंचमी के अवसर पर एक होली मिलन समारोह का आयोजन किया। यह कार्यक्रम सेक्टर-82 स्थित मनसकृति स्कूल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर पूर्व पीएम स्व. लाल बहादुर शास्त्री की पुत्रवधु नीरा शास्त्री मुख्य रूप से मौजूद रही। इस मौके पर कायस्थ सभा की प्रेजिडेंट नमिता श्रीवास्तव ने अतिथि व गणमान्य लोगों का स्वागत किया। इस कार्यक्रम में कायस्थ सभा के परिवारों के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मनस्कृति स्कूल में आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाओं ने नृत्य प्रस्तुति दी। जमिता राकेश, प्रदीप श्रीवास्तव तथा किरण श्रीवास्तव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बच्चों को पुरस्कृत किया। नमिता राकेश ने कविताओं से होली के रंग बिखेरे। संरक्षक निर्मल कुलश्रेष्ठ ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में महासचिव प्रभात श्रीवास्तव, सचिव दीपा सक्सेना, रेशमा श्रीवास्तव, उषा रायजादा के अलावा अन्य मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### मानव रचना यूनिवर्सिटी में लीगल सेमिनार का आयोजन



**फरीदाबाद।** 11 मार्च 2023 को बार काउंसिल पंजाब और हरियाणा व जिला टैक्स बार फरीदाबाद द्वारा बार काउंसिल के को चैयरमैन सुरेंद्र दत्त शर्मा के सहयोग से मानव रचना यूनिवर्सिटी कैंपस फरीदाबाद में लीगल ट्रेनिंग व सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें जस्टिस बीएस वालिया एडमिनिस्ट्रेटिव जज फरीदाबाद व पूर्व लोकायुक्त हरियाणा सरकार जस्टिस हरिपाल वर्मा ने बतौर मुख्य अथिति शिरकत की। और इस आयोजन में जिला जज यशवीर सिंह राठौर के साथ फरीदाबाद के सभी ज्यूडिशियल ऑफिसर्स ने शिरकत की। इस आयोजन में बार काउंसिल पंजाब और हरियाणा के चैयरमैन सुवीर सिद्धू, को चैयरमेन सुरेंद्र दत्त शर्मा, बीसीआई मेंबर प्रताप सिंह, को चैयरमैन राज कुमार चौहान, सेक्रेटरी गुरतेज सिंह ग्रेवाल, पूर्व मनोनीत सदस्य शिवदत्त वशिष्ठ एडवोकेट व लगभग 11 बार काउंसिल मेंबरों ने शिरकत की। उक्त आयोजन में जिला टैक्स बार फरीदाबाद की तरफ से डीआर चौधरी प्रधान टैक्स बार, एसपन त्यागी, संजय डिंडे व महेश शर्मा पूर्व प्रधान जिला टैक्स बार फरीदाबाद, राजन भाटिया, एसके भारद्वाज व विजय शर्मा ने सभी का स्वागत किया। और उक्त आयोजन में जिला बार फरीदाबाद की तरफ से जिला बार फरीदाबाद के पूर्व प्रधान संजीव चौधरी, पूर्व प्रधान बॉबी रावत, धर्मवीर डागर, पूर्व प्रधान जोगिंदर चौहान, पूर्व सेक्रेटरी जोगिंदर नरवत, पूर्व सेक्रेटरी सतबीर शर्मा, जिला बार के संयुक्त सचिव अधिवक्ता आशीष कौशिक, अधिवक्ता चंदर भूषण शर्मा, योगेंद्र पाराशर, सुखबीर चंदीला, दिनेश तोमर, गौरव चपराना, हेमराज कपसिया, पवन पाराशर, राजीव वशिष्ठ, अभिषेक शर्मा, धीरज भारद्वाज, केशव दत्त शर्मा, हिमांशु शर्मा, भानुप्रिया शर्मा, सुमित कौशिक, राहुल तेवतिया, हरीश शर्मा, मनोज नरवत व अलग अलग बार के सैंकड़ों अधिवक्ताओं ने इस सेमिनार में भाग लिया।

## विपक्ष का प्रयास

### तीसरा मोर्चा

**तेलंगाना** के मुख्यमंत्री तथा भारत राष्ट्र समिति-बीआरएस के प्रमुख के. चंद्रशेखर राव-केसीआर ने तीसरे मोर्चे का विचार पेश किया है। भले ही यह अस्तित्व में आ जाए, पर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी-भाजपा के खिलाफ इसकी प्रभावशीलता पर सवाल बने रहेंगे। संभवत: चंद्रशेखर राव 8 गैर-भाजपा दलों को एक राजनीतिक संघर्ष के लिए एकसाथ लाने में सफल हुए हैं जिसे गठबंधन की 'भ्रूण अवस्था' कहा जा सकता है। इस राजनीतिक संघर्ष का प्रत्यक्ष उद्देश्य महिला आरक्षण विधेयक को पास कराना है, पर वास्तव में ये पार्टियां केन्द्रीय एजेंसियों से परेशानी के कारण एकजुट हुई हैं। खासकर प्रवर्तन निदेशालय-ईडी व केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो-सीबीआई ने भ्रष्टाचार के अनेक मामलों में आक्रामक कार्रवाई की है। विपक्षी नेताओं में एक सर्वाधिक मुखर नेता केसीआर की बेटी के. कविता से ईडी दिल्ली शराब घोटाला मामले में पूछताछ कर रही है। केसीआर देश को यह समझाने के सारे प्रयास कर रहे हैं कि केन्द्र अधिकाधिक राजनीतिक लाभ पाने के लिए एजेंसियों का उपयोग कर रहा है। उदाहरणार्थ, उन्होंने सुनिश्चित किया कि रविवार को सीआईएसएफ की 54वीं स्थापना दिवस परेड में आए केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का स्वागत एक पोस्टर से किया जाए जो लोकप्रिय 'वाशिंग पाउडर निरमा' प्रदर्शित कर रही लड़की वाले पोस्टर की तर्ज पर बनाया गया था। इससे यह संदेश देने का प्रयास किया गया था कि भाजपा एक वाशिंग पाउडर की तरह है जिसने हिमंत बिस्वा सरमा, नारायण राणे, सुवेन्दु अधिकारी, सुजाना चौधरी व ईश्वरप्पा जैसे राजनेताओं के कथित दुष्कृत्यों को धो डाला है।



केसीआर का कहना है कि भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने तथा आरोपों का सामना कर रहे नेताओं को कानून लागू करने वाली एजेंसियां परेशान नहीं करती हैं।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तथा उनके साथियों का विश्वास है कि कांग्रेस को भी भाजपा-विरोधी गठबंधन में शामिल होना चाहिए, हालांकि वे भी भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे हैं। 'नौकरी के लिए जमीन' घोटाला सामने आया है जो लालू यादव के रेल मंत्री कार्यकाल का है। लालू परिवार के लोगों से पूछताछ कर रही ईडी ने दावा किया है कि इस घोटाले में कथित रूप से प्राप्त की गई जमीन की कीमत लगभग 200 करोड़ रुपये है। ईडी का दावा खारिज करते हुए तेजस्वी यादव ने एजेंसी को चुनौती दी है कि वह 'जब्ती सूची' में शामिल सभी नाम उजागर करे। दूसरी ओर भाजपा ने कहा है कि विपक्षी नेता स्वयं को 'पीड़ित' की तरह पेश कर रहे हैं। ऐसे आरोप प्रत्यारोप भारतीय राजनीति का अंग बन चुके हैं। विभिन्न पार्टियों के नेताओं द्वारा दिए जाने वाले ऐसे बयानों की सच्चाई चाहे जो हो, वास्तव में कोई भी व्यवस्था में सुधार के लिए कुछ खास नहीं कर रहा है। विपक्षी नेता भाजपा सरकार पर केन्द्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाते हैं, लेकिन जब भाजपा सत्ता में नहीं थी तब वह भी यही बात कहती थी। विडंबना है कि किसी विपक्षी नेता ने संस्थागत परिवर्तनों की कोई बात नहीं की है ताकि ऐसे कथित दुरुपयोग रोके जा सकें। आखिर वे व्यवस्थागत सुधारों का सुझाव देने से हिचक क्यों रहे हैं? विपक्षी नेताओं की दिलचस्पी केवल येन-केन-प्रकारेण एक गठबंधन बनाना है ताकि वे भाजपा को सत्ता से हटाने में सफल हो सकें। यदि थोड़ी देर के लिए मान लिया जाए कि वे ऐसा करने में सफल हो सकते हैं तो भी यह 'अवसरवादी' गठजोड़ होगा जिसके अपने खतरे हैं। विपक्षी नेताओं को जोड़ने वाला 'गोंद' परिस्थितियों के बजाय कोई बड़ा विचार व प्रभावी विमर्श हो सकता है। विपक्ष की परेशानी इस कारण और बढ़ गई है कि नरेन्द्र मोदी नीत सरकार ने अतीत के किसी भी समय की तुलना में भ्रष्टाचार के खिलाफ अत्यधिक आक्रामक रणनीति अपनाई है।

# भारत का अनूठा ऊर्जा परिदृश्य

**यह अपरिहार्य है कि हम अपनी बड़ी आबादी के लिए ऊर्जा तक पहुंच, उपलब्धता और इसे किफायती बनाये रखना सुनिश्चित करें। यह हमारी स्थिति को अद्वितीय बनाता है।**



**हरदीप पुरी**
(लेखक, केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हैं)



बीपी ऊर्जा के पूर्वानुमानों और आईईए अनुमानों के अनुसार, बढ़ती ऊर्जा जरूरतों के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में, भारत की, 2020-2040 के बीच वैश्विक ऊर्जा मांग वृद्धि में हिस्सेदारी लगभग 25 प्रतिशत होगी।

यह अपरिहार्य है कि हम अपनी बड़ी आबादी के लिए ऊर्जा तक पहुंच, उपलब्धता और इसे किफायती बनाये रखना सुनिश्चित करें। यह हमारी स्थिति को अद्वितीय बनाता है और इसी बात पर हमारी ऊर्जा रणनीति भी आधारित है, जिसे अब दुनिया भर में व्यावहारिक और संतुलित माना जाता है।

यू.एस., कनाडा, स्पेन और यूके में पेट्रोल व डीजल की कीमतें 35-40 प्रतिशत तक बढ़ गईं, लेकिन कच्चे तेल की अपनी आवश्यकताओं का 85 प्रतिशत तथा प्राकृतिक गैस की अपनी आवश्यकताओं का 55 प्रतिशत से अधिक आयात करने के बावजूद, भारत में डीजल की कीमतों में पिछले 1 साल में कमी दर्ज की गयी है। जब हमारे पड़ोस के कई देशों में मांग को प्रबंधित करने के लिए बिजली कटौती हो रही थी तथा पेट्रोल और डीजल की भारी किल्लत थी, तो भारत में, यहां तक कि बाढ़ व प्राकृतिक आपदा जैसी स्थिति में भी, कहीं भी ईंधन की कोई कमी नहीं थी।

यह हमारे नागरिकों के लिए ऊर्जा न्याय सुनिश्चित करने के प्रति माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी के विज़न के कारण संभव हुआ है। केंद्र और कई बीजेपी शासित राज्यों ने उत्पाद शुल्क और वैट दरों में दो बार भारी कटौती की घोषणा की। अच्छे कॉर्पोरेट नागरिक होने का परिचय देते हुए सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों ने भारी नुकसान को सहन किया, ताकि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की कीमतों में भारी बढ़ोतरी का भार भारतीय उपभोक्ताओं पर न पड़े। हमारे सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा घरेलू गैस के अपने खुद के उपयोग को कम करने की कीमत पर भी, शहरी गैस वितरण क्षेत्र के लिए सब्सिडी वाली एपीएम गैस की आपूर्ति में भारी वृद्धि की गई। घरेलू उपभोक्ताओं को नज़रअंदाज कर रिफाइनरों और उत्पादकों द्वारा मुनाफा कमाने से रोकने के लिए; पेट्रोल, डीजल और एटीएफ पर निर्यात उपकर और घरेलू उत्पादित पेट्रोलियम उत्पादों पर विंडफॉल टैक्स लगाया गया।

इन वर्षों में, भारत ने कच्चे तेल के आपूर्तिकर्ताओं के अपने नेटवर्क का विस्तार किया है, जिसमें अब 39 देश शामिल हैं, जो पहले 27 देशों तक सीमित था। भारत ने कच्चे तेल की विश्वसनीय आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका (पिछले 4 वर्षों में ऊर्जा व्यापार 13 गुना बढ़ गया है) और रूस जैसे देशों के साथ अपने संबंधों को और मजबूत किया है। दुनिया के तीसरे सबसे बड़े आयातक के रूप में इस रणनीतिक बाजार कार्ड ने न केवल भारतीय उपभोक्ताओं के लिए किफायती ऊर्जा सुनिश्चित की, बल्कि वैश्विक पेट्रोलियम बाजारों पर भी शांतिपूर्ण प्रभाव डाला।

जिस तथ्य पर ध्यान दिया जाना चाहिए, वह यह है कि भारत द्वारा कुछ देशों से पेट्रोलियम उत्पादों की खरीद ने वास्तव में, लगभग 98-100 मिलियन बैरल/दिन की वैश्विक मांग और आपूर्ति को संतुलित रखा है, जिससे वैश्विक मूल्य श्रृंखला के लिए तेल की कीमतों को नियंत्रण में रखना संभव हुआ है। अगर ऐसा नहीं किया गया होता, तो वैश्विक कीमतें 300 डॉलर/बैरल तक पहुंच गई होतीं!

हम पारंपरिक ईंधन अन्वेषण और ऊर्जा स्रोतों में परिवर्तन, दोनों पर काम कर रहे हैं। भारत को एक आकर्षक ई एंड पी केंद्र बनाने के लिए हमारे सुधार; परामर्श प्रदाता कंपनी वुड मैकेंज़ी की रिपोर्ट में परिलक्षित होते हैं, जिसमें कहा गया है कि भारत 2023 का लाइसेंसिंग वाइल्डकार्ड हो सकता है।

भारत, 2025 तक, अन्वेषण के तहत अपने शुद्ध भौगोलिक क्षेत्र को 8 प्रतिशत (0.25 मिलियन वर्ग किमी) से बढ़ाकर 15 प्रतिशत (0.5 मिलियन वर्ग किमी) तक करना चाहता है और हमारे विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) में निषिद्ध/इस्तेमाल नहीं वाले क्षेत्रों को 99 प्रतिशत तक कम कर दिया गया है, जिससे अन्वेषण के लिए लगभग 1 मिलियन वर्ग किमी अतिरिक्त क्षेत्र की उपलब्धता सुनिश्चित हुई है।

जैसा मोदी जी ने ग्लासगो में वक्तव्य दिया था, हम अपने जलवायु स्रोतों के परिवर्तन से जुड़ी प्रतिबद्धताओं को लेकर दृढ़ हैं- जिसमें 2070 तक उत्सर्जन में नेट-जीरो का लक्ष्य हासिल करना और 2030 के अंत तक उत्सर्जन में 1 बिलियन टन की कटौती करना शामिल है।

जीवन स्तर के बेहतर होने और तेजी से शहरीकरण के अनुरूप, हम अपने पेट्रोकेमिकल उत्पादन का भी तेजी से विस्तार कर रहे हैं। भारत पेट्रोलियम उत्पादों का एक वैश्विक निर्यातक है और इसकी रिफाइनिंग क्षमता संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन और रूस के बाद दुनिया में चौथी सबसे बड़ी है। 2040 तक इस क्षमता को 450 एमएमटी तक बढ़ाने के प्रयास जारी हैं। रिफाइनिंग क्षमता विस्तार भी, अंतर्राष्ट्रीय तेल कीमतों में पिछले वर्ष हुए उतार-चढ़ाव के दौरान, ईंधन की कीमतों में स्थिरता सुनिश्चित करने वाले प्रमुख कारकों में से एक था।

भारत 2030 तक गैस की हिस्सेदारी मौजूदा 6.3 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत करके गैस आधारित अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ने के अपने प्रयासों में भी तेजी ला रहा है। भारत ने पिछले नौ वर्षों में 9.5 करोड़ से अधिक परिवारों को स्वच्छ खाना पकाने के ईंधन की सुविधा वाले परिवारों में शामिल किया है। पीएनजी कनेक्शन 2014 के 22.28 लाख से बढ़कर 2023 में 1 करोड़ से अधिक हो गए हैं। भारत में सीएनजी स्टेशनों की संख्या 2014 के 938 से बढ़कर 2023 में 4900 हो गई है। भारत ने अपने गैस पाइपलाइन नेटवर्क की लंबाई, 2014 के 14,700 किलोमीटर से 2023 में 22,000 किलोमीटर तक बढ़ा दी है।

हाल ही में समाप्त हुए भारत ऊर्जा सप्ताह 2023 में, माननीय प्रधानमंत्री द्वारा ई20, यानि 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रित गैसोलीन लॉन्च किया गया। इसके साथ, भारत ने अपनी जैव ईंधन क्रांति में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया, जिसे 15 शहरों में शुरू करके, अगले दो वर्षों में पूरे देश में विस्तारित किया जाएगा। भारत का इथेनॉल मिश्रित गैसोलीन 2013-14 के 1.53 प्रतिशत से बढ़कर 2023 में 10.17 प्रतिशत हो गया है। अब भारत पांच, दूसरी पीढ़ी के इथेनॉल भी स्थापित कर रहा है, जो कृषि अपशिष्ट को जैव ईंधन में परिवर्तित कर सकते हैं, जिससे पराली जलाने के कारण प्रदूषण कम होगा और किसानों की आय में वृद्धि होगी।

देश में संपूर्ण हरित हाइड्रोजन इकोसिस्टम विकसित करने के लिए 19,744 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन शुरू किया गया है, जो 4 मीट्रिक टन वार्षिक हरित हाइड्रोजन उत्पादन की दिशा में भारत के प्रयासों में तेजी लाएगा और 2030 तक संचयी जीवाश्म ईंधन आयात में 1 लाख करोड़ रुपये तक की बचत करेगा। भारत 2030 तक हरित हाइड्रोजन इकोसिस्टम विकसित करने के क्रम में अपनी पूरी क्षमता का उपयोग करने के लिए तैयार है।

अपनी ऊर्जा रणनीति की तरह, हम भारत के भविष्य के परिवहन क्षेत्र को बदलने के लिए एक एकीकृत मार्ग अपना रहे हैं। इसलिए, हरित हाइड्रोजन और जैव ईंधन के साथ, भारत ने 50 गीगावाट घंटे के उन्नत रसायन सेल बनाने के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना शुरू की है, जिसके माध्यम से इलेक्ट्रिक वाहनों को समर्थन दिया जा रहा है। इस क्षेत्र के लिए व्यावहारिक अंतर वित्तपोषण और सीमा शुल्क छूट की भी घोषणा की गयी है। हमने, मई 2024 तक 22,000 रिटेल आउटलेट्स पर वैकल्पिक ईंधन स्टेशनों (ईवी चार्जिंग/ सीएनजी/एलपीजी/एलएनजी/सीबीजी आदि) की स्थापना का लक्ष्य निर्धारित किया है। हम अपने अमृत काल के लक्ष्य, 2047 तक 26 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। हम माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी के विज़न के अनुरूप ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा ऊर्जा स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिए एक अद्वितीय रणनीति लागू कर रहे हैं।

# तीन चुनाव, तीन प्रयोग, अब आगे क्या?

> तीन चुनाव, तीन प्रयोग और तीन असफलताएं। इसके बाद अब चौथा चुनाव 2024 का लोकसभा चुनाव होगा जिसके लिए अखिलेश की रणनीति क्या होगी?

**राज बहादुर सिंह**
(लेखक पायनियर हिन्दी लखनऊ के ब्यूरो चीफ हैं)



नाटकीय व विवादास्पद घटनाक्रम के तहत समाजवादी पार्टी की बागडोर मिलने के बाद से हुए हर चुनाव में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने एक नया राजनीतिक प्रयोग किया है हालांकि वांछित परिणाम का उन्हें अब भी इंतजार है। हार की हैट्रिक बना चुके अखिलेश की चौथी परीक्षा यूं तो 2024 में होनी है लेकिन इसके लिए होमवर्क शुरू हो चुका है। कोलकाता में 17-19 मार्च के बीच सपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक प्रस्तावित है जिसमें पार्टी के चुनावी रोड मैप ही मुख्य रूप से चर्चा व परिचर्चा के केंद्र में होगा।

पार्टी पर काबिज होने के बाद अखिलेश यादव ने पहली चुनावी परीक्षा 2017 में दी थी और तब वह मुख्यमंत्री थे। अखिलेश ने चुनाव प्रचार शुरू होने की सुगबुगाहट के बीच अचानक राजनीतिक प्रेक्षकों को चौंकाते हुए कांग्रेस से चुनावी गठबंधन कर लिया। अखिलेश व राहुल गांधी के रूप में दो लड़कों का साथ चुनावी मौसम में खूब प्रचारित हुआ लेकिन नतीजों से पता चला कि यूपी की जनता को दो लड़कों का साथ पसंद नहीं आया। न केवल पसंद नहीं आया बल्कि इस हद तक नापसंद रहा कि सपा को 50 से कम व कांग्रेस को केवल सात विधानसभा सीटें मिलीं। अखिलेश का यह प्रयोग इस लिहाज से भी अभिनव ही कहा जाएगा क्योंकि सपा के संस्थापक व उनके पिता ने चुनावी गठबंधन करने की दृष्टि से कांग्रेस से सदैव दूरी बना कर रखी। हालांकि अखिलेश ने मुलायम से अलग राह चुनी और बुरी तरह नाकामयाब रहे।

अखिलेश ने दूसरा प्रयोग 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान किया जब उन्होंने सपा की धुरविरोधी बसपा के साथ चुनावी गठबंधन किया। इसके लिए उन्होंने बसपा सुप्रीमो मायावती को कैसे तैयार किया लेकिन लखनऊ के गेस्ट हाउस कांड के बाद सपा की धुर विरोधी बन चुकी बसपा के साथ चुनावी गठबंधन कर अखिलेश ने फिर सबको चौंका दिया।



राजनीतिक प्रेक्षकों के एक वर्ग का आकलन था कि सपा-बसपा का गठबंधन सत्तारूढ़ भाजपा के लिए प्रलयंकारी सबित होगा और इसका आधार विशुद्ध अंकगणित था कि दोनों का संयुक्त वोट भाजपा से ज्यादा होगा। बहरहाल जैसा कि चुनावी समर में बहुधा होता है यह विशुद्ध अंकगणित साबित नहीं होता। कभी कभी यह जातियों की केमिस्ट्री भी साबित होता है और सपा-बसपा गठन्धन के साथ भी ऐसा ही हुआ। गठबंधन सीटों में तब्दील न हो सका। बसपा को 11 व सपा को केवल पांच सीटें मिलीं। मोदी सरकार को सत्ता में बनाए रखने में उत्तर प्रदेश ने फिर एक बार महती भूमिका निभाई।

और तीसरा प्रयोग अखिलेश ने किया 2022 के विधानसभा चुनाव में जब अखिलेश ने विशुद्ध जातीय राजनीति करने वाले सुभासपा व पश्चिम में राष्ट्रीय लोकदल सहित अन्य छोटे दलों से गठबंधन किया लेकिन अखिलेश ने असली दांव तब भाजपा सरकार में शामिल मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य पर चला।

तीन चुनाव, तीन प्रयोग और तीन असफलताएं। इसके बाद अब चौथा चुनाव 2024 का लोकसभा चुनाव होगा जिसके लिए अखिलेश की रणनीति क्या होगी ? क्या वह फिर से कोई नया प्रयोग करेंगे या किसी पहले किए गए प्रयोग को कुछ संशोधनों के साथ आजमाएंगे ? यूं तो किसी सम्मेलन जैसे आयोजन में किसी चुनावी रणनीति को अंजाम देना मुमकिन नहीं होता फिर भी भावी कदमों को लेकर एक अनुमान तो लगाया ही जा सकता है।

मौर्य की अगुवाई में अति पिछड़ी जातियों के कई मंत्रियों व विधायकों को सरकार व भाजपा से अलग कर अखिलेश ने बेहद महत्वाकांक्षी योजना बनाई थी लेकिन जैसे जैसे चुनाव आगे बढ़ा यह योजना कमजोर पड़ती गयी और इसके रचयिता स्वामी प्रसाद मौर्य के खुद अपना चुनाव हारने के साथ यह योजना भी धराशायी हो गई। अखिलेश बीते कुछ दिनों से कांग्रेस के प्रति अपने रवैये में काफी तल्ख रहे हैं और एक धुंधला सा इशारा यह दे रहे हैं कि कदाचित वह लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की परंपरागत रायबरेली व अमेठी सीट पर प्रत्याशी न उतार कर कांग्रेस को समर्थन देने के बजाय इस बार खुद ही प्रत्याशी उतार सकते हैं। ऐसा होगा यह कह पाना अभी जल्दबाजी होगा लेकिन ऐसा होना चुनाव पूर्व ही सपा व कांग्रेस में तल्खी को बढ़ा कर अखिलेश को गैर भाजपा गैर कांग्रेस खेमे के और नजदीक पहुंचा देगा।

वैसे भी बीते दिनों कांग्रेस से कदरन दूरी बना कर तीसरे मोर्चे की कवायद में जुटे तेलंगाना के सीएम के चंद्रशेखर राव व दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के साथ अखिलेश की नजदीकी और प्रगाढ़ होती दिखी है। ममता बनर्जी से उनकी नजदीकी जगजाहिर है और सपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक कोलकाता में होना अनायास नहीं है। कोलकाता में दोनों अपनी एकजुटता के बहाने तीसरे मोर्चे के प्रति एकजुटता दिखाते नजर आएं तो कोई आश्चर्य नहीं होगा।

## आप की बात

### संक्रामक बीमारियां

**पिछले** कुछ वर्षों से कुछ खास संक्रामक बीमारियां लगातार परेशान कर रही हैं। स्वाइन फ्लू के बाद कोरोना और उसके बाद एच 3 एन 2 फ्लू वायरस ने लोगों को फिर आशंकित कर दिया है। इस वायरस से देश में दो लोगों की मौत होने के बाद से केंद्र सरकार ने राज्यों को मार्गदर्शन भेजकर अलर्ट किया है। खांसी, गले में संक्रमण, शरीर दर्द, नाक से पानी आना, आदि इस वायरस का लक्षण हो सकते हैं। वैसे अब मास्क लगाने, भीड़-भाड़ वाले स्थान से दूर रहने तथा सर्दी जुकाम होने की स्थिति में तत्काल डॉक्टरी सलाह लेने जैसे कदमों के सभी लोग अभ्यस्त हो चुके हैं। कोरोना के मामले कम हो गए तो लोगों ने राहत की सांस ली थी। अब ऐसे बीमार लोगों के आसपास रहने पर सतर्कता बरतनी होगी। इस बदलते मौसम में सर्दी और खांसी के साथ बुखार आम बात है। इस बीमारी की खबर के बाद सामान्य संक्रमण वाले मरीज भी चिंतित हो उठे हैं। आशंका हो तो जांच जरूर करा लें। सरकार को इस बीमारी की जांच के लिए जगह-जगह कैंप की व्यवस्था पर विचार करना चाहिए। विशेषज्ञों ने कोरोना के समय ही कहा था कि अब ऐसी बीमारियों के साथ रहने की आदत डालनी होगी। सतर्कता बरत कर हम इनसे बच सकते हैं।

**सदन जी**, पटना

### रामसेतु स्मारक

**पूर्व** राज्यसभा सदस्य सुब्रमण्यम स्वामी ने एक जनहित याचिका सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की है जिसमें उन्होंने रामायण काल में बने रामसेतु को राष्ट्रीय धरोहर या स्मारक घोषित करने की मांग की हैए जिसे सुप्रीम कोर्ट ने आज स्वीकार कर लिया है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस पी एस नरसिम्हा की पीठ ने इस याचिका पर संज्ञान लिया है। यूं भारत सरकार भी रामसेतु को राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने से जुड़े मामले पर विचार कर रही है तब अगर इसका फैसला स्वयं सुप्रीम कोर्ट से भी आता है तो यह सोने में सुहागा वाली बात होगी। केंद्र का कहना है कि इस विषय पर सांस्कृतिक मंत्रालय में भी विचार चल रहा है। पूर्व में केंद्र सरकार स्वयं रामसेतु के अस्तित्व को स्वीकार कर चुकी है। राज्यसभा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी ने संप्रग सरकार द्वारा शुरू की गई विवादित सेतु समुद्रम नहर परियोजना के खिलाफ याचिका दायर की थी। आज यदि रामसेतु को राष्ट्रीय स्मारक घोषित किया जाता है तो यह सभी सनातनपंथियों के लिए अच्छी बात होगी। इस संबंध में सबकी नजरें केन्द्र सरकार के कदम के साथ ही सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय पर लगी हैं।

**मनमोहन राजावत**, शाजापुर

### अतिथि देवो भव

**देश** की राजधानी में जापानी महिला पर्यटक के साथ होली के अवसर पर कुछ अति उत्साही युवाओं के द्वारा की गई जोर जबरदस्ती रंग डालने एवम बदसलूकी की घटना शर्मसार करने वाली घटना है। वर्तमान समय में हम वसुधैव कुटुंबकम की भावना से देश को तैयार कर रहे हैं तथा सभी पर्यटकों के लिए सुख सुविधाओं की व्यवस्था कर रहे हैं। केंद्र व सभी राज्य सरकारों द्वारा अतिथि देवो भव की संकल्पना को ध्यान में रखकर योजनाएं तैयार की जा रही है। ऐसे में किसी विदेशी पर्यटक के साथ घटित अप्रिय घटना मन को विचलित करने वाली है। ऐसी घटनाओं से भारत की छवि खराब होती है। खुशी की बात है कि अपराधियों को फौरन गिरफ्तार किया गया तथा जापानी महिला ने कहा कि वह इस घटना के बावजूद भारत को प्रेम करती है। सरकारों तथा खासकर पुलिस को पर्यटकों की सुरक्षा के प्रति सचेत रहने के साथ ही जनता में जागरूकता पैदा करने की जरूरत है। इसके साथ ही व्यापक स्तर पर गाइडों, होटल मालिकों, टैक्सी चालकों, आदि को भी संवेदनशीलता दिखानी होगी।

**वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**मैं** सदन द्वारा राहुल गांधी की टिप्पणी की निंदा करने की अपील करता हूं। आपको उन्हें अपनी टिप्पणियों के लिए इस सदन में माफी मांगनी चाहिए।

\- **राजनाथ सिंह**
रक्षा मंत्री



**संसद** को दिन भर के लिए स्थगित कर दिया गया क्योंकि सरकार नहीं चाहती थी कि यह काम करे।

\- **जयराम रमेश**
कांग्रेस नेता



**सरकार** व्यक्तियों की व्यक्तिगत स्वतंत्रता और गतिविधियों में दखले नहीं देती है लेकिन विवाह संस्था से संबंधित मुद्दा नीतिगत विषय है।

\- **किरन रिजिजू**
केंद्रीय मंत्री

# विभाजन की राजनीति करने वाले देश के विकास में बाधक

## सीएम व केंद्रीय मंत्री ने महोबा में 3500 करोड़ के निवेश से 9 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ, महोबा



**सीएम** योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को महोबा के पुलिस लाइन मोदी ग्राउंड में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के साथ 3500 करोड़ से अधिक के निवेश से 9 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बुंदेलखंड के युवाओं को नौकरी व रोजगार के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा बल्कि बुंदेलखंड में जो उद्योग लगेंगे। उसमें यहां दुनिया नौकरी करने आएगी। हमें विकास को प्राथमिकता देनी चाहिए। विभाजन की राजनीति करने वाले देश के विकास को बाधित करते हैं। युवाओं के सपनों, अन्नदाता किसानों के उत्थान में बाधक बनते हैं। पर हमें नकारात्मक सोच को दरकिनार कर विकास के सकारात्मक सोच की ओर बढ़ना है।

सीएम ने कहा कि आज बुंदेलखंड बहुत आगे बढ़ चुका है। पीएम के विकास के विजन को धरातल पर उतारने का कार्य हुआ है। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे बुंदेलखंड की लाइफलाइन बन चुकी है। हर घर नल योजना साकार रूप ले रही है। दुश्मन को दहलाने के लिए डिफेंस कॉरिडोर नए सिरे से खुद को तैयार कर रहा है। सीएम ने कहा कि संयोग है कि विकास की आधुनिक सोच के साथ गडकरी ने देश के इन्फ्रास्ट्रक्चर को आधुनिक रूप में बदलकर अर्थव्यवस्था की रफ्तार को दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करने में जो योगदान दिया है वह अविस्मरणीय व अभिनंदनीय है। आज हर बुंदेलखंडवासी आह्लादित है। बेहतर कनेक्टिविटी होती है तो इन्फ्रास्ट्रक्चर का योगदान विकास के लिए वैसे ही होता है जैसे शरीर में हड्डियों के ढांचे का होता है। यदि हड्डियां न हो तो शरीर की स्थिति क्या होती। विकास को तीव्र गति से बढ़ाने के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर तेजी से बढ़ रहा है। सीएम ने कहा कि इस बार यूपी शासन के बजट में भी बहुत कुछ दिया है। झांसी के लिए औद्योगिक डवलपमेंट अथॉरिटी निर्माण के लिए छह हजार करोड़ की व्यवस्था की है। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे हाइवे को झांसी व चित्रकूट तक पहुंचाने का कार्य भी करने जा रहे है। बांदा से चित्रकूट के बीच भी नए औद्योगिक डवलपमेंट अथॉरिटी निर्माण की कार्रवाई बढ़ाने जा रहे हैं। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे हाइवे पर दो नए औद्योगिक कलस्टर विकसित करने के लिए धनराशि की व्यवस्था की है। सीएम ने कहा कि पिछले दिनों ओरछा में गडकरी जी आए थे। पहली बार कोई केंद्रीय मंत्री एक महीने में दो बार बुंदेलखंड का दौरा कर रहे हैं और एक माह में यूपी में उनका चौथा दौरा है। आज विकास नई रफ्तार से बढ़ रहा है। सीएम ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में बुंदेलखंड के लिए 4 लाख 30 हजार करोड़ व महोबा के लिए 24 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। अर्जुन सहायक परियोजना के साथ सिंचाई की बड़ी परियोजनाओं ने मूर्त रूप लिया। यहां के लोगों की भावनाओं के अनुरूप सिंचाई व पेयजल के लिए उत्तम व्यवस्था देने जा रहे हैं। अर्जुन सागर परियोजना, उर्मिल बांध, कबरई व लहसुरा बांध परियोजनाएं शुद्ध पेयजल के साथ किसानों के खेतों में पानी पहुंचाएगी। सीएम ने कहा कि वीर भूमि बुंदेलखंड में पीएम के विजन के अनुरूप केंद्रीय मंत्री गडकरी ने इन्फ्रास्ट्रक्चर को नई पहचान दी है।

# जनता की समस्याओं का हो संवेदनशीलता से समाधान



## मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में 400 लोगों की समस्याएं सुनीं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ, गोरखपुर

**गोरखनाथ** मंदिर में सोमवार सुबह आयोजित जनता दर्शन में आए लोगों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आश्वस्त किया कि बिलकुल मत घबराइए, आपके साथ मैं हूं ना। किसी को भी चिंता करने की आवश्यकता नहीं है, सबकी समस्या का समाधान हर हाल में किया जाएगा। उन्होंने पास में मौजूद प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की समस्याओं पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और उनका संतुष्टिपरक समाधान कराएं। जरूरतमंदों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए।

गोरखनाथ मंदिर में दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब 400 लोगों से मुलाकात की। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक खुद पहुंचे और समस्या सुनते हुए उनके प्रार्थना पत्र लिए। उनकी बात इत्मीनान से सुनने के बाद पास में खड़े अधिकारियों को समस्या समाधान हेतु आवश्यक दिशानिर्देश दिए। अलग.अलग मामलों से जुड़े समस्याओं के निस्तारण के लिए उन्होंने संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध निष्पक्ष और सन्तुष्टिपरक होना चाहिए। अपराध से संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने का निर्देश दिया। जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए कई लोगों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले इस भरोसे से बहुत संबल मिला। मुख्यमंत्री ने कहा कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा।

# जन समस्याओं का त्वरित गति से किया जाए निदानः केशव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने कैम्प कार्यालय पर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में विभिन्न जनपदों से आये लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होंने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांगों, बुजुर्गों की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनता दर्शन में भूमि विवाद, दुर्घटनाओं से संबंधित, अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, स्कूल निर्माण, भूमि पट्टा, कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने, सड़क बनवाने, बिजली, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने, आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी।

# प्रभावी तरीके से लागू करें मुखबिर योजनाः ब्रजेश पाठक

- गर्भ में पल रहे शिशु के लिंग की जांच करने वाले अल्ट्रासाउंड सेंटर पर कसा जा रहा शिकंजा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उप** मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि गर्भ में पल रहे शिशु के लिंग की जांच करने वाले अल्ट्रासाउंड सेंटर पर शिकंजा कसें। लिंग की जांच करने वाले सेंटरों का पता बताने वाले लोगों को मुखबिर योजना का लाभ प्रदान किया जाये। नेशनल हेल्थ मिशन के तहत मुखबिर योजना के लिए पर्याप्त बजट जारी किया गया है। प्रदेश में इसे प्रभावी तरीके से लागू किया जाये। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी इसमें किसी भी तरह की लापरवाही न बरतें। शनिवार को प्रदेश के सभी 75 जिलों के सीएमओ को निर्देश देते हुए उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि मुखबिर योजना प्रभावी तरीके से लागू नहीं हो पा रही है। अधिकारी इसे गंभीरता से लें। ताकि गर्भ में पल रहे शिशु के लिंग का पता लगाने वाले अल्ट्रासाउंड सेंटर व संचालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सके। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अल्ट्रासाउंड का इस्तेमाल बीमारी का पता लगाने के लिए किया जाना चाहिए। गर्भास्थ शिशु के लिंग की पहचान करना अपराध है। ऐसा करने वालों के खिलाफ ठोस कार्रवाई की जाये।

**मुखबिरों को मिलेगा पुरस्कारः** जनसमुदाय द्वारा सफल डिक्कॉय ऑपरेशन करवाने पर मुखबिर को 60 हजार रुपये, मिथ्या ग्राहक को एक लाख रुपये प्रदान किये जायेंगे। मिथ्या ग्राहक सहायक को 40 हजार रुपये की धनराशि पुरस्कार के रूप में तीन किश्तों में दावा करने पर अनुमन्य की जायेगी। वहीं प्रत्येक मण्डल को 25 हजार और जनपद को 50 हजार टीए-डीए प्रदान किया जाएगा।

**नियमों की अनदेखी पर सील करें सेंटरः** निरीक्षण के समय यदि नियमों की अनदेखी मिलती है तो ऐसी दशा में सम्बन्धित केन्द्र की समस्त अल्ट्रासाउण्ड व गर्भधारण पूर्व अथवा प्रसव पूर्व लिंग की पहचान करने वाली सभी मशीनों को सील व सुबूतों को मूल रूप में जब्त किया जाए।

# मंत्री ने शतप्रतिशत बसों को ऑन रोड करने के दिए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**परिवहन** मंत्री दयाशंकर सिंह ने निर्देश दिया कि सामान्य दिवसों में भी शत प्रतिशत बसों को ऑनरोड किया जाय। उन्होंने बताया कि नई बसों को बस बेड़े में जोड़ा जा रहा है, जिससे कि यात्रियों को सुगम एवं सुविधाजनक यात्रा प्रदान की जा सके। उन्होंने बताया कि हाल ही में परिवहन निगम को मुख्यमंत्री द्वारा 115 नये बसें मुहैया कराई गई हैं। राजधानी लखनऊ को राजधानी एक्सप्रेस बस सेवा से सभी जनपदों से जोड़ा जा चुका है। साथ ही 39 साधारण बसें आवश्यकतानुसार विभिन्न डिपोज में लगाई गई है। परिवहन मंत्री ने होली के अवसर पर 3 मार्च से 13 मार्च 2023 की प्रातः काल तक सभी दिवसों में आज परिवहन निगम द्वारा उत्कृष्ट दैनिक आय 32.98 करोड़ रुपए अर्जित करने पर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी है। उन्होंने बताया कि गाजियाबाद, सहारनपुर एवं लखनऊ सर्वाधिक आय अर्जित करने वाले क्षेत्र रहे। इन क्षेत्रों द्वारा सम्मिलित रुप से 10 करोड़ रूपये से अधिक की आय अर्जित की गयी। मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि सभी क्षेत्रों द्वारा 12 मार्च एवं 13 मार्च की सुबह 8 बजे तक 25.51 लाख यात्रियों को परिवहन सुविधा उपलब्ध करायी गयी। गाजियाबाद, आगरा, अलीगढ़, बरेली, गोरखपुर, हरदोई, कानपुर, लखनऊ, मेरठ, मुरादाबाद, नोएडा एवं सहारनपुर द्वारा विशेष रूप से उत्कृष्ट आय अर्जित की गई।

## सीएम योगी ने नाटू नाटू और दि एलिफेंट व्हिस्पर्स की पूरी टीम को दी बधाई

**लखनऊ।** प्रतिष्ठित ऑस्कर अवॉर्ड की घोषणा हो चुकी है। भारतीय फिल्म आरआरआर के गीत नाटू नाटू को बेस्ट ओरिजनल सॉन्ग और दि एलिफेंट व्हिस्पर्स को शॉर्ट फिल्म कैटेगरी में जीत हासिल किये जाने के बाद देशभर में खुशी की लहर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दि एलिफेंट व्हिस्पर्स और आरआरआर फिल्म की पूरी टीम को बधाई देते हुए इस उपलब्धि को अतुल्य और अद्वितीय बताया है। सीएम योगी ने अपने ट्वीट में आरआरआर के गीत नाटू नाटू को प्रतिष्ठित ऑस्कर जीतकर भारतीय फिल्म उद्योग को गौरवान्वित करने के लिए बधाई दी है। उन्होंने लिखा है कि यह जीत वास्तव में भारतीय कला क्षेत्र में अमृत काल का प्रतीक है। बता दें कि लॉस एंजलिस स्थित डॉल्बी थिएटर में आयोजित 95वें ऑस्कर्स अवॉर्ड्स 2023 में भारतीय फिल्म आरआरआर के नाटू नाटू गीत को बेस्ट ओरिजनल सॉन्ग और दि एलिफेंट व्हिस्पर्स को बेस्ट शॉर्ट फिल्म कैटेगरी में पुरस्कृत किया गया है।

# औद्योगिक निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतारने की कमान मंत्री नन्दी के हाथ

- नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यीडा, यूपीसीडा, गीडा, यूपीडा और इन्वेस्ट यूपी की समीक्षा बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**ग्लोबल** इन्वेस्टर समिट 2023 में 33.50 लाख करोड़ का ऐतिहासिक निवेश प्रस्ताव प्राप्त होने के बाद अब प्रस्तावों को धरातल पर उतारने की कमान औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी को सौंपी गई है। ताकि लाखों करोड़ के निवेश प्रस्ताव को धरातल पर उतारते हुए अगस्त महीने में प्रस्तावित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में भूमि पूजन कराने कराया जा सके। औद्योगिक विकास विभाग ने ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के जरिए 6 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारते हुए भूमि पूजन की तैयारी शुरू कर दी है। जिसकी निगरानी और समीक्षा के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी अब प्रत्येक महीने नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण, यूपीसीडा, गीडा, यूपीडा और इन्वेस्ट यूपी के कार्यों, योजनाओं की समीक्षा करेंगे। जिसके लिए प्रत्येक महीने के द्वितीय मंगलवार को लखनऊ स्थित पिकअप भवन में बैठक होगी। समीक्षा बैठक में मंत्री नन्दी प्रस्तावित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में परियोजनाओं हेतु भू आवंटन क्लीयरेंस की स्थितिए एडिशनल लैंड बैंक अधिग्रहण किए जाने हेतु की गई कार्यवाही एवं 2022-23 की प्रगति व नए सेक्टर के विकास की कार्य योजना, आवासीय, व्यवसायिक, औद्योगिक, आईटी, स्टार्टअप, डाटा सेंटर, ईवी, वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक प्रयोग हेतु उपलब्ध भूमि आवंटन, विक्रय के लिए उपलब्ध भूखंड का विवरण, परियोजनाओं का क्रियान्वयनए नागरिक सुविधाओं का क्रियान्वयन आदि योजनाओं की समीक्षा करेंगे। निवेशकों को भूमि आवंटन के साथ ही अन्य प्रक्रिया में कोई दिक्कत न हो इसकी पूरी निगरानी की जायेगी। मंत्री नन्दी ने कहा कि भाजपा सरकार घोषणाएं नहीं करती बल्कि विकास कार्यों को धरातल पर उतारने का संकल्प लेती है जो उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में तीव्र गति से संकल्प से सिद्धि की ओर अग्रसर है। ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में प्राप्त ऐतिहासिक निवेश प्रस्ताव पर सवाल उठाने वालों के लिए हमारे सरकार का काम ही जवाब होगा। मंत्री नन्दी ने कहा कि उद्योगों के धरातल पर उतरते ही रोजगार की डिमांड और बढ़ेगी।

# नाकामी छिपाने के लिए भाजपा सरकार ने बनाया ईडी व सीबीआई को हथियारःअखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने अपने घपले, घोटाले तथा भ्रष्टाचार और नाकामी छिपाने और विपक्षी दलों के नेताओं की छवि को खराब करने और बदनाम करने के लिए ईडी और सीबीआई को हथियार बना लिया है।

सोमवार को अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में शहरों में कूड़े भरे पड़े हैं, सफाई नहीं है। इतने वर्ष सरकार चलाने के बाद भाजपा नगरों के सीवर सिस्टम को ठीक नहीं कर पायी, नालों में गन्दगी भरी पड़ी है। नदियां साफ नहीं हुई। गंगा में नाले गिर रहे है वह साफ नही हुए। हाउस टैक्स, वाटर टैक्स बढ़ा दिया गया है। सरकार आम जनता से बिजली बिल महंगा ले रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी चरम पर है। भाजपा सरकार के पास कोई जवाब नहीं है। शहरों में सड़के खराब और टूटी हुई हैं। शहरों में हाउस टैक्स और वाटर टैक्स बढ़ा दिया गया है। भाजपा ने सपना स्मार्ट सिटी का दिखाया था लेकिन शहरों में सांड घूम रहें है। जनता नगर निगम चुनाव में भाजपा को महंगाईए बेरोजगारी और अव्यवस्था का जवाब देगी।

यादव ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त है। भाजपा की सरकार में वाराणसी में वीवीआईपी संसदीय क्षेत्र में 25000 अवैध निर्माण हो गए जिनमें अधिकांश भाजपा के प्रश्रय प्राप्त लोगों की संलिप्तता है। जनता देख रही है कि अपराध के प्रति भाजपा की झूठी टॉलरेंस है। छोटी छोटी मासूम बच्चियां तक सुरक्षित नहीं।

# मुख्यालय की विभिन्न इकाइयों में तैनात पुलिसजनों के साथ डीजीपी ने खेली होली



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**डीजीपी** डॉ. देवेंद्र सिंह चौहान ने सोमवार को गोमती नगर विस्तार स्थित पुलिस मुख्यालय की विभिन्न इकाइयों में कार्यरत पुलिस कर्मचारियों के साथ होली मिलन समारोह में फूलों की होली खेली। इस मौके पर डीजीपी ने सभी कर्मचारियों व उनके परिवार को होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर एडीजी कार्मिक, एडीजी स्थापना, डीजीपी के जीएसओ, आईजी कानून व्यवस्थ व डीआईजी लोक शिकायत सहित मुख्यालय के अन्य वरिष्ठ अफसर मौजूद रहे।

# कानून व्यवस्था व अवस्थापना सुविधाओं के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र से नेशनल डिफेन्स कॉलेज के सीनियर डायरेक्टिंग स्टाफमेजर जनरल मुकेश अग्रवाल वीएसएम के नेतृत्व में आये 17 सैन्य प्रशिक्षु अधिकारियों एवं भारत सरकार के सिविल सेवा के वरिष्ठ अधिकारियों ने भेंट की। प्रतिनिधिमण्डल में श्रीलंका, रूस, नेपाल, इंडोनेशिया व यूनाइटेड किंगडम के अधिकारी भी शामिल थे।

मुख्य सचिव ने प्रतिनिधिमण्डल का उत्तर प्रदेश में स्वागत करते हुये कहा कि उत्तर प्रदेश भारत का सबसे बड़ा राज्य है। भगवान श्रीराम की धरती अयोध्या और सांस्कृतिक एवं प्राचीन नगरी काशी भी इसी प्रदेश में है। यहां समृद्ध अध्यात्मिक व सांस्कृतिक परम्पराओं के अलावा पर्याप्त प्राकृतिक संसाधन भी उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में विगत 6 वर्षों में अभूतपूर्व परिवर्तन आया है। प्रदेश में कानून व्यवस्था व अवस्थापना सुविधाओं के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। इसी का नतीजा है कि उप्र ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 में देश-विदेश से 25000 से अधिक निवेशकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। उन्होंने कहा कि इस समिट में 33 लाख 50 हजार करोड़ रुपये के 19000 से अधिक समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किया जाना अभूतपूर्व है। मुख्यमंत्री ने पांच साल में राज्य को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। जीआईएस 2023 इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। दीवाली से पहले ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी प्रस्तावित है। इस सेरेमनी में एक चौथाई एमओयू को धरातल पर उतराने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि ईज ऑफ डुइंग बिजनेस रैंकिंग में उत्तर प्रदेश का देश में द्वितीय स्थान है। बेहतर कनेक्टिविटी के लिए प्रदेश में विश्वस्तरीय एक्सप्रेसवेज का नेटवर्क तैयार किया गया है। साथ ही प्रदेश में एयर कनेक्टिविटी का विस्तार करते हुए नए शहरों को वायु सेवा से जोड़ा जा रहा है। उत्तर प्रदेश शीघ्र ही पांच अन्तर्राष्ट्रीय हवाई-अड्डों वाला देश का एक मात्र राज्य बन जाएगा। उन्होंने कहा कि एक जनपद एक मेडिकल कॉलेज की योजना के अंतर्गत सभी जनपदों में मेडिकल कॉलेज स्थापित करने का कार्य किया जा रहा है। प्रदेश में कोविड 19 प्रबन्धन की राष्ट्रीय स्तर पर ही नहीं अपितु अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसा हुई है। इसके उपरान्त मुख्य सचिव को नेशनल डिफेन्स कॉलेज के सीनियर डायरेक्टिंग स्टाफमेजर जनरल मुकेश अग्रवाल वीएसएम ने प्रतीक चिन्ह भेंट किया और मुख्य सचिव ने प्रतिनिधिमण्डल के सभी सदस्यों को ओडीओपी उत्पाद भेंट किये।

## प्रदेश में टिश्यू कल्चर पद्धति से होगा फल-फूल का उत्पादन



**लखनऊ।** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने जानकीपुरम स्थित बायोटेक पार्क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य सचिव के समक्ष बायोटेक पार्क और मेसर्स वेटीकेन शोना के मध्य अनुबन्ध हस्ताक्षरित किया गया। वेटीकेन शोना एग्रोटेक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा पार्क में टिश्यू कल्चर पद्धति का प्रयोग करते हुये केले, टीक, सन्दल तथा फूलों के पौधों का उत्पादन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि बायोटेक पार्क के उद्यमियों व स्टार्टअप्स को पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाये। निरीक्षण के दौरान मुख्य सचिव ने जैव प्रौद्योगिकी उद्यमियों व स्टार्टअप्स से वार्तालाप किया। वार्तालाप के दौरान मेसर्स हेलिक्सिनए, ग्रास रूट, ए बायो लिमिटेड, रेसपा, जीन टू प्रोटीन, लाइफकेयर इनोवेशन प्राइवेट लिमिटेड, चन्दन हेल्थ केयर लिमिटेड, आरबोरियल इनोवेशन्स प्राइवेट लिमिटेड आदि के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# आलू भंडारण के लिए प्रदेश में 1971 शीतगृह संचालित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** की योगी सरकार ने आलू भंडारण के लिए 1971 शीतगृह संचालित किए हैं। इन शीतगृह की भंडारण क्षमता 162.62 लाख मीट्रिक टन है। उद्यान निदेशक डॉ आरके तोमर ने बताया कि शीतगृह में अभी तक मात्र 88.14 लाख मीट्रिक टन ही आलू भंडारित किया गया है। उन्होंने बताया कि अभी भी शीतगृह में 45.80 प्रतिशत आलू भंडारण की क्षमता शेष है।

उन्होंने बताया कि शीतगृह संचालक आलू भंडारण में कोई हेराफेरी न कर सके, इस मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश सरकार की पूरी नजर शीतगृह पर है। इसके लिए प्रदेश सरकार ने यह व्यवस्था कर दी है कि प्रतिदिन उद्यान विभाग के अधिकारियों और कोल्ड स्टोरेज के मालिकों के साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग कर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कृषकों को आलू भण्डारण में किसी प्रकार की कोई समस्या न आये। इसके अतिरिक्त प्रत्येक कोल्ड स्टोरेज पर उद्यान विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों की ड्यूटी किसानों को कोल्ड स्टोरेज में आलू भण्डारण में सुगमता के लिए लगायी गयी। उन्होंने बताया कि किसानों को शीतगृह में आलू भंडारण के लिए प्रतिक्विन्तल 230 रुपए भण्डारण मालिक को देने होते है जो पूरे सीजन के लिए होता है। उन्होंने बताया कि नियमतः शीतगृहों में किसानों का 75 प्रतिशत आलू भंडारण का नियम है। इसके अलावा दस प्रतिशत शीतगृह के मालकों को आलू भंडारण होता है जबकि दस प्रतिशत क्षेत्रीय व्यापारियों को तथा विशेष परिस्थिति के लिए पांच प्रतिशत आलू भंडारण का अधिकार क्षेत्रीय उद्यान अधिकारी को दिया गया है। उन्होंने बताया इस बार 242.93 लाख मी् टन आलू उत्पादन संभावित है।

श्री तोमर ने बताया कि शीतगृहों में अभी तक करीब मात्र 88.14 लाख मीट्रिक टन ही आलू भंडारित किया गया है जबकि 74.48 लाख मी. टन आलू भण्डारण की क्षमता अभी अवशेष है।

# प्रतियोगिताओं से निखरती है प्रतिभा

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**खीरी** में खीरी, धौराहरा संसदीय क्षेत्र में सोमवार को न्याय पंचायत स्तर पर 09 स्थलो पर उत्साहए उल्लासए उमंग से सांसद खेल स्पर्धा प्रतियोगिता का भव्य आगाज हुआ, जिसमें एथलेटिक्स 100 मीटर, 400 मीटर,1500 मीटर, ऊँची कूद, गोला फेंक, कबड्डी, वॉलीबॉल (पुरुष) जैसी विभिन्न विधाओं में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। नकहा के केवलपुरवा इंटर कॉलेज में सांसद खेल स्पर्धा प्रतियोगिता का शुभारंभ विधायक योगेश वर्मा, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजयके साथ फीता काटकर किया। उन्होंने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उनका परिचय प्राप्त किया। प्रतियोगिता के दौरान जन प्रतिनिधि खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करते नजर आए, सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया। विधायक सदर योगेश वर्मा ने कहा कि क्षेत्रीय स्तर पर प्रतियोगिताएं न केवल स्थानीय प्रतिभा को निखारती हैं बल्कि पूरे क्षेत्र के खिलाड़ियों का मनोबल भी बढ़ाती हैं। सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय ने कहा कि खेल की दुनिया में देश की क्षमता को प्रदर्शित करने में सांसद खेल महाकुंभ की बहुत बड़ी भूमिका है। खेल भावना भविष्य में सभी एथलीटों के लिए सफलता के द्वार खोलेगी। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि सांसद खेल स्पर्धा का मुख्य उद्देश्य खेलों के प्रति युवाओं के रुचि बढ़ाना उन्हें और अधिक प्रतिभा वान बनाना है। इससे आगे चलकर युवाओं को राष्ट्रीय अंतर राष्ट्रीय स्तर पर खेल प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल सकेगा। खेलों से बच्चों का पूर्ण शारीरिक व मानसिक विकास होता है। हर क्षेत्र के लिए अच्छी प्रतिस्पर्धा खेल का मैदान ही सिखाता है। विजयी होने पर अभिमान नही आना चाहिए और हारने पर अपने प्रतिद्वंदी के विरूद्ध ईर्ष्या का भाव भी नहीं आना चाहिए। विजयी होने से ज्यादा अपनी जीत को बरकरार रखता महत्वपूर्ण होता है। तय रोस्टर के अनुसार जिला युवा कल्याण अधिकारी अरविंद स्वरूप कुशवाहा, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारियों की देखरेख में धौराहरा संसदीय क्षेत्र के मैगलगंज के मेला मैदान, मितौली के नवीन तहसील परिसर, मोहम्मदी के परिषदीय विद्यालय शाहपुर राजा एवं खीरी संसदीय क्षेत्र के पड़रियातुला के यूके इंटर कालेज, नकहा के केवलपुरवा इण्टर कॉलेज, गोला के राजकीय हाईस्कूल अहमदनगर, धौरहरा के प्रा वि. अदलीशपुर, निघासन के उप्रा विद्यालय लुधौरी, जिला पंचायत इंटर कालेज में आयोजित सांसद स्पर्धा प्रतियोगिता में युवाओं ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में अपना जौहर दिखाया। जनप्रतिनिधियों ने ना सिर्फ प्रतियोगिता का फीता काटकर शुभारंभ किया बल्कि युवा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन भी किया।

## डीएम ने की वाटर वुमन क्षिप्रा की हौसला अफजाई

**शाहजहांपुर।** सोमवार को तहसील पुवायां में डीएम उमेश प्रताप सिंह ने वाटर वूमेन शिप्रा की हौसला अफ्जाई करते हुए उनके प्रयास को युवाओं के लिए मिसाल बताया। डीएम ने पन घाट पर वृक्षारोपण भी किया। उन्होंने सोमवार को गोमती उद्गम से विलय तक की पदयात्रा करने वाली शिप्रा से मुलाकात की। डीएम ने वहां सभी पदयात्रियों का स्वागत करते हुए कहा कि युवाओं के इस तरह के जनजागरण से निकलने वाली क्रांति ही कल पर्यावरण की रक्षा में सहयोगी होगी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने शिप्रा के साथ वृक्षारोपण किया। एसडीएम पुवायां ने वॉटर वुमन शिप्रा को आश्वस्त किया कि गेहूं की फसल कटते ही गोमती माता की जमीन का चिन्हीकरण कराकर कब्जामुक्त कराया जाएगा एवं इसके संरक्षण के लिए सरकार की ओर से हरसंभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने जल को लेकर किए जा रहे कार्य की सराहना की।

# कवियों और शायरों ने कविता में परोसे रंग और गुझिया की मिठास

संवाददाता। सीतापुर

**शहर** की सामाजिक व साहित्यिक संस्था अन्नपूर्णा साहित्य संगम के द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस बार भी होली मिलन व कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। शहर के जेल रोड स्थित सरस्वती संगीत महाविद्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कवियों और शायरों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से गुझियों की मिठास कविता में घोलकर परोसा। वरिष्ठ कवि अशोक मिश्र की अध्यक्षता तथा रामकिशोर श्रीवास्तव के संचालन में कार्यक्रम आयोजित हुआ। संस्थान अध्यक्ष नवीन द्विवेदी के संरक्षण व यासीन इब्ने उमर के संयोजन में जी एल गांधी, अशोक मिश्र, मंजर यासीन, राम किशोर श्रीवास्तव, के पी मिश्र, नफीस सीतापुरी, एपी गौतम, गीता किशोर श्रीवास्तव, विजय प्रकाश कंठ, राजकुमार श्रीवास्तव, रौनक सीतापुरी, अरुण शर्मा बेधड़क, आलोक कुमार,अरुण शर्मा बेधड़क, आलोक कुमार, अरुण कुमार श्रीवास्तव, बृजेंद्र मिश्र आदि ने अपनी कविताएं सुनाकर समां बांधा।

### अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल मिश्रित नगर इकाई द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इसके मुख्य अतिथि मिश्रित एसडीएम अनिल कुमार रस्तोगी, मिश्रित सीओ सुशील यादव, कोतवाली प्रभारी जितेंद्र कुमार ओझा और विशिष्ट अतिथि संगठन के प्रदेश महामंत्री शोभित टंडन, जिला अध्यक्ष भगवती गुप्ता, सीतापुर नगर अध्यक्ष बृजेश रस्तोगी, मिश्रित नगर अध्यक्ष हरि प्रसाद वर्मा, वरिष्ठ संगठन महामंत्री गणेश महेश्वरी ,नगर उपाध्यक्ष राहुल कुमार वर्मा, नगर उपाध्यक्ष राजीव कुमार ओझा ,नगर उपाध्यक्ष राजेश कुमार स्वर्णकार व समस्त पदाधिकारी व व्यापारी मौजूद रहे।

### प्राथमिक विद्यालय व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के छात्रों ने किया डांस

मिश्रिख–नैमिषारण्य 84 कोसीय होली परिक्रमा महोत्सव के अवसर तीसरे दिन उच्च प्राथमिक विद्यालय हरदोईया, मछरेहटा के 10 बच्चों द्वारा ग्रुप डान्स, उच्च प्राथमिक विद्यालय बीहटबीरम, 10 बच्चों द्वारा ग्रुप डान्स, उच्च प्राथमिक विद्यालय पौडावर, 10 बच्चों द्वारा ग्रुप डान्स, कस्तूरबा गांधी विद्यालय मछरेहटा के 10 बच्चों द्वारा नाटक एवं रामसेवक किशुन गोपाल इंटर कालेज कल्ली चौराहा, मिश्रिख के 10 बच्चों द्वारा नाटक का प्रस्तुतीकरण किया गया।

## श्रीमानस अमृत राम कथा की हुई शुरुआत

**मोहम्मदी–खीरी।** नगर की सुख, शांति और समृद्धि की कामना को लेकर नगर के पुवायां रोड स्थित श्री श्याम बल्लभा मंदिर में श्रीमानस अमृत राम कथा की शुरुआत कलशयात्रा से की गई। यह कलशयात्रा मंदिर परिसर से शुरू होकर नगर भ्रमण कर कथा स्थल पर समाप्त होगी। इस दौरान शहर की सैकड़ों महिलाएं, पुरुष और बच्चे मौजूद रहे। नगर में पुवायां रोड स्थित श्री श्याम बल्लभा मंदिर में शुरू हुई श्री मानस अमृत राम कथा के शुभारंभ के पहले आयोजक रजनी सैनी ने प्रेसवार्ता आयोजित की गई। प्रेसवार्ता में आयोजक रजनी सैनी ने कार्यक्रम से संबंधित जानकारी देते हुए बताया कि हमारा 11 श्री मानस अमृत राम कथा का लक्ष्य है। इस द्वितीय धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ नगर की पुवायां रोड स्थित श्री श्याम बल्लभा मंदिर से कलश यात्रा के साथ होगा। कथा 14 मार्च से 22 मार्च तक प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से 6 शाम बजे तक कथा होगी।

# डीएम ने कसे अफसरों के पेंच

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**सोमवार** की शाम डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में शासन के सर्वोच्च प्राथमिकता वाले 37 सूत्रीय विकास कार्यक्रमों की मासिक समीक्षा बैठक ली, संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। बैठक का संचालन डीएसटीओ अरविंद कुमार ने किया। डीएम ने प्रशासकीय विभागों व कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया कि बेहतर समन्वय के साथ सभी आनगोईंग प्रोजेक्ट को निर्धारित समयावधि तथा शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार पूर्ण किया जाय। सभी पूर्ण परियोजनाओं में हस्तान्तरण से सम्बन्धित कार्यवाही को तत्काल पूराकर उन्हें जनोपयोग में भी लाया जाय। कहा कि सभी अधिकारी टीम भावना के साथ विकास कार्यक्रमों को आगे बढ़ाएं। उन्होंने 50 लाख की लागत से ऊपर के विकास कार्यों की समीक्षा की, डीएसटीओ को निर्देश दिए कि इन परियोजनाओं में गठित कमेटी निर्माणाधीन कामों का विजिट कर सत्यापन करते हुए गुणवत्ता व समयबद्धता सुनिश्चित कराएं। अद्यतन रिपोर्ट से उन्हें अवगत कराएं। 25 लाख से ऊपर एवं 50 लाख से कम धनराशि वाली प्रत्येक परियोजना के कामों के सत्यापन के लिए सीडीओ के स्तर से दो सदस्यीय समिति का गठन किया जाए। उन्होंने रोगी कल्याण समिति, ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति की अद्यतन स्थिति जानी, उपलब्ध धनराशि का शत प्रतिशत सदुपयोग करने के निर्देश दिए। पीएम स्वनिधि योजना के तहत बैंकवार प्राप्त आवेदन के सापेक्ष स्वीकृति एवं धनराशि अंतरण की गहन समीक्षा की। निर्देश दिए कि जिन लाभार्थियों ने प्रथम लोन की अदायगी कर दी है, उन्हें प्राप्त आवेदन के सापेक्ष दूसरी लोन स्वीकृत करें। वहीं दूसरी लोन अदा करने वालों को तीसरे लोन स्वीकृत करें। सीडीओ ने कहा कि संबंधित विभाग के अधिकारी कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों का स्वयं भी समय–समय पर अनुश्रवण कराना सुनिश्चित करें। सभी अधिकारी सरकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार–प्रसार कराएं, ताकि पात्र व्यक्ति योजनाओं से जुड़कर भविष्य को संवारें। बैठक में पीएम आवास योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, मनरेगा, पीएम ग्राम सड़क योजना, सामुदायिक शौचालय, पंचायत घर, सीएम कन्या सुमंगला योजना उप्र मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, ऑपरेशन कायाकल्प सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की एवं संबंधित को जरूरी निर्देश दिए।

# मरीजों को नहीं होगी स्ट्रेचर और व्हीलचेयर की समस्या

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**गंभीर** मरीजों के लिए अतिरिक्त स्ट्रेचर और व्हीलचेयर की व्यवस्था को लेकर एक नया काउंटर जिला पुरुष चिकित्सालय एमसीएच विंग में बना दिया गया है और यहां पर रोस्टर के अनुसार 24 घंटे की ड्यूटी भी लगा दी गई है। गंभीर मरीजों के लिए उनके परिजन व तीमारदार यहां से 24 घंटे स्ट्रेचर व व्हीलचेयर यहां से प्राप्त कर सकते हैं। 200 शैय्या चिकित्सालय एमसीएच विंग के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ ए सी श्रीवास्तव ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर भवन में गंभीर मरीजों के लिए अतिरिक्त स्ट्रेचर और व्हीलचेयर की व्यवस्था कराई गई है। इस क्रम में 27 स्ट्रेचर व 28 व्हीलचेयर को पुर्ननियोजित करते हुए ओपीडी में पांच स्ट्रेचर एवं 6 व्हील चेयर का नया काउंटर डिस्प्ले सहित बनाया गया है। वहीं पर 24 घंटे रोस्टर वाइज वार्ड ब्वाय की ड्यूटी लगाई गई है। इसी के साथ इमरजेंसी में 4 स्ट्रेचर एवं दो व्हीलचेयर लगाए गए हैं। इसके अतिरिक्त प्रत्येक वार्ड में व्हीलचेयर एवं स्टेशन पहले से ही उपलब्ध हैं जो क्रियाशील है। उन्होंने बताया कि नवनिर्मित ओपीडी काउंटर में ड्यूटी पर लगाए गए स्वास्थ्य कर्मियों की लिस्ट भी चस्पा की गई है। किसी भी मरीज के तीमारदार को अगर व्हीलचेयर और स्ट्रेचर की आवश्यकता पड़ती है तो वह इन स्थानों से प्राप्त कर सकता है। विषम परिस्थितियों में वह 24 घंटे संचालित काउंटर पर जाकर व्हीलचेयर व स्ट्रेचर प्राप्त कर सकता है।



## क्विक न्यूज

### आईटीआई में प्रशिक्षण सत्र 1 अप्रैल से

**सीतापुर।** प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सीतापुर ने बताया कि 01 अप्रैल, से प्रारम्भ होने वाले प्रशिक्षण सत्र व्यवसाय हिन्दी टंकण के प्रवेश हेतु आवेदन-पत्रों की बिक्री एवं जमा का कार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सीतापुर के महिला शाखा में 14 मार्च से 28 मार्च तक किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सीतापुर के कार्यालय से सम्पर्क स्थापित कर सकते है।

### बरेली क्लब में लगी पुष्प प्रदर्शनी

**बरेली।** क्लब लिमिटेड बरेली का सबसे अलग क्लब है जिसकी 126 वर्षों से अधिक की विरासत है। बरेली के नागरिकों के लिए वार्षिक पुष्प प्रदर्शनी हमेशा से एक प्रमुख आकर्षण रहा है। वर्ष 2023 के लिए पुष्प प्रदर्शनी 10 मार्च से 12 मार्च 2023 तक आयोजित की गई थी। इसमें सात सम्मानित न्यायाधीशों का एक पैनल था। न्यायाधीशों ने बरेली और उसके आसपास के विभिन्न स्थानों का दौरा किया और भाग लेने के लिए प्रवेश किए गए पुष्प उद्यानों और लॉन का दौरा किया। कुल 27 संस्थान/व्यक्ति थे जिन्होंने अपनी प्रविष्टियों की बोली लगाई और 13 श्रेणियों के तहत कुल 1009 प्रविष्टियां प्राप्त हुईं। प्रतिभागियों ने अपने प्यार और कड़ी मेहनत से मेहनत की और निर्णायकों ने मूल्यांकन करते समय सूक्ष्म विवरण पर ध्यान दिया। जजों के पैनल में शामिल थे परमिंदर झास, सुनीता चौधरी , प्रेरणा सिंह , करिन सिंह , सुनीत चावला , परनीता निझावन , राम गुप्ता। बरेली क्लब के संरक्षकों को धन्यवाद देते हैं जिन्होंने पुरस्कार वितरण समारोह में अतिथियों के रूप में समारोह की अध्यक्षता करने के लिए शालीनता से सहमति दी।उनके लिए फ्लावर शो 2023 का ओवरऑल फर्स्ट प्राइज आर्मी के जूनियर लीडर्स एकेडेमी को गया । उपविजेता ट्रॉफी छावनी परिषद बरेली को प्रदान की गई।



## पेज एक का शेष

### ऑस्कर में...

दूसरी ओर, डॉक्यूमेंट्री द एलिफेंट व्हिस्परर्स ने डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट सब्जेक्ट श्रेणी में जीता ऑस्कर है। कार्तिकी गोंजाल्विस द्वारा निर्देशित ओटीटी (ओवर–द–टॉप) मंच नेटफ्लिक्स की डॉक्यूमेंट्री (वृत्तचित्र) ने इस श्रेणी में हॉलआउट, हाउ डू यू मेजरमेंट ए ईयर?, द मार्था मिशेल इफेक्ट और स्ट्रेंजर एट द गेट को मात दी। कार्तिकी गोंजाल्विस ने भी पुरस्कार स्वीकार करते हुए इसे अपनी मातृभूमि भारत को समर्पित किया। गोंजाल्विस ने कहा कि मेरी पूरी टीम के साथ–साथ मेरी मां, पिता तथा बहन और मेरी मातृभूमि भारत का शुक्रिया। वृत्तचित्र द एलिफेंट व्हिस्परर्स दो हाथियों और उनकी देखभाल करने वालों के बीच के अटूट बंधन पर आधारित है। निर्माण कंपनी सिख्या एंटरटेनमेंट की मोंगा और अचिन जैन भी इसके निर्माता हैं। मोंगा ने मंच पर कुछ नहीं कहा, हालांकि कुछ समय बाद उन्होंने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर अपनी खुशी जाहिर की। वहीं, जलवायु परिवर्तन पर आधारित भारतीय वृत्तचित्र ऑल दैट ब्रीथ्स सर्वश्रेष्ठ वृत्तचित्र फीचर श्रेणी में पुरस्कार जीतने से चूक गई। डेनियल रोहर की नवलनी ने उसे मात दी। रजनीकांत, ए आर रहमान, शाहरुख खान, प्रियंका चोपड़ा जोनस, आलिया भट्ट, ऋतिक रोशन और अजय देवगन सहित भारतीय फिल्म जगत के कई कलाकारों ने तेलुगु फिल्म आरआरआर और तमिल वृत्तचित्र द एलिफेंट व्हिस्परर्स के ऑस्कर जीतने पर खुशी जाहिर करते हुए इसे बेहद खास पल बताया है। गौरतलब है कि डैनी बॉयल द्वारा निर्देशित ब्रिटेन की फिल्म स्लमडॉग मिलियनेयर का गीत जय हो सर्वश्रेष्ठ मूल स्कोर व मूल गीत श्रेणियों में अकादमी पुरस्कार जीतने वाला पहला हिंदी गीत है। इसके संगीतकार ए.आर. रहमान हैं और इसके बोल गुलजार ने लिखे हैं।

### लंदन में...

सदन के नेता की इस टिप्पणी का कांग्रेस सहित कुछ अन्य विपक्षी दलों ने प्रतिकार करते हुए हंगामा किया। विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने इस बात पर आपत्ति जताई और कहा कि जो नेता राज्यसभा के सदस्य नहीं हैं, उनके बारे में नेता सदन ने यहां टीका–टिप्पणी की और उन्हें सदन में बुलाने की बात कर रहे हैं। राहुल गांधी लोकसभा में केरल के वायनाड संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। गोयल की टिप्पणियों की निंदा करते हुए खरगे ने कहा कि यहां जो चल रहा है, उस विषय के बारे में सारी दुनिया जानती है। उन्होंने कहा, अगर हमने कहा कि लोकतंत्र सही तरीके से नहीं चल रहा है... संविधान के अनुसार लोकतंत्र नहीं चल रहा है, लोकतांत्रिक उसूलों के तहत नहीं चल रहा है। इसी दौरान खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अपने चीन दौरे के दौरान की गई कुछ टिप्पणियों का उल्लेख किया। इस पर सत्ता पक्ष के सदस्यों ने हंगामा आरंभ कर दिया। कांग्रेस के दिग्विजय सिंह ने कहा कि वह सदन में पहली बार यह देख रहे हैं कि सत्ता पक्ष सदन को नहीं चलने दे रहा है। उन्होंने कहा कि सदन को चलाने की जिम्मेदारी सत्ता पक्ष की होती है। सदन में हंगामे के कारण कार्यवाही पहले दिन में दो बजे और फिर दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी ने ब्रिटेन के मशहूर शिक्षण संस्थान कैंब्रिज विश्वविद्यालय में दिए व्याख्यान में यह आरोप लगाया था कि भारत में लोकतंत्र पर हमला हो रहा है और प्रधानमंत्री मोदी भारत के लोकतांत्रिक ढांचे को नष्ट कर रहे हैं।

### समलैंगिक विवाह...

इसने कहा कि अगर समलैंगिक विवाह को मान्यता दी जाती है, तो इस मुद्दे का गोद लेने जैसे कानून पर प्रभाव पड़ सकता है। पीठ ने केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा, यह जरूरी नहीं है कि समलैंगिक जोड़े द्वारा गोद लिया हुआ बच्चा समलैंगिक हो। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ताओं ने समलैंगिक जोड़ों के शादी करने के अधिकारों को मान्यता देने का अनुरोध किया है, और निजता के अधिकार तथा भारतीय दंड संहिता की धारा 377 को अपराध की श्रेणी से बाहर करने के शीर्ष अदालत के फैसले पर भरोसा जताते हुए याचिकाकर्ताओं ने जीवन एवं व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार, गरिमा के अधिकार एवं अन्य से जुड़े व्यापक संवैधानिक अधिकारों पर जोर दिया है। पीठ ने कहा कि उसके समक्ष उठाए गए मुद्दों में से एक ट्रांसजेंडर जोड़ों के विवाह के अधिकार से भी संबंधित है।

### शादी की...

जब शादी की संस्था से जुड़ा कोई मुद्दा आता है तो यह नीतिगत विषय है।' उन्होंने संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से कहा, 'नागरिकों की व्यक्तिगत स्वतंत्रता और व्यक्तिगत गतिविधियों को सरकार कभी बाधित या विनियमित नहीं करती है। आपको इस बारे में स्पष्ट होना चाहिए। एक स्पष्ट अंतर है।'

### रक्षा मंत्रालय...

लेकिन अन्य किस्तों के भुगतान के लिए उसे कुछ और समय की जरूरत है। पीठ ने वेंकटरमणी से कहा, पहले ओआरओपी बकाया के भुगतान पर 20 जनवरी की अपनी अधिसूचना वापस लें, फिर हम समय दिए जाने के संबंध में आपके आवेदन पर विचार करेंगे। इसके साथ ही पीठ ने कहा कि रक्षा मंत्रालय का 20 जनवरी का परिपत्र पूरी तरह से उसके फैसले के विपरीत था और वह अपनी ओर से एकतरफा यह नहीं कह सकता कि वह चार किस्तों में ओआरओपी का बकाया भुगतान करेगा। पीठ ने अटॉर्नी जनरल को भुगतान की जाने वाली राशि, अपनाए जाने वाले तौर–तरीकों और बकाया भुगतान के लिए प्राथमिकता आदि का विवरण देते हुए एक नोट तैयार करने को कहा। पीठ ने कहा, हम चाहते हैं कि किसी प्रकार का वर्गीकरण होना चाहिए और पहले वृद्ध लोगों को बकाए का भुगतान किया जाना चाहिए। मामला शुरू होने के बाद से अब तक चार लाख से अधिक पेंशनभोगियों की मृत्यु हो चुकी है।

### घरेलू मुद्दों...

इसमें कहा गया कि भारत की मंशा पाकिस्तान के साथ सामान्य पड़ोसी वाले संबंध रखने की है तथा नई दिल्ली का यह सतत रुख रहा है कि यदि कोई मुद्दा है, तो उसका समाधान आतंकवाद एवं हिंसा से मुक्त माहौल में शांतिपूर्ण एवं द्विपक्षीय आधार पर निकाला जाना चाहिए। विदेश मंत्रालय ने कहा, भारत ने उन समस्त मामलों पर पाकिस्तान की सभी कार्रवाई और बयानों को पूरी तरह से खारिज किया है, जिनका संबंध भारत के अंदरूनी मामलों से है। उसने यह भी कहा कि विभिन्न देशों के बीच इस बात को लेकर व्यापक समझ है कि जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है तथा इससे संबंधित मामले देश के अंदरूनी मामले हैं। मंत्रालय ने कहा, भारत द्वारा पाक को जनवरी 2004 में व्यक्त की गई उसकी प्रतिबद्धता का पालन करने के लिए लगातार अनुरोध किए जाने के बावजूद सीमा पार आतंकवाद, घुसपैठ तथा नियंत्रण रेखा के पार से हो रही हथियारों की गैरकानूनी तस्करी में कोई कमी नहीं आई है। पाकिस्तान ने जनवरी 2004 में प्रतिबद्धता व्यक्त की थी कि वह अपनी भूमि का उपयोग भारत के विरुद्ध आतंकवाद के लिए नहीं होने देगा। इसने कहा, पाकिस्तान द्वारा 26।11 के मुंबई आतंकवादी हमलों के (पीड़ितों के) परिवारों को न्याय दिलाया जाना अभी शेष है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत इस बात की आवश्यकता पर बल देता रहा है कि पाकिस्तान को सीमा पार आतंकवाद को समाप्त करने के लिए विश्वसनीय, अपरिवर्तनीय एवं पुष्टि योग्य कदम उठने चाहिए।

### भारत ने...

भट्ट ने कहा कि 2021–22 में कुल रक्षा निर्यात 12,815 करोड़ रुपए रहा, जबकि 2020–21 में यह 8,435 करोड़ रुपए, 2019–20 में 9,116 करोड़ रुपए और 2018–19 में 10,746 करोड़ रुपए था। उन्होंने बताया कि 2017–18 में यह राशि 4,682 करोड़ रुपए थी। मंत्री ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में छह मार्च तक रक्षा निर्यात का कुल मूल्य 13,399 करोड़ रुपए था। उन्होंने कहा, सरकार ने आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए विभिन्न रक्षा वस्तुओं के स्वदेशीकरण पर ध्यान केंद्रित किया है। स्थानीय संसाधनों से बने स्वदेशी उत्पाद वैश्विक रूप से लागत प्रतिस्पर्धी हो जाते हैं और यह वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में एमएसएमई के एकीकरण की सुविधा भी प्रदान करता है। उन्होंने कहा, डीआरडीओ द्वारा विकसित नई प्रौद्योगिकियों को नियमित रूप से बिना किसी शुल्क के उद्योगों को हस्तांतरित किया जाता है। उद्योगों को डीआरडीओ पेटेंट तक मुफ्त पहुंच दी जाती है। एक अन्य सवाल के जवाब में भट्ट ने कहा कि रक्षा मंत्रालय की विभिन्न सेवाओं और संगठनों के प्रबंधन के तहत करीब 45,906 एकड़ रक्षा भूमि फिलहाल खाली पड़ी है। उन्होंने कहा, आयुध कारखाना बोर्ड के निगमीकरण के बाद 16 कारखानों में लगभग 3,152 एकड़ की अतिरिक्त भूमि की पहचान की गई है। एक अन्य सवाल के जवाब में भट्ट ने कहा कि रक्षा मंत्रालय ने विभिन्न स्थानों पर रक्षा प्रतिष्ठान की परिधि के आसपास प्रतिबंधित क्षेत्र को 100 मीटर से घटाकर 50 मीटर कर दिया है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा चिंताओं के मद्देनजर प्रतिबंधित दूरी से संबंधित संचार में सूचीबद्ध नहीं किए गए स्थानों को अपरिवर्तित रखा गया है। मंत्री ने कहा कि प्रतिबंधित क्षेत्र के भीतर निर्माण गतिविधियों को अंजाम देने के लिए स्थानीय सैन्य प्राधिकरण से अनापत्ति प्रमाण पत्र की आवश्यकता होती है। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि विदेशी स्रोतों से रक्षा खरीद पर खर्च 2018–19 में कुल व्यय के 46 प्रतिशत से घटकर पिछले दिसंबर तक 36.7 प्रतिशत हो गया है। भट्ट ने कहा कि 155 एमएम आर्टिलरी गन सिस्टम धनुष , हल्के लड़ाकू विमान तेजस, सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली आकाश , मुख्य युद्धक टैंक अर्जुन , टी–90 टैंक, टी–72 टैंक और चीता हेलीकॉप्टर प्रमुख स्वदेशी रक्षा परियोजनाओं में शामिल हैं।

### उप्र की...

और उत्तर प्रदेश को अमेरिका के बराबर पहुंचाने का काम निश्चित रूप से करेंगे। मुझे खुशी हैं कि जो जो विकास कार्य यहां मांगे गए थे लगभग 90 प्रतिशत मांगे पूरी हुई हैं। मुख्यमंत्री ने जेवर हवाई अडडे की कनेक्टिविटी की बात कही थी यह काम जल्द ही पूरा हो जाएगा। उन्होंने मोदी के नेतृत्व में अवसरंचना को प्राथमिकता मिलने का दावा करते हुए कहाकि पूर्वांचल एक्सप्रेस वे और गंगा एक्सप्रेस वे को हम कनेक्टिविटी दे रहे हैं। मेरठ–बुलंदशहर मार्ग पर तीन सौ करोड़ रुपए की लागत से आठ किलोमीटर का स्पल बनाकर हम गंगा एक्सप्रेस वे को कनेक्टिविटी दे रहे हैं। पूर्वांचल एक्सप्रसे वे में गाजीपुर से बलिया होकर माझीघाट तक 5320 करोड़ रुपए की लागत से 134 किलोमीटर फोर लेन ग्रीन फील्ड लेन एक्सप्रेस वे पूर्वांचल एक्सप्रेस वे से जोड़ा जाएगा। यह भी मांग हमने पूरी कर दी हैं। इसके लिए एक इन्टरचेज भी हम बना रहे हैं। गडकरी ने कहा कि कुंभ के दौरान प्रयागराज के लिए बेहतर कनेक्टिविटी की मांग उठी थी और प्रयागराज को मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश के प्रमुख शहरों को जोड़ने का काम तेजी से हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज से कानपुर तक 2160 करोड़ रुपए की लागत से 145 किलोमीटर लंबा छह लेन मार्ग का निर्माण मई 2023 में हो जाएगा तथा रायबरेली–जगदीशपुर– अयोध्या चार लेन का निर्माण 2600 करोड़ रूपएं की लागत से 107 किलोमीटर चार लेन सड़क का निर्माण जुलाई 2023 में हो जाएगा। उन्होंने कहा कि लखनऊ से वाराणसी चार लेन का निर्माण करीब 8850 करोड़ रुपए लागत से 268 किलोमीटर का चार लेन सड़क का निर्माण हो रहा है जो अप्रैल 2023 में पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि योगी अनेक शहरों के लिए रिंग रोड की मांग की थी, उत्तर प्रदेश में 41 हजार करोड़ रुपए की 40 रिंग रोड और बायपास के निर्माण को मंजूरी दे दी गई है। गडकरी ने कहा कि अब जिस प्रकार से उत्तर प्रदेश में निवेश आ रहा है उससे विश्वास है कि यह देश का सुखी, संपन्न राज्य निश्चित रूप से बनेगा। उन्होंने कहा कि उप्र में रोड का विकास प्रदेश की गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी को दूर करेगा। उन्होंने कहा कि उप्र में आटोमोबाइल उद्योग लाने की जरूरत हैं ताकि युवाओं को अधिक से अधिक लोगो को रोजगार मिलेगा। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज पूरे देश में सड़क अवसरंचना का जो मजबूत नेटवर्क नजर आ रहा है, उसका श्रेय केंद्रीय सड़क, परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को जाता है। उन्होंने कहा कि दुनिया अचंभित है कि कैसे सदी की सबसे बड़ी महामारी के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था इतनी तेजी से उभरते हुए आगे बढ़ रही है, इसका आधार मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर है।

### अतीक के ...

जिसके आधार पर डीजी ने प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर कठोर कार्रवाई करते हुए उक्त प्रकरण में जेल राजीव कुमार मिश्र, डिप्टी जेलर दुर्गेश प्रताप सिंह, हेड जेल वार्डर ब्रिजवीर सिंह, जेल वार्डर मनोज गौड़, जेल वार्डर दानिश मेंहदी, जेल वार्डर दलपत सिंह और जेल वार्डर शिव हरि अवस्थी को निलंबित कर दिया है। दूसरे डिप्टी जेलर कृष्ण मुरारी गुप्ता को नोटिस जारी किया गया है। जेल अधीक्षक राजीव शुक्ला के विरुद्ध भी जांच रिपोर्ट भेजी गई, जिस पर शासन फैसला लेगा। बीती 24 फरवरी को प्रयागराज में उमेश पाल हत्याकांड से पहले आरोपितों ने बरेली जेल आकर अशरफ से कई बार मुलाकात की थी। जेल अधिकारियों की मिलीभगत से अशरफ के गुर्गों की बिना पर्ची मिलाई कराई जाती थी। एसटीएफ के सामने ऐसे कई बिंदु आने के बाद डीआइजी जेल बरेली आरएन पांडेय को इन सभी की भूमिका की जांच सौंपी थी। अतीक और अशरफ पर हाल ही में राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल की हत्या के सिलसिले में भी मामला दर्ज किया गया था। पूर्व विधायक अशरफ भी राजू पाल हत्याकांड में आरोपी है। इससे पहले, सात मार्च को पुलिस ने एक जेल कैंटीन आपूर्तिकर्ता दयाराम और जेल प्रहरी शिव हरि अवस्थी को लोगों से मिलने और उन्हें बाहरी वस्तुओं की आपूर्ति करने में अशरफ की मदद करने के आरोप में गिरफ्तार किया था।बाद में 10 मार्च को दो और राशिद और फुरकान को भी गिरफ्तार किया गया, जो अशरफ के निर्देश पर काम करते थे। अशरफ जुलाई 2020 से बरेली जेल में बंद है। जेल में बंद पूर्व विधायक अशरफ और उसके करीबी सहयोगियों के बीच अवैध मुलाकात कराने और इसमें जेल के अंदरूनी लोगों की संलिप्तता के मामले की जांच के लिए विशेष जांच टीम (एसआईटी) का गठन किया गया था। इससे पहले, पिछले महीने चित्रकूट जेल के आठ जेल कर्मियों को मुख्तार अंसारी के बेटे और मऊ सीट से सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के विधायक अब्बास अंसारी और उनकी पत्नी निखत बानो की जेल के अंदर मुलाकात कराने के आरोप में निलंबित कर दिया गया था।

### जैव ईंधन...

रात में पृथ्वी के ठंडा होने के कारण वेंटिलेशन भी अच्छा नहीं रहता। पीएम–1 तो किसी भी स्थिति में 70–80 माइक्रोग्राम से ज्यादा नहीं होना चाहिए, लेकिन 250–300 माइक्रोग्राम का स्तर बहुत खतरनाक है। उन्होंने कहा कि 100 नैनोमीटर से ऊपर के कणों में अमोनिया या क्लोराइड जैसी गैसों की मौजूदगी है, जो उद्योगों से निकलती है। गंगा के मैदानी क्षेत्रों में खाना बनाने और घरों को गर्म रखने के लिए लकड़ी और पराली को अनियंत्रित तरीके से जलाने से बेहद महीन कण उत्सर्जित होते हैं। ये विश्व की 5 प्रतिशत आबादी की सेहत को तो प्रभावित करता ही है, साथ ही क्षेत्रीय मौसम पर भी असर डाल रहा है। सेहत और पर्यावरण को बचाने के लिए बायोमास को जलने से रोकना होगा। ये इसलिए भी ज़रूरी है कि भारत में होने वाली 18 प्रतिशत असमय मौतों की वजह वायु प्रदूषण है।

## पोलियो की दवा पिलाकर सीएमओ ने किया तृतीय विशिष्ट टीकाकरण पखवाड़े का शुभारंभ

**लखीमपुर खीरी।** मीजल्स रूबैल्ला को लेकर चलाए जा रहे तृतीय विशिष्ट टीकाकरण पखवाड़े का शुभारंभ सोमवार को नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोटैय्या बाग में सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने पहले बच्चे आयत को पोलियो की खुराक पिलाई। वहीं उसके पिता को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। एसीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि मीजल्स रूबैल्ला को लेकर चलाए जा रहे तृतीय विशिष्ट टीकाकरण पखवाड़े का शुभारंभ 13 मार्च से किया गया है। यह 24 मार्च तक चलेगा। जनपद में करीब 55000 छूटे हुए बच्चों का टीकाकरण किया जाना है। पिछले दो विशिष्ट पखवाड़े के दौरान अब तक 35 हजार बच्चों का टीकाकरण किया जा चुका है। वहीं 20 हजार छूटे हुए बच्चों का टीकाकरण किया जाना है। इस दौरान सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि तृतीय विशिष्ट टीकाकरण पखवाड़े के अंतर्गत अभियान चलाकर सभी छूटे हुए बच्चों का शत प्रतिशत टीकाकरण किया जाना है। इसके लिए सामान्य दिनों की भांति लगने वाले सभी टीके लगाए जा रहे हैं। जिनमें गर्भवती माताएं और बच्चे शामिल हैं। इस अभियान को सफल बनाने के लिए समस्त चिकित्सा अधिकारियों, आशाओं, आशा संगिनिओं और एएनएम का सहयोग लिया जा रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि संपूर्ण टीकाकरण बच्चों को 14 जानलेवा बीमारियों से बचाता है। ऐसे में जरूरी है कि लोग इसके प्रति जागरूक रहें। उन्होंने शुभारंभ के अवसर पर पहुंचे पहले बच्चे आयत पुत्र असलम खां को पोलियो की खुराक पिलाई और पिता असलम खां को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। आम जनमानस में स्वास्थ्य कर्मियों के साथ–साथ बुद्धिजीवियों और संभ्रांत व्यक्तियों द्वारा टीकाकरण के फायदों को लेकर लोगों को जागरूक करना चाहिए। साथ ही इसमें पत्रकारों (मीडिया) की भी प्रमुख भूमिका है। डिप्टी सीएमओ डॉ प्रमोद वर्मा डॉ. लालजी पासी सहित एसएमओ डॉ. विकास सिंह, डॉ उज्जवल कांत, राहुल शाक्य, शैलेंद्र तिवारी और मुकेश चौहान भी उपस्थित रहे।

# ओरछा में गूंजेगी श्रीराम की महिमा

## महोत्सव में मर्यादा पुरुषोत्तम के जीवन के बारे में दी जायेगी जानकारी

संवाददाता। जालौन, उरई



**युवाओं** को धर्म से जोड़ने और उन्हें लोक संस्कृति से परिचित कराने के लिए रूद्राणी कलाग्राम एवं शोध संस्थान के तत्वावधान में ओरछा धाम में 2 अप्रैल से 9 अप्रैल तक राम महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बुंदेली संस्कृति के अलावा मनोरंजन के माध्यम से लोगों को मर्यादा पुरुषोत्तम के जीवन के बारे में अवगत कराया जाएगा। कार्यक्रम में धर्मगुरु, सिनेमा से जुड़े व्यक्तियों के अलावा केंद्र व प्रदेश सरकार के मंत्री व राजनेता शिरकत करेंगे। यह बात बुंदेलखंड विकास बोर्ड के अध्यक्ष राजा बुंदेला ने पत्रकारों के साथ वार्ता के दौरान कही। रुद्राणी कलाग्राम एवं शोध संस्थान के तत्वावधान में ओरछा धाम में राम महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसको लेकर बुंदेलखंड विकास बोर्ड के अध्यक्ष राजा बुंदेला ने नगर में बेतवा सीड्स पर पत्रकारों के साथ वार्ता करते हुए बताया कि राम महोत्सव के आयोजन का उद्देश्य है कि प्रभु श्रीराम को लोग मर्यादा पुरुषोत्तम के बार में सुनते आए हैं। प्रभु श्रीराम की जीवन को समझाने के लिए ही इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें युवाओं की भगीदारी कराने का प्रयास किया जा रहा है। ताकि युवा अपनी लोक संस्कृति और धार्मिक संस्कृति से परिचित हो सकें। इसके लिए कार्यक्रम में युवाओं के आकर्षण का भी ध्यान रखा जा रहा है। कार्यक्रम में राम के चरित्र पर आधारित फिल्मों प्रदर्शन, राम चरित्र को लेकर पेंटिंग प्रतियोगिता, योग प्रशिक्षण, भजन प्रतियोगिता, वैश्विक स्तर पर रामायण पर शोध करने वाले शोधार्थियों के विचार समेत नौ विधाओं का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके अलावा अतिथियों द्वारा बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी के छात्रों से संवाद भी किया जाएगा। सात दिवसीय कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, कौशल किशोर, नरेंद्र तोमर, फग्गन सिंह कुलस्ते, भानु प्रताप वर्मा, प्रदेश के मंत्री दयाशंकर सिंह, बृजेश पाठक आदि मौजूद रहेंगे।

# विद्युत कर्मचारियों की हड़ताल को लेकर प्रशासन हुआ अलर्ट

संवाददाता। चित्रकूट



**आगामी** 16 मार्च से प्रदेश स्तरीय विद्युत कर्मचारियों के हड़ताल को देखते हुए, जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में एक बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों से कहा कि आईटीआई, पॉलिटेक्निक, नगर पालिका, नगर पंचायतों, सिंचाई, लोक निर्माण विभाग आदि विभागों से विद्युत कर्मचारियों की सूची प्राप्त कर लें ताकि हड़ताल के दौरान विद्युत व्यवस्था में कोई समस्या होने पर इनसे संपर्क कर ठीक कराया जा सके, अधीक्षण अभियंता विद्युत से कहा कि जो संविदा कर्मचारी हड़ताल पर जा रहे हैं इसके अलावा संबंधित ठेकेदार से संपर्क कर अन्य विद्युत कर्मियों की व्यवस्था कराएं तथा संविदा कर्मियों की सूची सभी उप जिलाधिकारियों को उपलब्ध कराएं इसके साथ ही जो ठेकेदार एयरपोर्ट, जल जीवन मिशन आदि जिन विभागों का विद्युत का कार्य करा रहे हैं उनसे भी संपर्क करके विद्युत कर्मियों की व्यवस्था करें, तथा संबंधित ठेकेदारों के साथ एक बैठक भी कराई जाए। जो सब स्टेशनों पर कार्य कर रहे हैं उनसे भी वार्ता करें। जो संविदा कर्मचारी हड़ताल पर जाएं तो उनका हड़ताल के दौरान का मानदेय भी काटा जाए उप जिलाधिकारियों से कहा कि आप लोग अपने अपने क्षेत्र में देख लें कि कहीं पर विद्युत फाल्ट हो या ट्रांसफार्मर खराब हो तो अभी से ही व्यवस्था करा लें।

# मेला देखने गई दो किशोरियों के साथ छह युवकों ने किया गैंगरेप

संवाददाता। फतेहपुर

- पुलिस ने सभी आरोपियों को लिया हिरासत में
- चीख पुकार सुन मौजूद लोगों ने आरोपियों को पकड़ा

**मेला** देखने गई दो किशोरियों का अपहरण कर छः युवकों ने गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया, घटना की जानकारी होने पर एसपी सहित फोर्स मौके पर पहुंच जांच पड़ताल में जुट गए, वही पुलिस ने छः लोगों को हिरासत में लेकर मुकदमा दर्ज कर दोनो किशोरी को मेडिकल के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार हुसेनगंज थाना क्षेत्र के सेनपुर गांव में शोभन सरकार का मेला लगा हुआ है जो पांच दिनों तक चलता है जहां हुसेनगंज के एक गांव से 7 सहेलियां मेला देखने गई जहां मेला देखते समय दो किशोरी को छः युवको ने अपहरण कर गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया। वहीं उनकी पांच सहेलियों को भी पकड़ना चाहा लेकिन एक किशोरी भागकर चीख पुकार करना शुरू दिया तो वही मौजूद लोगों ने भागकर चार अन्य किशोरी को बचाते हुए छः आरोपियों को पकड़ लिया, जहां दो किशोरी को अस्त व्यस्त हालत में देखकर पुलिस को सूचना दिया। जहां मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी आरोपियों को पकड़कर थाना लाकर मुकदमा दर्ज किया है।

मालूम रहे कि सेनपुर गांव में शोभन सरकार का परंपरागत मेला लगता है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी सात किशोरियां रविवार की रात मेला देखकर घर वापस लौट रहीं थीं। इस बीच करीब 11 बजे रात सभी लड़कियां घर वापसी के लिए निकली थीं। तभी मेला परिसर की बाउंड्री वाल के पास सात-आठ लड़के मिले। एक किशोरी ने अपने भाई के पास फोन कर मेले से निकलने की जानकारी देने के लिए एक लड़के के मोबाइल फोन से बात कर मेले से घर लेकर आने की बात की।

इसके बाद उक्त लड़के किशोरियों का पीछा करते हुए मेले से करीब एक किलोमीटर दूर मिर्जापुर तालुके के समीप कच्ची सड़क स्थित म्रिजापुर कटरी पर प्रभात यादव, राजन यादव, दिलीप यादव, प्रदीप यादव, विकास यादव व शैलेंद्र यादव सहित छः आरोपियों ने अंधेरे का फायदा उठाते हुए सुनसान जगह में दो किशोरियों को दबोचकर झाड़ी में ले गए और बारी-बारी से गैंगरेप किया। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बाद में जानकारी देते हुए बताया कि मेला देखकर घर वापस लौट रही लड़कियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया है। मामले में सभी छह आरोपियों को गिरफ्तार कर दुष्कर्म के साथ अन्य संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# मानदेय न मिलने पर आशा कार्यकत्रियों ने खोला मोर्चा, सौंपा डीएम को ज्ञापन




**उरई,** जालौन। समय पर मानदेय न मिलने की समस्या अब विभागीय कर्मचारियों में दिखलाई देने लगी है आज सोमवार को उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन के तत्वाधान में दर्जनों आशा वर्कर्स ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा जिसमें मानदेय न मिलने सहित 12 सूत्री मांगे मुख्य रही। उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष राजकुमारी सिंह एल्बम ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियन एक्ट यूके प्रांतीय उपाध्यक्ष राम सिंह चौधरी के नेतृत्व में आशा वर्कर पुष्पा देवी रेखा देवी रामादेवी जय श्री रामजानकी गुड्डी सुमन रमाकांत ई ममता देवी सीमा देवी पार्वती देवी वंदना गौतम राजपति रश्मि देवी प्रीति देवी कल्पना देवी बंदना देवी मीना सुमन चंद्रकांति कैलाशी पुष्पा प्रतिभा सोमवती गीता प्रियंका कुसुम कुमारी कमलेश कुमारी गिरजा देवी उमा देवी नीलम कांति देवी पिंकी मिथिलेश गिरजा सुनीता शैल कुमारी रेखा सहित दर्जनों आशा वर्कर्स ने अपनी पीड़ा जताते हुए बताया कि प्रदेश भर में आशा औरआशा संगिनी ओं का छह छह माह तक का संपूर्ण मानदेय बकाया बना हुआ है यही नहीं उन्हें मिलने वाली अन्य सुविधाओं की धनराशि में भी विभागीय उदासीनता के चलते दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है आशा वर्कर्स ने अपने 12 सूत्रीय ज्ञापन में समस्याएं गिनाते हुए उनके शीघ्र निस्तारण की मांग की।

# बढ़ते वायरल संक्रमण के चलते जिला अस्पताल में उमड़ रही भीड़

**फतेहपुर।** मौसम में बदलाव के बीच खांसी जुखाम समेत संक्रामक रोग आदि को लेकर जिला अस्पताल मरीजों की भीड़ उमड़ रही है। अस्पताल में पंजीकरण कक्ष से लेकर ओपीडी के बाहर तक मरीज ही मरीज दिखाई दे रहे है। सोमवार को ओपीडी खुलते ही पंजीकरण कक्ष से लेकर डॉक्टरों के चेम्बरो के बाहर मरीजों की बड़ी संख्या में भीड़ नजर आई। अस्पताल आने वाले मरीजों में खांसी, जुखाम, बुखार से पीड़ित मरीज है तो वही त्योहारों के दौरान बरती गयी लापरवाही की वजह से उल्टी दस्त, मलेरिया समेत अन्य संक्रमक बीमारियों से ग्रसित मरीज भी पहुंच रहे है जिन्हें चिकित्सक दवाइयां आदि लिखने के साथ ही बचाव सम्बन्धी टिप्स भी दे रहे है। मौसम बदलने के साथ ही जहां दिन में धूप हो रही वही रात में ठंड भी ही रही मौसम के लगातार परिवर्तन की वजह से संक्रमक बीमारियां पैर पसारते हुए नजर आ रह है। जिसमे सर्दी खाँसी, जुखाम बुखार, उल्टी दस्त के अलावा आंखों में जलन आदि रोगों से पीड़ित मरीज मरीज बड़ी संख्या में जिला अस्पताल की ओपीडी में पहुँच रहे है। जिला अस्पताल में पंजीकरण कक्ष के बाहर रोगियों की भारी भीड़ उमड़ रही है वही डॉक्टरों के चेम्बरो के बाहर भी रोगियों की संख्या काफी अधिक नजर आ रही है। डॉक्टर केके पांडेय ने बताया कि मौसम के परिवर्तन के साथ लोग संक्रामक बीमारियो की चपेट में आ जाते है। लक्षण दिखाई देने पर तुरंत चिकित्सको के सम्पर्क करना चाहिये।

# बाईपास निर्माण की घोषणा से खुशी की लहर

- केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने की घोषणा
- चित्रकूट सांसद की पहल लायी रंग

रतन पटेल, चित्रकूट



**विश्व** प्रसिद्ध पौराणिक तीर्थ चित्रकूट को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने में जुटी केंद्र और प्रदेश सरकार ने सोमवार को एक और बडी सौगात दी है। बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल की मांग पर केंद्रीय सडक परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने महोबा कार्यक्रम के दौरान धर्म नगरी चित्रकूट में रामवन गमन मार्ग को फोर लेन करने के साथ-साथ 200 करोड की लागत से 15 किमी फोर लेन बाईपास बनाने की घोषणा कर धर्म नगरी के लोगों को खुश कर दिया है।

आपको बता दें कि विश्व प्रसिद्ध पौराणिक तीर्थ चित्रकूट में भगवान श्रीराम ने वनवास काल के दौरान साढ़े 11 वर्ष तक चित्रकूट में व्यतीत किया था। जिसकी वजह से चित्रकूट का महत्व जन्मभूमि आयोध्या से कम नही है। प्रतिवर्ष दो करोड से अधिक श्रद्धालु चित्रकूट आकर मंदाकिनी में आस्था की डुबकी लगाने के बाद मनोकामनाओं के पूरक भगवान श्रीकामतानाथ के दर्शन-पूजन करते है। केंद्र और प्रदेश सरकार लगातार चित्रकूट के पर्यटन विकास के कार्य कर रहीं है। इसके बावजूद चित्रकूट आने श्रद्धालुओं को भारी भीड़ एवं गिटटी-बालू के प्रतिदिन गुजरने वाले हजारों ट्रको के चलते जाम के झाम से जूझना पड़ता है। बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल लगातार बाईपास निर्माण के लिए पहल कर रहे थे। सोमवार को महोबा में आयोजित विकास परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल की मांग पर केंद्रीय सडक परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं उमडे जनसमुदाय के समक्ष रामवन गमन मार्ग को चित्रकूट में फोर लेन बनाने के साथ-साथ 200 करोड़ की लागत से 15 किमी का फोर लेन बाईपास बनाने की घोषणा की।

## क्विक न्यूज

### फर्रुखाबाद स्पोर्ट्स क्लब ने रायल इलेवन को हराया



**फर्रुखाबाद।** जिला क्रिकेट लीग के बैनर तले सीनियर वर्ग के फाइनल मैच में फर्रुखाबाद स्पोर्टिंग क्लब ने रायल इलेविन को 81 रन से शिकस्त देकर ट्राफी पर कब्जा कर लिया। 23 रन बनाकर चार विकेट लेने वाले अर्जुन ठाकुर को मैन आफद मैच का पुरस्कार दिया गया। फर्रुखाबाद जिला क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से फतेहगढ़ स्टेडियम में चल रही क्रिकेट लीग में सीनियर वर्ग के फाइनल मुकाबले में फर्रुखाबाद स्पोर्टिंग क्लब के कप्तान विशाल छावड़ा ने टास जीतकर वेटिंग करने का फैसला किया। पहले बगेबाजी करते हुए फर्रुखाबाद स्पोर्टिंग क्लब की टीम ने सभी विकेट खोकर 148 रन बनाए। जिसमे विजय आनन्द ने 41,विनीत ने 28, अर्जुन ने 28 व रजर्शी त्रिपाठी ने 23 रन का योगदान दिया। रॉयल्स क्लब के गेदबाज अभिषेक ने तीन,अनुज पाठक ने दो,पंकज,श्याम,मयंक ने एक एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए रायल्स इलेवन की टीम अर्जुन ठाकुर और फजी खान की घातक गेंदबाजी के सामने 67 रन पर ढेर हो गई।

### घरों के ऊपर हाईटेंशन की लाइन दे रही मौत की दावत

**मौदहा,** हमीरपुर। एक मासूम छात्र हाईटेंशन लाइन के चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए जैसे आनन-फानन में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। कोतवाली क्षेत्र के कुंनेहटा गांव में वर्षो से ग्यारह हजार वोल्टेज की हाईटेंशन लाइन गांव के भीतर छतो के ऊपर से निकली हुई है जिससे आय दिन घटनाएं होती रहती है। ज्यादातर घरों में हाइटेंशन लाइन छत से निकली है मगर इसके निदान के लिये कोई प्रबंध नही किया गया है। जिसकी शिकायत लगातार ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों को दी । जबकि पिछले वर्ष इसी हाईटेंशन की चपेट में आने से कल्लू पुत्र भौनिया की मौत हो चुकी है इसी क्रम में सोमवार की सुबह 13 वर्षीय सत्यम जो कक्षा आठ का छात्र है उनके घर में छत दो से दिन पहले ही बनकर तैयार हुई हैं। जिसमें वह पानी डालने के मकसद से छत में गया था। तभी वह बिजली के तारो की चपेट में आ गया। चीफ इंजीनियर का मानना है कि हमीरपुर जिले में ज्यादातर घर लाइन डालने के बाद बनाये गये है इसलिये इसमे उपभोक्ता की पूरी गलती है।

### जिलाधिकारी ने की कर-करेत्तर राजस्व कार्यों की समीक्षा

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी नेहा जैन की अध्यक्षता में मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में कर करेत्तर एवं विविध देयकों में वसूली की समीक्षा बैठक आयोजित हुई बैठक में जिलाधिकारी ने कहा की देयक वसूली से जुडे समस्त राजस्व अधिकारियों का दायित्व है कि दिये गये लक्ष्यों के अनुरुप वसूली सुनिश्चित करायें, यदि किसी भी विभागीय अधिकारियों द्वारा वसूली में शिथिलता बरती गयी तो निश्चित ही उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। बैठक में राजस्व कार्य की बैठक करते हुए एआईजी स्टांप अधिकारी ने बताया कि इस माह स्टाफ में कमी आई है जिससे करीब 95त्न लक्ष्य की प्राप्ति होगी, इस पर जिलाधिकारी ने शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिये, इसी प्रकार आबकारी 80 प्रतिशत, जीएसटी 80, परिवहन 69.5 में भी कम राजस्व प्राप्त होने पर जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि शत प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करें।

### कलियुगी मां ने बच्चे को जन्म देकर खेत में फेंका

**फर्रुखाबाद।** एक बिन व्याही कलियुगी मां ने बच्चे को जन्म दिया और लोकलाज के डर से परिजनो ने मानवता को शर्मशार कर बच्चे को खेत में फेंक दिया। कहते है कि जाको राखे साइयां मार सके ना कोय।यह मामला थाना मेरापुर के ग्राम गनेशपुर का है कि बीते दिन आसपास गांव की किसी युवती ने अवैध संतान को जन्म दिया। लोक लाज के डर से इस बच्चे को साड़ी में लपेट कर अचरा सराय मार्ग के बीच ग्राम गनेशपुर वह कोला के बीच गेहूं के खेत में फेंक दिया गया। शाम 6 बजे खेत में किसी बच्चे के पड़े होने की जानकारी मिलने पर पूर्व प्रधान रामकिशन यादव ने थाना मेरापुर पुलिस को सूचना दी। मेरापुर थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर दिग्विजय सिंह व हल्का इंचार्ज दरोगा धर्मेंद्र सिंह गहलोत व लवकुमार के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बच्चे को कब्जे में लेकर उसे तुरंत ही सीएससी कायमगंज पहुंचाया। डॉ विपिन कुमार ने बच्चे का स्वास्थ्य परीक्षण किया और देखभाल करने के लिए बच्चे को एक नर्स को सौंप दिया। फिलहाल बच्चा स्वस्थ है।

### नई लांचिंग की घोषणा

लखनऊ। मोटोरोला ने अपनी जी सीरीज फ्रेंचाइजी में मोटो जी73 5जी नाम से नया 5जी स्मार्टफोन करने की घोषणा की। मोटो जी73 5जी दो बेहतरीन कलर वेरिएंट्स, मिडनाइट ब्लू तथा ल्यूसेंट व्हाइट में उपलब्ध है। इस स्मार्टफोन की बिक्री 16 मार्च से फ्लिपकार्ट, मोटोरोला इन एवं रिलायंस डिजिटल सहित प्रमुख रिटेल स्टोर्स पर शुरू होगी। ग्राहक एक्सचेंज के जरिये 2000 रु का एडिशनल डिस्काउंट और कुछ चुनिंदा बैंकों के क्रेडिट कार्ड ट्रांज़ैक्शन के जरिये खरीदारी पर इंस्टेंट डिस्काउंट पा सकते हैं।

### शिक्षिका अमिता के शैक्षिक दस्तावेजों का हो रहा दुरुपयोग

**फतेहपुर।** बेसिक शिक्षा विभाग में 14 साल से नौकरी कर रहीं अमिता शुक्ला को क्या पता था कि बीते नौ साल से उनके शैक्षिक दस्तावेजों का दुर्पयोग हो रहा है। बुलंदशहर, सिद्धार्थ नगर और बलरामपुर में उनके शैक्षिक दस्तावेजों से दूसरी महिलाएं अमिता बनकर नौकरी कर रही है। दो माह पहले जब एसआइटी ने उन्हें भी संदेह की नजर से देखा तो उन्होंने लखनऊ पहुंच कर अपनी पहचान सिद्ध की। परिषद में भी अपने को सही ठहराया। अमिता शुक्ला मूल रुप से खखरेडू के धौरहरा में रहने वाले स्व. ब्रम्हदीन शुक्ला की पुत्री हैं। उनकी शादी प्रयागराज की सोरांव तहसील के पूरब टोला मुहल्ले में हैं।जिले के जौहर विद्या मंदिर से 1998 में हाईस्कूल, वर्ष 2000 में शिव सहांय सिंह इंटर कालेज गुरगौला से इंटरमीडियट व वर्ष 20023 में इलाहाबाद यूनिवर्सिटी कैंपस से स्नातक और 2005 में परास्नातक तथा 2008 में संकीर्तन महाविद्यालय झूंसी से बीएड की पढ़ाई करने वाली अमिता को भी नहीं पता था कि उसके दस्तावेज कहां-कहां पहुंच गये। वह तो 18 फरवरी 2009 को पहली तैनाती कोंडार विद्यालय में पाने के बाद स्कूली बच्चों में व्यस्त हो गई। यह बात अलग है कि पूरे 14 साल में दो माह पहले की पूछताछ छोड़ दें तो कभी किसी ने नहीं पूछा। वह कहतीं है कि उन्होंने जांच में खुद ही सिद्ध किया तब जाकर आफत से बाहर निकल पाईं।

### समाजसेवी रामसिंह कक्का के निधन पर शोक व्याप्त

कोंच(जालौन)। क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी, धर्मनिष्ठ एवं क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन के ससुर रामसिंह निरंजन कक्का का 95 वर्ष की आयु में सोमवार की सुबह करीब 9 बजे चाँदनी गांव स्थित निवास स्थल पर निधन हो जाने से समूचे क्षेत्र में शोक व्याप्त हो गया। शोक की इस घड़ी में भारी संख्या में क्षेत्रवासियों ने वहां पहुंचकर स्व. कक्का को श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए। स्व कक्का अपने पीछे पुत्र लालजी व विशम्भर निरंजन सहित भरा पूरा परिवार बिलखता छोड़ गये।

# पिता ने पत्नी और बेटी को मारी गोली, दोनों की मौत

संवाददाता। चित्रकूट



- अवैध संबंधों के शक में दिया हत्या को अंजाम
- वारदात के बाद आरोपी पिता फरार, पुलिस छानबीन में जुटी

**इंस्टाग्राम** पर नाबालिग बेटी के साथ एक लड़के की फोटो देखकर इस कदर भड़के पिता ने बेटी को गोली मार दी। बीच-बचाव करने आई मां की भी गोली मारकर हत्या कर दी। मां की मौके पर मृत्यु हो गई और बेटी ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

ये घटना बहिलपुरवा थाना क्षेत्र के सेमरदहा गांव में सोमवार को अपरान्ह डेढ़ बजे हुई। बताया गया कि सेमरदहा गांव का डॉ नन्दकिशोर त्रिपाठी जो पशु मित्र के बतौर काम करता था। उसने आज नाबालिग बेटी खुशी (15) की फोटो इंस्टाग्राम में एक लड़के के साथ देख लिया। फोटो देखकर इस कदर भड़के पिता ने पुत्री खुशी को गोली मार दी। बीच-बचाव करने आई मां सीमा (35) की भी गोली मारकर हत्या कर दी। लोगों ने बताया कि अवैध संबंधों के शक के चलते पिता ने मां-बेटी को गोलियों से भूना है। गांव में घटना से सनसनी फैल गई है। मौके पर पहुंची बहिलपुरवा थाना पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। हत्या के बाद हत्यारा पिता फरार हो गया है। पुलिस उसकी तलाश में दबिश दे रही है। वहीं अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने बताया कि सेमरदहा गांव में हुई मां-बेटी की हत्या की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनो शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हत्या के आरोपी पिता की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें गठित की गई है। इसके अलावा घटना के सभी तथ्यों की गहनता से जांच की जा रहीं है। मामले में विधिक कार्रवाई की जायेगी।

# फर्नीचर कारीगर की धारदार औजार से हत्या

**घाटमपुर।** कस्बे के स्टेशन रोड पर स्थित एक फर्नीचर की दुकान के कारीगर की धारदार औजार मार कर हत्या कर दी गयी, दुकान मालिक की सूचना पर पंहुची पुलिस ने घटना के बावत पूछतांछ की तथा उच्य अधिकरियों को जानकारी दी, उधर डाग स्क्वायड और फारेंसिक टीम भी मौके पर पंहुची तथा घटना से संबंन्धित सक्ष्य जुटाये। बताया जाता है कि स्टेशन रोड पर बाबा फ्लाईवुड एंव ग्लास हाउस नाम से दुकान है इसी फर्नीचर हाउस में राजेन्द्र नगर ( श्रम बिभाग) लखनऊ निवासी नसरुउल्ला (43) कारीगर के रुप में फर्नीचर बनाने का काम करता था दुकान मालिक राजू ठाकुर ने पुलिस को बताया कि मृतक नसरुउल्ला उसकी दुकान में बीते दो माह से काम कर रहा था, होली के त्योहार पर वो लखनऊ चला गया था और दो दिन पूर्व ही वो एक ब्यक्ति को साथ लेकर आया था आज सोमवार को सबेरे गोदाम न खुले पर वो छत से झाक कर देखा तो उसका शव पड़ा था। तथा साथी गायब था।

# सदर विधायक ने किया भूमि पूजन फिर भी नहीं बनी सड़क



**जालौन,** उरई। दस माह पूर्व सदर विधायक ने उरई रोड से बंबा होकर छौलापुर रोड तक 1 किमी संपर्क मार्ग बनाए जाने की घोषणा की थी। घोषणा के बाद धूमधाम से भूमि पूजन भी कर दिया गया था। लेकिन भूमि पूजन के बाद अब तक कार्य की शुरूआत नहीं हो सकी है। जिससे ग्रामीण मायूस हैं।

उरई मार्ग से छौलापुर रोड पर तक बंबा किनारे संपर्क मार्ग न होने से लोगों को निकलने में दिक्कत होती है। खासतौर पर बारिश के मौसम में कीचड़ हो जाने से उक्त मार्ग से होकर लोग निकल नहीं पाते हैं। कच्चे रास्ते में वाहन चालकों को भी परेशानी उठानी पड़ती है। उक्त संपर्क मार्ग के डामरीकरण के लिए ग्रामीणों ने सदर विधायक से मांग की थी। ग्रामीणों की मांग पर सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने ग्रामीणों को छौलापुर रोड तक जोड़ने वाले संपर्क मार्ग का निर्माण कराने का आश्वासन दिया था। लगभग 10 माह पूर्व 12 मई 2022 को भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में उक्त संपर्क मार्ग के निर्माण के लिए सदर विधायक द्वारा धूमधाम से भूमि पूजन भी किया गया था। सदर विधायक ने आश्वासन दिया था कि 98 लाख की लागत से बनने वाले उक्त 1 किमी संपर्क मार्ग का निर्माण 3 माह में पूरा करा दिया जाएगा। लेकिन उनका यह आश्वासन कोरा आश्वासन ही साबित हुआ।

# प्रदेश के विकास को समर्पित है योगी सरकार: वेद प्रकाश गुप्ता



**अयोध्या** विधायक ने सर्किट हाउस में किया विधायक निधि व लोक निर्माण विभाग के 1616090 लाख के 42 कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण। अयोध्या. प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या सहित पूरे प्रदेश के जनकल्याण एवं चौमुखी विकास हेतु कार्य करने में कृतसंकल्पित है,इसी तर्ज पर चलते हुए प्रदेश सरकार पूरे प्रदेश के कायाकल्प में लगी है। अयोध्या सहित पूरे प्रदेश में विकास एवं प्रगति की गंगा बह रही है, और आने वाले समय में उत्तर प्रदेश भारत वर्ष का सबसे श्रेष्ठ प्रदेश बनेगा ऐसी आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है। उक्त बातें अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने सर्किट हाउस में आयोजित 1616.90 लाख की 42 परियोजनाओं व कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम के अवसर पर कही। गुप्ता ने विधायक निधि से निर्मित कुल 20 परियोजना जिनकी लागत 125004 लाख व लोक निर्माण विभाग के 22 परियोजना जिसकी लंबाई 36065 व लागत 1491086लाख है ए का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। नगर विधायक ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अयोध्या में विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। अयोध्या के चारों दिशाओं में विकास कार्य चल रहा है, इसी क्रम में आज मेरे द्वारा 3 दर्जन से ज्यादा कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण किया गया है। जिससे दर्जनों नगरीय व दर्जनों ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों को इसका लाभ मिलेगा।

## पीएम के खिलाफ आपत्तिजनक भाषण का मामला


# मौलाना तौकीर रजा पर केस

भाषा। मुरादाबादा/बरेली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के खिलाफ कथित आपत्तिजनक और भड़काऊबयान देने के आरोप में इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा खान के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। तौकीर रजा खान ने शनिवार को मुरादाबाद में एक कार्यक्रम में भाग लेते हुए कथित तौर पर कहा था कि खालिस्तान की मांग करने वालों के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज करने वाली सरकार को हिंदू राष्ट्र की मांग करने वालों के साथ भी ऐसा ही करना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ भी कथित अभद्र टिप्पणी की थी। मुरादाबाद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा ने सोमवार को बताया कि प्रधानमंत्री के खिलाफ अभद्र टिप्पणी और भड़काऊ बयान देने के आरोपी तौकीर रजा के खिलाफ रविवार को नागफनी थाने में मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि मीडिया के माध्यम से प्राप्त वीडियो के आधार पर, तौकीर रज़ा पर भारतीय दंड विधान की धारा 153 ए (धर्म, जाति, जन्म स्थान, निवास स्थान के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच शत्रुता को बढ़ावा देना), 295 (धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाना) और 505-2 (साम्प्रदायिक भावनाओं को भड़काना और आपत्तिजनक टिप्पणी करना) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो की जांच कर आगे की कार्वाई की जाएगी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मौलाना तौकीर रजा ने शनिवार को तहसील स्कूल स्थित खानकाहे जामिया अशरफिया दरगाह में मीडिया से बात करते हुए उक्त विवादित टिप्पणी की थी। पुलिस ने प्रसारित वीडियो के हवाले से बताया कि विवादित वीडियो में तौकीर रजा नाम के शख्स ने कहा कि अगर हमारा नौजवान मुस्लिम राष्ट्र की मांग करने लगे तो क्या होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सबका साथ सबका विकास का नारा झूठा है। कुछ कट्टरपंथी देश में नफरत के बीज बो रहे हैं। ऐसा करने वाले और उनके समर्थक न तो किसी समाज के हितैषी हैं और न ही देश के, बल्कि देश के गद्दार हैं। इस बीच, खान ने अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी पर प्रतिक्रिया देते हुए बरेली में कहा कि अगर उनकी बात इतनी ही गलत है, तो प्रशासन को उनके खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज करना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो हिंदू और मुसलमानों के बीच विभाजन पैदा करना चाहते हैं, उनकी पहचान करके उनके खिलाफ कार्वाई की जानी चाहिए।

# अयोध्या के लाल का कमाल

## बॉडी बिल्डिंग में मिस्टर इंडिया का खिताब जीतकर बढ़ाया क्षेत्र का मान



**अयोध्या।** जिले के 23 वर्षीय शोभित शुक्ला ने दिल्ली में वर्ल्ड बॉडीबिल्डिंग फिटनेस एसोसिएशन द्वारा आयोजित ष्मिस्टर इंडिया बॉडीबिल्डिंग एंड फिटनेस चैंपियनशिपष् में प्रथम स्थान प्राप्त कर ष्मिस्टर इंडियाष् का खिताब हासिल किया। यह प्रतियोगिता दिल्ली के जहांगीरपुरी में आयोजित हुई जिसमें देश भर से सैकड़ों बॉडीबिल्डरों ने प्रतिभाग किया था। शोभित शुक्ला, यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव शरद शुक्ला के छोटे भाई हैं। बताते चलें की शोभित लगभग 4 वर्षों से बॉडी बिल्डिंग क्षेत्र में सक्रिय हैं। दिल्ली के प्रसिद्ध फिटनेस ट्रेनर इमरान खान उनके फिटनेस कोच हैं, जिनकी देखरेख में शोभित ने यह प्रतियोगिता जीती। शोभित का लक्ष्य आगे बॉडीबिल्डिंग के ही क्षेत्र में होने वाली ष्शेरू क्लासिकष् जीतने का है, जिसके लिए उनकी तैयारी जारी है। शोभित की स्कूली शिक्षा शहर के अनिल सरस्वती स्कूल और फिर साकेत महाविद्यालय से हुई है।शोभित के ष्मिस्टर इंडियाष् खिताब जीतने पर अयोध्यावासियों में भी खुशी की लहर है। शोभित की उपलब्धि पर समाजसेवी सुप्रीत कपूर ने शुभकामनाएं देने हुए कहा कि अयोध्या में टैलेंट की कमी नहीं है, शोभित उदाहरण है कि कठिन परिश्रम एवं सही मार्गदर्शन के साथ यहाँ के नौजवान देश में अयोध्या का नाम रोशन कर सकते हैं। इस अवसर पर व्यापारी नेता देवेंद्र मिश्र दीपू, शंकर जायसवाल, पंकज तिवारी, संदीप वैश्य आदि ने भी हर्ष जताया है।

# ऑस्कर में एवरीथिंग एवरीवेयर ऑल एट वन्स का जलवा

## ● सभी बड़े पुरस्कार किए अपने नाम

**भाषा।** लॉस एंजिलिस (अमेरिका)






**ऑस्कर में** इस साल एवरीथिंग एवरीवेयर ऑल एट वन्स का बोलबाला रहा... सर्वश्रेष्ठ फिल्म बनने के साथ इसके लिए डेनियल क्वान तथा डेनियल स्कैनर्ट को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक चुना गया और फिल्म की अदाकारा मिशेल योह को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के पुरस्कार से नवाजा गया। फिल्म एवरीथिंग एवरीवेयर ऑल एट वन्स के लिए ही, के ह्यू क्वान को सर्वश्रेष्ठ सह-अभिनेता की श्रेणी में और जेमी ली कर्टिस को सर्वश्रेष्ठ सह-अभिनेत्री की श्रेणी में पुरस्कार मिला। इसके अलावा फिल्म को सर्वश्रेष्ठ (ओरिजनल) पटकथा और सर्वश्रेष्ठ संपादित फिल्म का पुरस्कार भी मिला। वहीं फिल्म द व्हेल के लिए ब्रेंडन फ्रेज़र को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिला। फिल्म द व्हेल को सर्वश्रेष्ठ मेकअप व हेयरस्टाइल की श्रेणी में भी पुरस्कार दिया गया। योह (60) ऑस्कर पुरस्कार जीतने वाली एशियाई मूल की पहली अदाकारा बनीं। वह पिछले 20 वर्षों में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार जीतने वाली पहली अश्वेत महिला हैं। पुरस्कार स्वीकार करते हुए उन्होंने कहा, सभी महिलाओं से यह कहना चाहूंगी कि किसी को भी आप खुद को यह बताने का मौका न दें कि आपका समय बीत गया है। ऑस्कर में भारतीयों ने भी इस बार अपना डंका बजाया। भारतीय फिल्म आरआरआर के गीत नाटु नाटु ने 95वें अकादमी पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ मूल (ओरिजनल) गीत की श्रेणी में ऑस्कर जीत कर इतिहास रच दिया है। वहीं कार्तिकी गोंजाल्विस द्वारा निर्देशित तमिल भाषा के वृत्तचित्र द एलिफेंट व्हिस्परर्स ने डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट सब्जेक्ट श्रेणी में भारत के लिए पहला ऑस्कर जीता। हालांकि जलवायु परिवर्तन पर आधारित भारतीय वृत्तचित्र ऑल दैट ब्रीथ्स सर्वश्रेष्ठ वृत्तचित्र फीचर श्रेणी में पुरस्कार जीतने से चूक गई। डेनियल रोहर की नवलनी ने उसे मात दी। नाटु नाटु के गायक काल भैरव और राहुल सिप्लीगुंज ने ऑस्कर समारोह में इस तेलुगु गीत पर जोरदार प्रस्तुति दी, जिससे समारोह स्थल पर मौजूद सभी दर्शक झूम उठे। प्रस्तुति पर दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों ने खड़े होकर तालियां बजाईं। समारोह में भारतीय गायकों की प्रस्तुति की घोषणा बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने की थी। दीपिका पादुकोण यहां लुई विटॉन के काले रंग के बेहद सुंदर गाउन में नजर आईं, जिसके साथ उन्होंने एक खूबसूरत हार पहना था। वहीं फिल्म आरआरआर के मुख्य कलाकार जूनियर एनटीआर और राम चरण यहां बंद गले का काला सूट पहने नजर आए। वहीं फिल्म के निर्देशक एस.एस. राजामौली बैंगनी रंग का कुर्ता और पारंपरिक धोती पहने नजर आए। द एलिफेंट व्हिस्परर्स की निर्देशक कार्तिकी गोंजाल्विस और निर्माता गुनीत मोंगा ने रेड कार्पेट पर भारतीय रंग बिखेरा। मोंगा गहरे गुलाबी रंग की पारंपरिक बनारसी साड़ी पहने और गोंजाल्विस भारी कढ़ाई वाली एक ड्रेस पहने नजर आईं। अन्य पुरस्कारों में ऑल क्वाइट ऑन द वेस्टर्न फ्रंट को सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्म तथा सर्वश्रेष्ठ प्रोडक्शन डिजाइन का पुरस्कार मिला और इसके लिए ही वोल्कर बर्टेलमैन को सर्वश्रेष्ठ संगीत (ओरिजनल स्कोर) का पुरस्कार दिया गया।

# आरआरआर टीम के देसी अंदाज ने लुभाया

## काले गाउन में खूबसूरत नजर आईं दीपिका



**लॉस एंजिलिस।** अकादमी पुरस्कार समारोह में अभिनेत्री दीपिका पादुकोण और अभिनेताओं रामचरण एवं जूनियर एनटीआर ने अपने खूबसूरत परिधानों से सभी का ध्यान आकर्षित किया। ऑस्कर पुरस्कार समारोह में बतौर प्रस्तोता शामिल हुईं पादुकोण यहां लुई विटॉन के काले रंग के बेहद सुंदर गाउन में नजर आईं और गले में कार्टियर का खूबसूरत हार उनकी खूबसूरती को चार चांद लगा रहा था। भारतीय अभिनेत्री ने अपने बालों को सलीके से ढीले जूड़े में बांध रखा था। आरआरआर में स्वतंत्रता सेनानी अल्लुरी सीताराम राजू की भूमिका निभाने वाले रामचरण ने डिजाइनर जोड़ी शांतनु-निखिल का बंदगला सूट पहना। उनके परिधान पर चक्र बटन और पदक के आकार के ब्रोच थे। डिजाइनर निखिल मेहरा ने कहा, डिजाइनर के रूप में जब भी हम कोई परिधान बनाते हैं, तो हम उसे पहनने वाले व्यक्ति के स्वभाव, सिद्धांतों और शख्सियत का ख्याल रहते हैं।

## एसवीबी प्रस्ताव करदाताओं की धनराशि की सुरक्षा सुनिश्चित करता है : बाइडन

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने देश के लोगों और कारोबारियों को भरोसा दिलाया है कि सिलिकॉन वैली बैंक के बंद होने संबंधी प्रस्ताव से करदाताओं की धनराशि को कोई खतरा पैदा नहीं होगा और वे भरोसा रखें कि बैंक में जमा उनका धन जरूरत पर उन्हें मिल जाएगा। वह सोमवार को इसकी भी जानकारी देंगे कि अमेरिका आर्थिक सुधारों की रक्षा के लिए कैसे एक लचीली बैंकिंग प्रणाली को बनाए रखेगा। कैलिफोर्निया स्थित सिलिकॉन वैली बैंक अमेरिका में 16वां सबसे बड़ा बैंक है, जिसे वित्तीय संरक्षण और नवाचार विभाग द्वारा बंद कर दिया गया था। बाद में फेडेरल डिपॉजिट इंश्योरेंस कार्पोरेशन को इसका रिसीवर नियुक्त किया है। उनके निर्देश पर वित्त विभाग के सचिव और राष्ट्रीय आर्थिक परिषद के निदेशक ने समस्याओं के समाधान के लिए काम किया।

## 22,000 को माफी दी गई : ईरान के न्यायपालिका प्रमुख

**दुबई।** ईरान की न्यायपालिका के प्रमुख ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शनों में शामिल रहने के आरोप में गिरफ्तार 22,000 लोगों को माफी दे दी है। सरकारी समाचार एजेंसी आईआरएनए के मुताबिक, जी. मोहसेनी एजाजी ने सोमवार को माफी पाने वाले गिरफ्तार लोगों की संख्या की घोषणा की। इससे पहले सरकार मीडिया के हवाले से बताया गया था कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामनेई रमजान के मुकद्दस महीने से पहले प्रदर्शनकारियों को माफी दे सकते हैं।

## कंबोडिया के राजा के आवास में आग, हिस्सा क्षतिग्रस्त

**नोम पेन्ह (कंबोडिया)।** कंबोडिया के राजा नरोत्तम सिंहमुनी के आवास का एक हिस्सा आग के कारण क्षतिग्रस्त हो गया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। आग की इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नही है। राजा का यह आवास एक प्रसिद्ध मंदिर के परिसर के नजदीक स्थित है। अधिकारियों के मुताबिक उत्तर-पश्चिमी शहर सिएम रीप में स्थित आवास परिसर में रविवार रात को आग लग गई, जिससे परिसर की एक छोटी इमारत की छत क्षतिग्रस्त हो गई। कंबोडिया नरेश नरोत्तम सिंहमुनी (69) अपनी नियमित चिकित्सा जांच के लिए इस समय चीन की राजधानी बीजिंग में है।

## पख्तनूख्वा में जनगणना दल पर आतंकी हमला, पुलिस अधिकारी की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत पख्तनूख्वा प्रांत में जनगणना दल की सुरक्षा के लिए तैनान एक पुलिस वैन पर अज्ञात आतंकवादियों द्वारा किए गए हमले में एक सुरक्षा अधिकारी की मौत हो गई जबकि चार अन्य घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सशस्त्र आतंकवादियों ने प्रांत में कोट आजम इलाके के टांक जिले में जनगणना दल के साथ चल रही पुलिस वैन पर गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस ने बताया कि घटना के बाद आतंकवादी मौके से फरार हो गए। इसके बाद पुलिस ने क्षेत्र को पूरी तरह से घेर कर आतंकवादियों की तलाश में अभियान शुरू कर दिया है। घायल पुलिस कर्मियों को समीप के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## अमेरिका के डलास शहर में गोलीबारी, चार लोगों की मौत

**डलास।** अमेरिका के टेक्सास प्रांत के डलास शहर में एक रिहायशी इमारत में हुई गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई। एक टेलीविजन चैनल की रिपोर्ट में यह जानकारी मिली है। टेलीविजन समाचार चैनल डब्ल्यूएफएए-टीवी की रिपोर्ट के मुताबिक, गोलीबारी की यह घटना रविवार की रात हुई। पुलिस ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि शाम करीब सात बजकर 10 मिनट पर उत्तर-पश्चिम डलास इलाके में गोलीबारी हुई।

## थूक प्रकरण : मलाला को मिल रही है प्रशंसा

**लॉस एंजिलिस।** नोबेल पुरस्कार से सम्मानित मलाला युसुफजई की 95 वें अकादमी पुरस्कार समारोह के दौरान अमेरिकी टेलीविजन प्रस्तोता जिम्मी किम्मेल के प्रतिकूल प्रश्न का सौम्य जवाब देने को लेकर प्रशंसा हो रही है।

## चक्रवात फ्रेडी से 56 लोगों की मौत हुई

**ब्लांटायर (मलावी)।** चक्रवात फ्रेडी के कारण मलावी और मोजाम्बिक में कम से कम 56 लोगों की मौत हो गई है। दोनों देशों के अधिकारियों ने इस बात की जानकारी दी। इस चक्रवात ने शनिवार रात को दूसरी बार महाद्वीप में दस्तक दी। स्थानीय पुलिस ने बताया कि मलावी में 51 लोगों की मौत हुई है, जबकि कई अन्य लापता या घायल हैं। मोजाम्बिक में अधिकारियों ने बताया कि देश में शनिवार से अब तक पांच लोगों की मौत हो चुकी है।

# चिनफिंग चीनी सेना को ग्रेट वॉल ऑफ स्टील बनाएंगे

**भाषा।** बीजिंग



**चीन के राष्ट्रपति** के रूप में अपने अभूतपूर्व तीसरे कार्यकाल की शुरुआत करते हुए शी चिनफिंग ने चीनी सेना को ग्रेट वॉल ऑफ स्टील (फौलादी दीवार) बनाने का सोमवार को संकल्प लिया। चीन ने हाल में सऊदी अरब और ईरान के बीच वार्ता की मेजबानी करके वैश्विक मामलों में और बड़ी भूमिका निभाने की मंशा का संकेत दिया है। ईरान और सऊदी अरब सात साल के तनाव के बाद राजनयिक संबंध बहाल करने और दूतावासों को फिर से खोलने पर सहमत हो गए। पिछले सप्ताह बीजिंग में हुआ यह समझौता चीन के लिए एक बड़ी कूटनीतिक जीत के तौर पर देखा जा रहा है क्योंकि खाड़ी देशों का मानना है कि अमेरिका धीरे-धीरे मध्य पूर्व से पीछे हट रहा है। चीन की संसद ने गत शुक्रवार को शी को अभूतपूर्व रूप से पांच साल का तीसरा कार्यकाल देने का सर्वसम्मति से समर्थन किया, जिससे उनके ताउम्र सत्ता में बने रहने का रास्ता साफ हो गया है। पिछले साल अक्टूबर में चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) की कांग्रेस की बैठक में 69 वर्षीय शी को फिर से सीपीसी का नेता चुना गया था। इसी के साथ, शी सीपीसी के संस्थापक माओत्से तुंग के बाद पांच साल के तीसरे कार्यकाल के लिए पार्टी प्रमुख चुने वाले पहले चीनी नेता बन गए थे। चीन की संसद द्वारा राष्ट्रपति के रूप में तीसरा कार्यकाल देने का सर्वसम्मति से समर्थन किए जाने के बाद पहली बार दिए भाषण में शी ने अपनी अगुवाई वाली सीपीसी के नेतृत्व को कायम रखने का आह्वान किया। चीन की राष्ट्रीय विधायिका के समापन समारोह में 69 वर्षीय शी ने कहा, मैं तीसरी बार राष्ट्रपति का पद ग्रहण कर रहा हूं। लोगों का भरोसा मुझे आगे बढ़ने की सबसे अधिक प्रेरणा देता है और यह भरोसा कायम रखना मेरे कंधों पर एक भारी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने संकल्प लिया कि वह संविधान द्वारा सौंपे गए कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करेंगे और चीनी लोगों के अटूट विश्वास को कभी कम नहीं होने देंगे। सुरक्षा विकास का आधार है, जबकि स्थिरता समृद्धि की एक शर्त है। शी ने चीन के रक्षा बलों के आधुनिकीकरण को आगे बढ़ाने और सशस्त्र बलों को ग्रेट वॉल ऑफ स्टील बनाने के प्रयासों का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि देश की सेना राष्ट्रीय संप्रभुता, सुरक्षा और विकास हितों की प्रभावी ढंग से रक्षा करने में सक्षम है। शी ने दुनिया के सात अजूबों में शामिल ग्रेट वॉल ऑफ चाइना का जिक्र करते हुए यह बात की। चीन की 20,000 किलोमीटर से भी लंबी इस विशाल दीवार को चीन के विभिन्न शासकों द्वारा हमलावरों से रक्षा के लिए बनवाया गया था।

## चीनी क्म्युनिस्ट पार्टी के नेतृत्व को बनाए रखने का आह्वान किया

**बीजिंग।** राष्ट्रपति और सेना प्रमुख के रूप में अपने अभूतपूर्व तीसरे पांच वर्षीय कार्यकाल की शुरुआत करते हुए चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने सोमवार को अपनी अगुवाई वाली सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना (सीपीसी) के नेतृत्व को कायम रखने का आह्वान किया। चीनी विधायिका, नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (एनपीसी) के वार्षिक सत्र के समापन पर शी ने सीपीसी के नेतृत्व और पार्टी के मुख्य नीति निकाय, सीपीसी केंद्रीय समिति के केंद्रीकृत, एकीकृत नेतृत्व को कायम रखने पर जोर दिया। शी (69) को पार्टी के संस्थापक माओत्से तुंग की तरह ही पार्टी का मुख्य नेता माना जाता है।

## अमेरिका : तीन वर्षीय बच्ची के हाथों दुर्घटनावश चली गोली से उसकी बहन की मौत

**भाषा।** ह्यूस्टन

**अमेरिका में टेक्सास** के एक घर में तीन वर्षीय बच्ची द्वारा दुर्घटनावश चली गोली उसकी चार वर्षीय बहन को जा लगी, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। हैरिस काउंटी के शैरीफ एड गोंजालेज ने कहा कि ह्यूस्टन के बैमल नॉर्थ ह्यूस्टन रोड पर स्थित एक घर में रात करीब आठ बजे बच्ची अपने शयनकक्ष में थी जबकि घर के बाकी पांच सदस्य घर के दूसरे हिस्से में थे। उन्होंने बताया, तीन वर्षीय बच्ची के हाथ में एक बंदूक लग गई। परिवार ने अचानक गोली चलने की आवाज सुनी। वे कमरे की ओर भागे और वहां पहुंचे तो देखा कि चार वर्षीय बच्ची मृत पड़ी है। अधिकारी ने कहा कि जिला अटॉर्नी कार्यालय अब यह तय करेगा कि इस मामले में किसी वयस्क के खिलाफ पुलिस जांच के आधार पर मुकदमा चलाया जा सकता है या नहीं। उन्होंने कहा कि मामले की जांच जारी है।

## विनियमन नीतियों से संबंधित ट्रंप के फैसले को पलटने के लिए कांग्रेस को एकजुट होने की जरूरत: रो खन्ना

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद रो खन्ना ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल के दौरान लागू की गई विनियमन नीतियों को बदलने के लिए कांग्रेस से एकजुट होने का अनुरोध किया है। रो खन्ना का कहना है कि सिलिकॉन वैली बैंक के दिवालिया होने जैसी घटनाओं को रोकने के लिए विनियमन नीतियों को बदलने की आवश्यकता है। रो खन्ना ने एक बयान में कहा, मुझे खुशी है कि वित्त विभाग ने लोगों की परेशानियों को सुना और कामगारों, नवाचार और अर्थव्यवस्था की रक्षा करने के लिए कदम उठाए। लेकिन, काम यहीं खत्म नहीं होता है। सिलिकॉन वैली बैंक (एसवीबी) के खाताधारक और जमाकर्ता सोमवार से बैंक में जमा अपनी धनराशि का लेन-देन कर सकेंगे।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर भारतीय मूल की पांच प्रतिष्ठित महिलाओं को सम्मानित किया गया

**न्यूयॉर्क (अमेरिका)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारतीय समुदाय के एक प्रमुख संगठन ने यहां भारतीय मूल की पांच प्रतिष्ठित महिलाओं को सम्मानित किया। रविवार को एक बयान में कहा गया कि फेडरेशन ऑफ इंडियन एसोसिएशन्स एनवाई-एनजे सीटी एनई ने न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास के सहयोग से आठ मार्च को अपना पांचवां वार्षिक अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह आयोजित किया और पांच महिलाओं को संबंधित क्षेत्रों में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया। पुरस्कार पाने वालों में पेशे से वकील न्यूयॉर्क शहर की डिप्टी मेयर मीरा जोशी शामिल हैं, जिन्होंने अपनी वर्तमान भूमिका में परिवहन नवाचारों और इक्विटी कैबिनेट सहित कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं।

## इमरान खान ने लाहौर में मार्च की अगुवाई की, गिरफ्तारी के लिए पहुंची इस्लामाबाद पुलिस

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के नेतृत्व में सोमवार को उनके हजारों समर्थकों ने मार्च निकाला। वहीं, खान के खिलाफ दो गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बाद उन्हें गिरफ्तार करने के लिए इस्लामाबाद पुलिस यहां पहुंची। खान के समर्थकों ने उन्हें दाता दरबार ले जा रहे काफिले पर गुलाब की पंखुड़ियां फेंकी, जहां वह अपनी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के समर्थकों को संबोधित कर सकते हैं। तोशाखाना मामले में अदालत में पेश होने में विफल रहने और पिछले साल यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए एक महिला न्यायाधीश को कथित तौर पर धमकी देने के मामले में खान के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए हैं। एक्सप्रेस ट्रिब्यून की खबर के मुताबिक, खान के खिलाफ दो गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बाद इस्लामाबाद पुलिस पीटीआई प्रमुख को गिरफ्तार करने के लिए एक विशेष हेलीकॉप्टर से लाहौर पहुंची, जिसके बाद खान अपने जमां पार्क निवास से मार्च की अगुवाई के लिए रवाना हुए।

## ब्रिटेन में हजारों चिकित्सक तीन दिवसीय हड़ताल पर

**लंदन।** ब्रिटेन में वेतन बढ़ोतरी की मांग को लेकर हजारों कनिष्ठ चिकित्सकों ने सोमवार को तीन दिवसीय हड़ताल शुरू की, जिसके चलते देशभर में सरकारी स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हुईं। ब्रिटेन में राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) में 45 प्रतिशत कनिष्ठ चिकित्सक हैं। हड़ताल के पहले दिन कनिष्ठ चिकित्सकों की अनुपस्थिति के कारण वरिष्ठ चिकित्सकों और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को आपातकालीन, गहन चिकित्सा एवं मातृत्व सेवाओं में अतिरिक्त काम करना पड़ा। चिकित्सकों के श्रमिक संघ ब्रिटिश मेडिकल एसोसिएशन ने कहा कि 2008 के बाद से कनिष्ठ चिकित्सकों के वेतन में वास्तविक रूप से 26 प्रतिशत की गिरावट आई है, जबकि काम का बोझ बढ़ा है।

## जी20 शिखर सम्मेलन के लिए भारत की यात्रा कर सकते हैं पुतिन, अभी कोई फैसला नहीं किया गया: रूस

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भारत में सितंबर में आयोजित होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग ले सकते हैं, लेकिन इस बारे में अभी तक कोई अंतिम फैसला नहीं किया गया है। पुतिन के प्रवक्ता दमित्री पेस्कोव ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह पूछे जाने पर कि भारत में होने वाले शिखर सम्मेलन में क्या पुतिन भाग ले सकते हैं, पेस्कोव ने कहा, इससे इनकार नहीं किया जा सकता। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी तास ने पेस्कोव के हवाले से कहा, लेकिन इस बारे में अभी कोई फैसला नहीं किया।

# पाक में जबरन धर्मांतरण, अपहरण व नाबालिगों की शादी के खिलाफ हिंदू समुदाय करेगा प्रदर्शन

## ● सिंध विस भवन के बाहर एकत्र होंगे

**भाषा।** कराची

**पाकिस्तान के** अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के सदस्य जबरन धर्मांतरण, अपहरण और नाबालिगों के विवाह की बढ़ती घटनाओं के विरोध में इस महीने के अंत में एक रैली करेंगे और यहां सिंध विधानसभा भवन के बाहर एकत्र होंगे। सिंध प्रांत में कई हिंदू समुदाय के नेताओं द्वारा आयोजित की जा रही रैली 30 मार्च को देश में अल्पसंख्यकों के अधिकारों के लिए काम करने वाले संगठन पाकिस्तान दारावर इत्तेहाद (पीडीआई) के बैनर तले आयोजित की जाएगी। संगठन द्वारा सोशल मीडिया पर जारी किए गए पोस्टरों में कहा गया है कि यह रैली सिंध प्रांत में अपहरण, जबरन धर्मांतरण और नाबालिग लड़कियों की शादी और हिंदू समुदाय की भूमि पर जबरन कब्जा करने के विरोध में आयोजित की जा रही है। पीडीआई के अध्यक्ष फकीर शिवा कुची ने कहा, हम हिंदू समुदाय से हजारों लोगों के रैली में भाग लेने की उम्मीद कर रहे हैं, क्योंकि सरकार ने हमारी महिलाओं और लड़कियों के अपहरण, जबरन धर्मांतरण और फर्जी विवाह पर आंखें मूंद ली हैं। कि संगठन ने जागरूकता फैलाने के लिए पूरे प्रांत में रैलियां निकालनी शुरू कर दी हैं। हम चाहते हैं कि जब यह विरोध रैली 30 मार्च को आयोजित की जाएगी, तब हर कोई देश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों के सदस्यों के सामने आने वाले मुद्दों को देखे। कुची ने कहा कि उनकी मांग है कि जबरन धर्मांतरण और विवाह के खिलाफ सिंध विधानसभा में एक रुका हुआ विधेयक पारित किया जाए।

# रामचंद्र पौडेल नेपाल के नए राष्ट्रपति

## ● तीसरे राष्ट्रपति के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली



**भाषा।** काठमांडू

**नेपाली कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता रामचंद्र पौडेल ने सोमवार को नेपाल के तीसरे राष्ट्रपति के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। राष्ट्रपति के आधिकारिक कार्यालय शीतल निवास में आयोजित एक विशेष समारोह में नेपाल के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश हरिकृष्ण कार्की ने पौडेल (78) को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उप राष्ट्रपति नंद बहादुर, प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचंड , स्पीकर देव राज घिमिरे, नेशनल असेंबली के सभापति गणेश प्रसाद तिमिल्सिना के अलावा अन्य वरिष्ठ सरकारी अधिकारी भी मौजूद थे। नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पौडेल बृहस्पतिवार को कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) के सुभाष चंद्र नेमबांग को हराकर देश के राष्ट्रपति चुने गए थे। पौडेल को आठ राजनीतिक दलों का समर्थन मिला। पौडेल को 52,628 में से 33,802 जबकि नेमबांग को 15,518 वोट मिले। पूर्व स्पीकर एवं कई बार मंत्री रह चुके पौडेल ने देश के सर्वोच्च पद तक पहुंचने के लिए एक लंबी राजनीतिक यात्रा की है। उन्होंने एक दशक से अधिक समय जेल में बिताया। वह छह बार विधायक, पांच बार मंत्री और एक कार्यकाल के लिए स्पीकर रहे। वर्ष 2008 में देश को गणतंत्र घोषित किए जाने के बाद यह तीसरा राष्ट्रपति चुनाव था। पौडेल ने विद्या देवी भंडारी का स्थान लिया है, जिनका कार्यकाल 12 मार्च को समाप्त हो गया था। राष्ट्रपति के चुनाव के लिए मतदाताओं की कुल संख्या 882 थी, जिसमें संसद के 332 सदस्य और सात प्रांतों की प्रांतीय विधानसभाओं के 550 सदस्य शामिल हैं।

# पुराने जंगल बचाने की जगह कटवा रहा अमेरिका

## जलवायु परिवर्तन

**भाषा।** कोरवालिस (अमेरिका)



**जलवायु** परिवर्तन के दुष्प्रभावों को कम करने के लिए वन बेहद महत्वपूर्ण हैं। वे वातावरण से भारी मात्रा में कार्बन डाइऑक्साइड को हटाते हैं और पेड़ों तथा मिट्टी में उसे संग्रह करते हैं। पुराने वन विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं। वे नए पेड़ों की तुलना में सूखे, तूफान और जंगल की आग जैसी आपदा का बेहतर ढंग से सामना करते हैं और अधिक कार्बन जमा करते हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने 2022 के एक कार्यकारी आदेश में संघीय भूमि पर पुराने जंगलों के संरक्षण का आह्वान किया था। हाल ही में बाइडन ने सड़क निर्माण और लॉगिंग से अलास्का में टोंगास राष्ट्रीय वन के लगभग आधे हिस्से की रक्षा की। लॉगिंग परिवहन के लिए किसी स्थान पर पेड़ों को काटने और उन्हें कहीं और लगाने की प्रक्रिया है। बाइडन प्रशासन सार्वजनिक भूमि पर खड़े पुराने जंगलों की एक सूची तैयार कर रहा है, जिससे संरक्षण के अन्य कार्यों में मदद मिलेगी। हालांकि साथ ही, संघीय एजेंसियां पुराने जंगलों में कई लॉगिंग परियोजनाओं को शुरू कर उन्हें अंजाम दे रही हैं..बिना इस बात पर ध्यान दिए, कि ए परियोजनाएं जलवायु परिवर्तन या वन प्रजातियों को किस तरह प्रभावित कर सकती हैं। वन पारिस्थितिकी तंत्र और जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों का अध्ययन करने वाले वैज्ञानिकों के अनुसार, भविष्य के खतरे को देखते हुए इन वनों में कार्बन भंडारण को बढ़ाना जरूरी है, न कि उसे कम करना।

## पुराने पेड़ों को काटने से क्या नुकसान होता है

महाद्वीपीय अमेरिका में अधिकतर जंगलों को कई बार काटा गया है। आज इनमें से केवल पांच प्रतिशत से भी कम वन 100 वर्ष से अधिक पुराने है। पुराने व बेहद बड़े पेड़ सबसे अधिक कार्बन संग्रह करते हैं। वनों की कटाई वन कार्बन कम होने का मुख्य कारक है। कैस्केड क्रेस्ट के पूर्व में ओरेगॉन के राष्ट्रीय जंगलों में 1990 के दशक की एक नीति के तहत 21 इंच व्यास वाले पेड़ों की कटाई मना थी, लेकिन 2021 में आए नए नियम में इसे बदल दिया गया ताकि बड़े पेड़ों को काटा जा सके। एक हालिया विश्लेषण के अनुसार, छह राष्ट्रीय वनों में केवल तीन प्रतिशत ही बड़े पेड़ हैं।

## लकड़ी और जलवायु परिवर्तन को संतुलित करना--

संघीय सरकार के अधीन आने वाली 64 करोड़ एकड़ जमीन में से अधिकतर का इस्तेमाल जैव विविधता, पानी की गुणवत्ता, खनन, चराई और लॉगिंग आदि उद्देश्यों के लिए किया जाता है। कभी-कभी ए एक दूसरे के विरोधाभास हो जाती हैं। कई बार भूमि का प्रबंधन करने के लिए कानूनी जनादेश में स्पष्ट रूप से जलवायु परिवर्तन का उल्लेख नही किया जाता। संघीय एजेंसियां भी जलवायु परिवर्तन विज्ञान को अपनी योजनाओं में हमेशा शामिल नही करती। हालांकि 2023 की शुरुआत में पर्यावरणीय गुणवत्ता पर व्हाइट हाउस काउंसिल ने पर्यावरण को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करने वाली प्रमुख संघीय कार्वाइयों का प्रस्ताव रखते हुए संघीय एजेंसियों को जलवायु परिवर्तन के प्रभावों पर गौर करने का निर्देश दिया।

# अमेरिका व दक्षिण कोरिया की सेना ने अब तक का सबसे बड़ा सैन्य अभ्यास शुरू किया

**भाषा।** सियोल



**दक्षिण कोरिया** और अमेरिका की सेनाओं ने सोमवार से अपना सबसे बड़ा संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू किया। इस बीच, उत्तर कोरिया ने कहा कि उसने इस संयुक्त सैन्य अभ्यास के विरोध में पनडुब्बी से प्रक्षेपित क्रूज मिसाइल का परीक्षण किया है। उत्तर कोरिया की ओर से रविवार को किए गए इस मिसाइल परीक्षण से संकेत मिलता है कि वह 11 दिनों तक चलने वाले अमेरिकी-दक्षिण कोरियाई सैन्य अभ्यास के दौरान लगातार अपने हथियारों के परीक्षण संबंधी गतिविधियों को जारी रखेगा। पिछले हफ्ते, उ.कोरिया के नेता किम जोंग उन ने अपने सैनिकों को अपने प्रतिद्वंद्वियों की युद्ध संबंधी तैयारियों और रणनीतियों से निपटने के लिए तैयार रहने का आदेश दिया था। उत्तर कोरिया की न्यूज एजेंसी ने कहा कि परीक्षण ने देश की परमाणु युद्ध का सामना करने की क्षमता को सत्यापित किया है।

## बाइडेन सैन डिएगो में ऑस्ट्रेलिया पनडुब्बी सौदे की घोषणा करेंगे

**वाशिंगटन।** हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव के मद्देनजर ऑस्ट्रेलिया अपने नौसैन्य बेड़े को आधुनिक बनाने के लिए अमेरिका में निर्मित परमाणु हथियारों से संपन्न पनडुब्बियां खरीदेगा और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन इसकी घोषणा करेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन सोमवार को सैन डिएगो की यात्रा पर हैं। जहां, वह अमेरिका के दो करीबी सहयोगी ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से मिलेंगे। इस साझेदारी को ऑकस (एयूकेयूएस... ऑस्ट्रेलिया-यूके-अमेरिका) के रूप में जाना जाता है।

# बेहतर के लिए बदलाव की मानसिकता से आगे बढ़ें

## राष्ट्रपति ने लोक सेवकों से कहा

**भाषा।** नई दिल्ली



**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि लोक सेवकों को बेहतर के लिए बदलाव की मानसिकता के साथ आगे बढ़ना चाहिए, क्योंकि कई मौकों पर देखा जाता है कि यथास्थिति बनाए रखने की प्रवृत्ति बरकरार रखी जाती है। राष्ट्रपति ने लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (एलबीएसएनएए) में 124वें प्रारंभिक प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने वाले राज्य सिविल सेवा अधिकारियों से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात के दौरान यह बात कही।

राष्ट्रपति भवन के बयान के अनुसार, मुर्मू ने अधिकारियों से कहा कि लगभग आप सभी ने राज्य सरकारों में विभिन्न पदों पर 20 से अधिक वर्षों तक सेवा की है और इन वर्षों में कई चुनौतियों का सामना किया होगा और कड़े फैसले भी लिए होंगे। राष्ट्रपति ने इनसे राष्ट्र प्रथम और जनता प्रथम की भावना के साथ काम करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि आईएएस अधिकारियों के रूप में उन्हें सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता, प्रतिबद्धता और तत्परता के सिद्धांतों का अनुपालन करना चाहिए। मुर्मू ने कहा, कई मौकों पर यह देखा जाता है कि यथास्थिति बनाए रखने की प्रवृत्ति बरकरार रखी जाती है। ऐसी प्रवृत्ति या तो सामान्य जड़ता है या यह हमारे आसपास के बदलते परिदृश्य से उत्पन्न लोगों की उभरती समस्याओं के प्रति उदासीनता बरतना है। राष्ट्रपति ने कहा, लोक सेवकों को बेहतर के लिए बदलाव की मानसिकता के साथ आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश को ऐसे लोक सेवकों की आवश्यकता है, जो नवाचारी, सक्रिय, विनम्र, पेशेवर, प्रगतिशील, ऊर्जावान, पारदर्शी, तकनीक-सक्षम और रचनात्मक हों। इन नेतृत्व शैलियों और मूल्यों को साकार करने वाले प्रशासनिक अधिकारियों को राष्ट्र और नागरिकों की सेवा करने के लिए बेहतर पदों पर तैनात किया जाएगा।

# लोकसभा अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ कार्रवाई करें : गिरिराज

**भाषा।** नई दिल्ली



**केंद्रीय** मंत्री गिरिराज सिंह ने लंदन में हाल ही में की गई एक टिप्पणी के लिए, सोमवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की और उनके खिलाफ राजद्रोह का मामला दर्ज करने का समर्थन किया।

सिंह ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने अपनी ब्रिटेन यात्रा के दौरान टुकड़े-टुकड़े गैंग की तरह बात की।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, उन्होंने (राहुल ने) संसद में बहुत कुछ बोला है, लेकिन लंदन में उन्होंने कहा कि उन्हें बोलने की अनुमति नहीं दी जाती है और माइक बंद कर दिया जाता है। मुझे लगता है कि यह लोकतंत्र पर हमला है तथा लोकसभा एवं देश का अपमान है।

यह पूछे जाने पर कि क्या गांधी के खिलाफ राजद्रोह का मामला दर्ज किया जाना चाहिए, सिंह ने कहा, बिल्कुल, राजद्रोह और क्या है।

पिछले सप्ताह राहुल गांधी ने ब्रिटिश सांसदों से कहा था कि भारत की लोकसभा में विपक्ष के लिए माइक अकसर खामोश करा दिए जाते हैं। राहुल ने हाउस ऑफ कॉमन्स परिसर में स्थित ग्रैंड कमेटी रूम में विपक्षी दल लेबर पार्टी के भारतीय मूल के सांसद वीरेंद्र शर्मा द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान यह टिप्पणी की थी। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा था, हमारे माइक खराब नहीं हैं, वे काम कर रहे होते हैं, लेकिन फिर भी आप उन्हें चालू नहीं कर सकते। जब मैं बोल रहा था तो मेरे साथ कई बार ऐसा हुआ है। सिंह ने गांधी की टिप्पणी को सरासर झूठ करार दिया।

## क्विक न्यूज

### अजान के लिए लाउडस्पीकर से लोग परेशान : ईश्वरप्पा

**मंगलुरु।** भाजपा के वरिष्ठ नेता के.एस. ईश्वरप्पा ने सोमवार को कहा कि अजान के लिए इस्तेमाल होने वाले लाउडस्पीकर लोगों को परेशान करते हैं, खासकर परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों और अस्पताल में मरीजों को। वह रविवार को शालिनगर में पार्टी की विजय संकल्प यात्रा के दौरान दी गई अजान पर अपनी टिप्पणियों के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे, जो सोशल मीडिया पर आई थी। पूर्व मंत्री ने एक रैली में पूछा, क्या अल्लाह तभी सुनेंगे जब लाउडस्पीकर के माध्यम से दुआ की जाएगी? ईश्वरप्पा ने यहां संवाददाताओं से कहा, मैंने अपने बयान से किसी धर्म का अपमान नही किया है। उन्होने आगे कहा कि मुस्लिम समुदाय के नेताओ को इस मुद्दे पर विचार करना चाहिए और उचित निर्णय लेना चाहिए।

### पूर्व मंत्री की बेटी की हत्या के मामले में दो को आजीवन कारावास

**नई दिल्ली।** मणिपुर की राजधानी इंफाल की एक सत्र अदालत ने 2003 में राज्य के तत्कालीन मंत्री नगजोक्पा की आठ वर्षीय बेटी के अपहरण और हत्या के मामले में सोमवार को दो व्यक्तियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (एनआईए) ने 28 दिसंबर 2007 को निंगोंबाम रोम मेइती, लेत्खोसेई हाओकिप और दो अन्य के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। अधिकारियों ने कहा कि इंफाल (पूर्व) के सत्र न्यायाधीश ने मेइती और हाओकिप को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। आरोप पत्र में उल्लिखित अन्य दो व्यक्तियों की सुनवाई के दौरान मौत हो चुकी है। सीबीआई ने मणिपुर सरकार के अनुरोध पर 29 मार्च, 2004 को मामले की जांच अपने हाथ में ली थी। इससे पहले स्थानीय पुलिस ने अज्ञात अपराधियों के खिलाफ जांच की थी। सीबीआई के एक प्रवक्ता ने यहां बताया, आरोप लगाया गया था कि मणिपुर के तत्कालीन मंत्री फ्रांसिस नगजोक्पा की बेटी लुंगनिला एलिजाबेथ (8) का चार नवंबर, 2003 को इंफाल पश्चिम जिले के सांगईप्रोउ स्थित एक स्कूल से अपहरण कर लिया गया था। 12 नवंबर 2003 को इंफाल पश्चिम जिले में एक बोरे में लड़की का शव मिला था।

### माकपा समर्थकों के साथ झड़प में घायल भाजपा कार्यकर्ता की मौत

**अगरतला।** पश्चिम त्रिपुरा जिले में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) समर्थकों के साथ झड़प में घायल हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 61 वर्षीय कार्यकर्ता की सोमवार को अगरतला के एक अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। तपन कुमार भौमिक सात अन्य भाजपा सदस्यों के साथ पश्चिमी त्रिपुरा जिले के गोरखाबस्ती में माकपा समर्थकों के साथ झड़प में घायल हो गए थे। उस दिन विधानसभा चुनाव परिणाम घोषित किए गए थे। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, सभी आठ घायल भाजपा सदस्यों को अगरतला के जीबीपी (गोविंद बल्लभ पंत) अस्पताल में भर्ती कराया गया। भौमिक के सिर में चोटें आई थी। उनका ऑपरेशन किया गया था। उनकी आज अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने मामले में नामजद चार लोगों में से दो को गिरफ्तार कर लिया गया है और बाकी की तलाश की जा रही है।

### ईडी ने बहनों के आभूषण उतरवाकर उन्हें बरामदगी के तौर पर दिखाया : तेजस्वी यादव



**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने सोमवार को आरोप लगाया कि प्रवर्तन निदेशालय ने पिछले सप्ताह उनके दिल्ली स्थित आवास पर आधे घंटे में छापेमारी खत्म कर दी थी, लेकिन वे ऊपर से आदेश मिलने की प्रतीक्षा करते हुए घर में ही रुके रहे। यादव ने राज्य की विधानसभा के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए अपराध से अर्जित 600 करोड़ रुपए के बारे में पता चलने के ईडी के दावे को भी खारिज कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी विवाहित बहनों और उनके ससुराल वालों के इस्तेमाल किए हुए आभूषणों की तस्वीरें लेकर उन्हें बरामदगी के तौर पर दिखाया गया। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता चुटकी लेते हुए कहा, चाहे गृह मंत्री अमित शाह हों या कोई और, इन एजेंसियों की एक ही पटकथा बार-बार दोहराने वाले निर्देशक को अब बदल दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, हम भाजपा-संघ के फर्जी एंटायर पॉलिटिकल साइंस वाले नही, बल्कि वास्तविक जन विज्ञान वाले समाजवादी लोग है। हम वास्तविक राजनीति करने वाले है, और इसके लिए हमारे पास दृढ़ विश्वास व जनता का समर्थन है। लेकिन वे डरे हुए है, और राजनीतिक लड़ाई से दूर भागने की कोशिश कर रहे है।

# एनआईए ने श्रीनगर में इस्लामिक स्टेट के संदिग्ध सदस्य के घर पर छापा मारा

**भाषा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने इस्लामिक स्टेट से जुड़े केरल के कुछ व्यक्तियों की गतिविधियों से संबंधित मामले की जांच के सिलसिले में सोमवार को वैश्विक आतंकवादी समूह के एक संदिग्ध सदस्य के श्रीनगर स्थित घर पर छापेमारी की। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। आतंकवाद रोधी एजेंसी एनआईए के एक प्रवक्ता ने बताया कि इस्लामिक स्टेट के केरल मॉड्यूल के संदिग्ध सदस्य उजैर अजहर भट के श्रीनगर के करफाली मोहल्ला इलाके स्थित घर में छापा मारा गया। इस्लामिक स्टेट को आईएसआईएस के नाम से भी जाना जाता है। वर्ष 2021 में एनआईए ने केरल के कदनमन्ना के निवासी मोहम्मद अमीन उर्फ अबू याहया के खिलाफ जांच शुरू की थी, जो विभिन्न सोशल मीडिया मंचों पर इस्लामिक स्टेट का प्रचार करने वाले कई चैनल संचालित कर रहा था। प्रवक्ता ने कहा, इन चैनलों के माध्यम से, वह आईएसआईएस की हिंसक जिहादी विचारधाराओं का प्रचार कर रहा था और आईएसआईएस मॉड्यूल में नए सदस्यों की भर्ती कर रहा था। उसने और उसके साथियों ने कुछ व्यक्तियों की पहचान भी की थी, जिनकी हत्या की जानी थी। एनआईए ने कहा कि उन्होंने आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने के लिए जम्मू कश्मीर जाने की भी योजना बनाई थी और इस यात्रा के लिए विभिन्न स्रोतों से धन जुटाया था।

प्रवक्ता ने कहा, जांच के दौरान, पता चला कि अमीन केरल की दीप्ति मारला के संपर्क में था, जो धर्मांतरण करके मुसलमान बनी थी। उसने मैंगलोर के अनस अब्दुल रहमान से शादी की थी। 2015 में, वह पढ़ाई करने के लिए दुबई गई थी, जहां उसकी मुलाकात मिजा सिद्दीकी से हुई और दोनों महिलाओं में आईएसआईएस के प्रति झुकाव पैदा हुआ। अधिकारी ने कहा कि 2019 में उन्होंने खुरासान (अफगानिस्तान) में हिजरा करने की कोशिश की और ईरान के तेहरान पहुंचीं। तेहरान पहुंचने के बाद खुरासान में मौजूद आईएसआईएस के सदस्यों से उनका संपर्क नहीं हो सका। वे दोनों भारत लौट आईं, और मारला ने अमीन, ओबैद हामिद मट्टा, मदेश शंकर उर्फ अब्दुल्ला और अन्य से संपर्क करके आईएसआईएस के नियंत्रण वाले क्षेत्र में हिजरा करने की योजना बनाई। जनवरी 2020 में, वह हिजरा की योजना बनाने के लिए मट्टा से मिलने श्रीनगर गई और एक सप्ताह के लिए श्रीनगर में रही। मारला और मट्टा आमतौर पर जिन व्यक्तियों से संपर्क करते थे उनमें से एक भट था। भट पर साजिश का हिस्सा होने का संदेह है।

# कृत्रिम मेधा अवसर खोलेगी, पर निष्पक्षता को लेकर चिंताएं भी : गिरीश

**भाषा।** गुवाहाटी



**नियंत्रक** एवं महालेखा परीक्षक गिरीश चंद्र मुर्मू ने सोमवार को कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) का जिम्मेदारी से उपयोग करना आवश्यक है क्योंकि जहां इस उभरती प्रौद्योगिकी में 2030 तक वैश्विक अर्थव्यवस्था में 15,700 अरब डॉलर का योगदान देने की क्षमता है वहीं दूसरी ओर यह निष्पक्षता तथा निजता से संबंधित चिंताएं भी पैदा करती है।

सुप्रीम ऑडिट इंस्टीट्यूशंस-20 (एसएआई20) के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए मुर्मू ने निकट भविष्य की वृद्धि और समुद्री अर्थव्यवस्था को टिकाऊ बनाए रखने के बीच संतुलन बनाने की जरूरत पर भी जोर दिया।

एसएआई-20 ने नए दौर की चिंताओं और अवसरों से संबंधित दो विषयों का चयन किया है। ए हैं... समुद्रों एवं महासागरों पर आधारित अर्थव्यवस्था (ब्लू इकोनॉमी) एवं जिम्मेदार कृत्रिम मेधा (एआई)।

भारत की जी20 अध्यक्षता के तहत समूह के सदस्य देशों के सर्वोच्च लेखा संस्थानों (एसएआई) का समूह एसएआई20 के अध्यक्ष भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) हैं।

मुर्मू ने कहा, आज हम उस स्तर पर पहुंच गए हैं जहां एआई 2030 में वैश्विक अर्थव्यवस्था में 15,700 अरब डॉलर तक का योगदान दे सकती है। उन्होंने कहा कि एआई सामाजिक-आर्थिक वृद्धि लाने में सक्षम है और इसका उपयोग देश एवं नागरिकों के लाभ के लिए किया जा सकता है।

उन्होंने कहा, कृत्रिम मेधा कई अवसरों की पेशकश करती है लेकिन यह पारदर्शिता और निष्पक्षता से संबंधित चिंताएं भी पैदा करती है। इन मुद्दों में निजता पर एआई का प्रभाव, एआई प्रणालियों में पक्षपात एवं भेदभाव तथा आम जनता में एआई को लेकर समझ की कमी शामिल है।

महालेखा परीक्षक ने कहा कि ए समस्याएं जटिल होने के साथ ही आपस में जुड़ी हुई भी हैं, ऐसे में एआई का जिम्मेदारी से इस्तेमाल करने की जरूरत है जिससे समाधानों की निष्पक्षता सुनिश्चित हो सके।

इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, मिस्र, इंडोनेशिया, ओमान, दक्षिण कोरिया, रूस, सऊदी अरब, तुर्किए तथा संयुक्त अरब अमीरात के एसएआई और विश्व बैंक के दो प्रतिनिधि भी शामिल हो रहे हैं।

# संसदीय समिति ने वरिष्ठ नागरिकों को छूट बहाल करने पर विचार करने को कहा

**भाषा।** नई दिल्ली



**संसद** की एक समिति ने ट्रेन यात्रा के दौरान वरिष्ठ नागरिकों को दी जाने वाली छूट बहाल करने पर रेल मंत्रालय से सहानुभूतिपूर्वक विचार करने और शयनयान श्रेणी और 3ए श्रेणी में वरिष्ठ नागरिकों को रियायत पुन: प्रारंभ करने का आग्रह किया है।

भारतीय जनता पार्टी के सांसद राधा मोहन सिंह की अध्यक्षता वाली रेल मंत्रालय संबंधी संसद की स्थाई समिति की रिपोर्ट में यह बात कही गई है। यह रिपोर्ट संसद के दोनों सदनों में सोमवार को पेश की गई।

रिपोर्ट के अनुसार, समिति ने कहा कि भारतीय रेलवे 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के पुरूषों को किराए में 40 प्रतिशत की छूट देता था और महिलाओं के लिए न्यूनतम आयु 58 वर्ष होने पर 50 प्रतिशत की छूट दी जाती थी। ए छूट मेलाएक्सप्रेसा राजधानीाशताब्दीादुरंतो समूह की ट्रेनों में सभी वर्गो के लिए दी जाती थी।

इसमें कहा गया है कि मंत्रालय ने वरिष्ठ नागरिक रियायत छोड़े पहल की शुरूआत की और वरिष्ठ नागरिकों को यह विकल्प दिया था कि जो राष्ट्रीय विकास में योगदान देना चाहते हैं, वे छूट के बिना अपना टिकट बुक करा सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, कोविड-19 महामारी के प्रसार को रोकने के लिए 20 मार्च 2020 को वरिष्ठ नागरिकों के लिए छूट का विकल्प वापस ले लिया गया गया।

इसमें कहा गया है कि समिति यह पाती है कि कोविड प्रतिबंध अब समाप्त हो गए हैं और रेलवे ने सामान्य वृद्धि प्राप्त कर ली है। समिति ने कहा कि वह मंत्रालय से आग्रह करती है कि शयनयान श्रेणी और 3ए श्रेणी में वरिष्ठ नागरिकों को दी जाने वाली छूट पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करे और उसे पुन: प्रारंभ किया जाए।

# एमएसएमई प्रतिस्पर्धी योजना क्षेत्र को मजबूत करने के प्रयासों का हिस्सा है : पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि सरकार की संशोधित एमएसएमई प्रतिस्पर्धी (लीन) योजना भारत की आर्थिक वृद्धि के अहम स्तंभ सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र को मजबूत करने के उसके प्रयासों का हिस्सा है।



सरकार ने शुक्रवार को संशोधित एमएसएमई प्रतिस्पर्धी (लीन) योजना पेश की, जो उद्यमों और अन्य हितधारकों को ज्यादा लाभ पहुंचाने के लिए है। संशोधित योजना के अंतर्गत, केंद्र सरकार का योगदान लागत मूल्य का 90 प्रतिशत होगा, जो पहले 80 प्रतिशत था। एमएसएमई मंत्री नारायण राणे के ट्वीट के जवाब में प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया, यह एमएसएमई क्षेत्र को मजबूत करने के हमारे प्रयासों का हिस्सा है। यह क्षेत्र भारत की आर्थिक वृद्धि का एक अहम स्तंभ है।

# लोगों को लुभा रही है गुजरात सरकार की सोलर रूफटॉप योजना

**भाषा।** गांधीनगर



**गुजरात** सरकार ने सोमवार को विधानसभा में बताया कि पिछले दो वर्षों में 2.30 लाख से अधिक घरेलू उपभोक्ताओं ने सोलर रूफटॉप योजना सूर्य गुजरात के लिए पंजीकरण कराया है। सूर्य गुजरात योजना के बारे में जिलेवार विवरण पर तारांकित सवालों के जवाब में राज्य के ऊर्जा मंत्री कानू देसाई ने विधानसभा में बताया कि पिछले साल 31 दिसंबर तक 2.30 लाख से अधिक उपभोक्ताओं ने योजना के लिए पंजीकरण कराया, जिसमें कुल 33 में से 27 जिले शामिल थे। मंत्री ने बताया कि अहमदाबाद 34,794 घरेलू उपभोक्ताओं के पंजीकरण के साथ शीर्ष पर है। इसके बाद वडोदरा में 33,918, सूरत में 30,918 और राजकोट में 24,118 उपभोक्ताओं ने पंजीकरण कराया है।

इस योजना-सूर्य ऊर्जा रूफटॉप योजना-गुजरात (सूर्य-गुजरात)- की शुरुआत निजी आवासीय छतों पर बड़े पैमाने पर सोलर रूफटॉप सिस्टम की स्थापना को बढ़ावा देने के लिए अगस्त 2019 में की गई थी।

मंत्री ने कहा कि सोलर रूफटॉप योजना के तहत सौर ऊर्जा उत्पादन में गुजरात देश में अग्रणी है। उन्होंने कहा कि इस योजना ने उपभोक्ताओं के बिजली बिल को कम किया है और बिजली कंपनियों को 2.25 रुपए प्रति यूनिट की दर से अतिरिक्त बिजली बेचकर कमाई करने में उनकी मदद की है।

देसाई ने कहा कि सरकार तीन किलोवाट तक बिजली पर 40 फीसदी और 10 किलोवाट बिजली पर 20 फीसदी सब्सिडी देती है। उन्होंने बताया कि जून 2020 तक, गुजरात ऊर्जा विकास निगम और अन्य बिजली वितरण कंपनियों को ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से योजना के तहत सोलर रूफटॉप के लिए 1.28 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए थे।

# मुलायम-अखिलेश के खिलाफ जांच बंद करने की सीबीआई रिपोर्ट वाली याचिका खारिज

**भाषा।** नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने सोमवार को उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्रियों मुलायम सिंह यादव और उनके बेटे अखिलेश यादव के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोपों की प्रारंभिक जांच बंद करने की सीबीआई रिपोर्ट की प्रति मांगी गई थी। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 2019 में शीर्ष अदालत को बताया था कि चूंकि मुलायम और उनके दो बेटों- अखिलेश और प्रतीक के खिलाफ संज्ञेय अपराध होने का प्रथम दृष्टया कोई सबूत नहीं मिला था, इसलिए प्रारंभिक जांच (पीई) को आपराधिक मामलोप्राथमिकी में नहीं बदला गया था। इस तरह, सात अगस्त, 2013 के बाद मामले में कोई जांच नहीं हुई थी।

भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला की पीठ ने कहा, एक मार्च, 2007 और 13 दिसंबर, 2012 के फैसले के बाद से, सीबीआई ने सात अगस्त, 2013 को अपनी प्रारंभिक जांच बंद कर दी और आठ अक्टूबर 2013 को अपनी रिपोर्ट सीवीसी को सौंपी। यह याचिका छह साल बाद 2019 में दाखिल की गई है। आवेदन में कोई दम नहीं है और इसलिए इसे खारिज किया जाता है।

शीर्ष अदालत ने बताया कि उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव का निधन हो चुका है और याचिकाकर्ता विश्वनाथ चतुर्वेदी से पूछा कि मामले में क्या बचा है।

याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि मुलायम के खिलाफ कार्यवाही बंद कर दी गई है, लेकिन आरोप उनके बेटों-अखिलेश और प्रतीक के खिलाफ भी हैं। अखिलेश और प्रतीक की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि सीबीआई ने प्रारंभिक जांच करने के बाद क्लोजर रिपोर्ट दायर की और कहा कि नियमित मामला दर्ज करने के लिए कोई औचित्य नहीं बनता है।

चतुर्वेदी के वकील ने तर्क दिया कि उन्होंने केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) के समक्ष एक आरटीआई आवेदन दायर किया था और उन्हें सूचित किया गया था कि सीबीआई द्वारा ऐसी कोई क्लोजर रिपोर्ट दायर नहीं की गई थी। न्यायमूर्ति नरसिम्हा ने कहा कि क्लोजर रिपोर्ट 2013 में दायर की गई थी और याचिकाकर्ता ने 2019 में अपनी याचिका दायर की थी। न्यायमूर्ति नरसिम्हा ने पूछा, हमें बताएं कि इतने वर्षों के बाद हम इस आवेदन पर कैसे विचार कर सकते हैं। वकील ने कहा कि जब एक संज्ञेय अपराध प्रथम दृष्टया बनता है, तो शिकायतकर्ता को क्लोजर रिपोर्ट की प्रति प्रदान की जानी चाहिए। पीठ ने जवाब दिया कि वह क्लोजर रिपोर्ट की प्रति के लिए आवेदन पर विचार करने के लिए इच्छुक नहीं है और इसे खारिज कर दिया। समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव का 82 साल की उम्र में पिछले साल 10 अक्टूबर को गुरुग्राम के एक अस्पताल में निधन हो गया था।

# सरकार ने मांगी 1.48 लाख करोड़ अतिरिक्त व्यय के लिए संसद की मंजूरी

**भाषा।** नई दिल्ली



**केंद्र** सरकार ने अनुपूरक अनुदान मांग के तहत चालू वित्त वर्ष (2022-23) में 1.48 लाख करोड़ रुपए से अधिक अतिरिक्त व्यय के लिए सोमवार को संसद से मंजूरी मांगी।

वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने लोकसभा में वित्त वर्ष 2022-23 के लिए अनुपूरक मांग की दूसरी किस्त लोकसभा में पेश की। अतिरिक्त व्यय में लगभग 36,325 करोड़ रुपए उर्वरक सब्सिडी और 25,000 करोड़ रुपए दूरसंचार विभाग के लिए है। उर्वरक सब्सिडी में 21,000 करोड़ रुपए फॉस्फोरस और पॉटेशियम (पी एंड के) और 15,325.36 करोड़ रुपए यूरिया के लिए है। अनुपूरक मांग के अनुसार, अन्य 33,718 करोड़ रुपए रक्षा पेंशन खर्च को पूरा करने के लिए है, जिसमें विशेष रूप से वन रैंक वन पेंशन (ओआरओपी) योजना का बकाया भुगतान है।

राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) क्षतिपूर्ति कोष में अतिरिक्त हस्तांतरण के लिए 33,506 करोड़ रुपए की आवश्यकता आंकी गई है। अनुपूरक मांग के अनुसार, संसद की मंजूरी 2,70,508.89 करोड़ रुपए के अतिरिक्त व्यय के लिए मांगी गई है। इस प्रस्ताव में 1,48,133.23 करोड़ रुपए का शुद्ध नकद व्यय और मंत्रालयोंाविभागों की बचत या बढ़ी हुई प्राप्तियोंावसूली को लेकर कुल मिलाकर 1,22,374.37 करोड़ रुपए का सकल अतिरिक्त व्यय शामिल है।

इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि अनुदानों की अनुपूरक मांग के तहत शुद्ध नकद व्यय में उर्वरक, रक्षा पेंशन, दूरसंचार क्षेत्र और जीएसटी क्षतिपूर्ति का हिस्सा सर्वाधिक है। यह कुल राशि का 73 प्रतिशत है।

# बीएसई सेंसेक्स 900 अंक टूटकर पांच महीने के निचले स्तर पर बंद हुआ



मुंबई, 13 मार्च (भाषा) घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट जारी रही और बीएसई सेंसेक्स करीब 900 अंक लुढ़क कर पांच महीने के निचले स्तर पर बंद हुआ। अमेरिका में सिलिकॉन वैली बैंक (एसवीबी) के विफल होने के बीच बैंक, वित्तीय और वाहन शेयरों में भारी बिकवाली से घरेलू बाजार में गिरावट रही।

कारोबारियों के अनुसार वैश्विक स्तर पर केंद्रीय बैंकों के नीतिगत दर में वृद्धि की आशंकाओं के बीच विदेशी पूंजी की निकासी जारी रहने तथा कमजोर घरेलू मुद्रा से भी बाजार पर प्रतिकूल असर पड़ा।

तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स शुरूआती कारोबार में 375 अंक चढ़ गया था। लेकिन बढ़त को बरकरार नहीं रख सका और अंत में 897.28 अंक यानी 1.52 प्रतिशत की गिरावट के साथ 58,237.85 अंक पर बंद हुआ। यह पांच महीने का सबसे निचला स्तर है। सेंसेक्स के तीस शेयरों में 29 नुकसान में जबकि केवल एक लाभ में रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 258.60 अंक यानी 1.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ 17,154.30 अंक पर बंद हुआ। इसमें शामिल 50 शेयरों में से 45 शेयर नुकसान के साथ बंद हुए।

सेंसेक्स के शेयरों में सबसे ज्यादा नुकसान में इंडसइंड बैंक रहा। इसमें 7.46 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा, भारतीय स्टेट बैंक, टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक और इन्फोसिस प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। केवल टेक महिंद्रा का शेयर लाभ में रहा। अमेरिका के एसवीबी फाइनेंशियल के विफल होने का बाजार पर असर दिख रहा है। यह बैंक मुख्य रूप से स्टार्टअप को वित्त पोषण उपलब्ध कराता है। इस बैंक के विफल होने का असर दुनिया भर में देखा जा रहा है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नवनीत दमानी ने कहा, ...वर्ष 2008 के बाद से अमेरिका में एक बड़े बैंक के विफल होने के बाद निवेशक चिंतित हैं और वे सुरक्षित माने जाने वाली संपत्तियों में निवेश को तरजीह दे रहे हैं। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, सिलिकॉन वैली बैंक और उसके बाद अमेरिका के ही सिग्नेचर बैंक के विफल होने के बाद वैश्विक बाजार में भारी गिरावट आई। विशेष रूप से, अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की आगामी बैठक में किए गए फैसले का बाजार में बिकवाली पर महत्वपूर्ण असर पड़ेगा। उन्होंने कहा, इसके अलावा, मंगलवार को अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़े आने हैं। उसका भी अल्पावधि में बाजार पर प्रभाव पड़ेगा। बाजार महंगाई में कमी की उम्मीद कर रहा है। बीएसई स्मॉलकैप में 2.08 प्रतिशत और मिडकैप सूचकांक में 1.82 प्रतिशत की गिरावट आई। एशिया के अन्य बाजारों में चीन का शंघाई कंपोजिट सूचकांक, हांगकांग का हैंगसेंग और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी लाभ में जबकि जापान का निक्की नुकसान में रहा।

# अंतिम टेस्ट ड्रा, भारत ने श्रृंखला जीता

## ● न्यूजीलैंड से श्रीलंका की हार से डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए क्वालीफाई किया

**भाषा।** अहमदाबाद




**ऑस्ट्रेलिया के** खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला के चौथे और आखिरी टेस्ट मैच के पांचवें दिन सोमवार को भारतीय गेंदबाजों को पिच से कोई खास मदद नहीं मिली लेकिन टीम ने घरेलू परिस्थितियों में दबदबा कायम रखते हुए 2-। से श्रृंखला अपने नाम की। ारत ने इस मैच के खत्म होने से पहले ही हालांकि लगातार दूसरी बार विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में भी अपनी जगह पक्की कर ली। क्राइस्टचर्च में श्रीलंका पर न्यूजीलैंड की दो विकेट की रोमांचक जीत के साथ ही भारत का विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल का टिकट पक्का हो गया था। भारत-ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला के आखिरी टेस्ट से पहले के समीकरण में श्रीलंका को डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने के लिए न्यूजीलैंड दौरे पर 2-0 से जीत दर्ज करनी थी लेकिन श्रृंखला के शुरुआती मैच में उसकी हार ने भारत की जगह पक्की कर दी। ऑस्ट्रेलिया ने पिछले टेस्ट मैच को जीत कर पहले ही डब्ल्यूटीसी फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली थी। डब्ल्यूटीसी का फाइनल सात जून से लंदन के द ओवल में खेला जाएगा। भारत ने ऑस्ट्रेलिया पर लगातार चौथी बार टेस्ट श्रृंखला में 2-। से जीत दर्ज की है। इससे पहले भारतीय टीम ने 2017 में घरेलू श्रृंखला के अलावा 2018-19 और 2020-21 में ऑस्ट्रेलिया को उसके घर में हराया था। मैच के पांचवें दिन ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने बिना दबाव के खेलते हुए बल्लेबाजी अभ्यास पर जोर दिया। दिन के शुरुआती सत्र में रात्रि प्रहरी कुहनेमैन के पवेलियन लौटने के बाद सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड और मार्नुस लाबुशेन ने रक्षात्मक रवैया अपनाया और भारतीय गेंदबाजों को हावी होने के मौके नहीं दिए। हेड ने 163 गेंद में 10 चौकों और दो छक्कों की मदद से 90 रन बनाने के साथ लाबुशेन के साथ दूसरे विकेट के लिए 139 रन की साझेदारी कर मैच को भारत की पकड़ से दूर कर दिया। दोनों कप्तान जब मैच ड्रॉ करने पर सहमत हुए तब लाबुशेन 63 और स्टीव स्मिथ 10 रन बना कर खेल रहे थे। इस समय ऑस्ट्रेलिया का स्कोर दो विकेट पर 175 रन (पारी घोषित) था। भारतीय टीम लगातार दूसरी बार डब्ल्यूटीसी फाइनल क्वालिफिकेशन के बाद खुशी होगी लेकिन मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और कप्तान रोहित शर्मा अच्छी तरह से जानते होंगे कि

### स्कोरबोर्ड

**ऑस्ट्रेलिया दूसरी पारी:** कुहनेमैन पगबाधा अश्विन 06, हेड बो अक्षर 90,लाबुशेन नाबाद 61, स्मिथ नाबाद 10,अतिरिक्त : (बाई:04 , लेग बाई:01 , नोबॉल: 01) 06,कुल योग: (78.1 ओवर मे दो विकेट पर) 175 रन,**गेंदबाजी:** अश्विन 24-9-58-।,जडेजा20-7-34-0,शमी8-।-19-0, पटेल 19-8-36-।,यादव 5-0-21-0, गिल1.1-0-।-0, पुजारा।-0-।-0

## पीठ की चोट के कारण लंबे समय तक बाहर रह सकते हैं अय्यर



**अहमदाबाद।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने सोमवार को यहां कहा कि श्रेयस अय्यर पीठ के निचले हिस्से का दर्द के उबर आने के कारण अभी अच्छी स्थिति मे नही दिख रहे है लेकिन उन्होंने यह नही बताया कि मध्यक्रम का यह बल्लेबाज प्रतिस्पर्धी क्रिकेट मे कब तक वापसी करेगा। अय्यर का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 17 मार्च से शुरू होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के अलावा आईपीएल में खेलना संदिग्ध है जिसमें वह कोलकाता नाइट राइडर्स की अगुवाई करते है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अंतिम एकादश मे शामिल रहे अय्यर भारतीय पारी के दौरान बल्लेबाजी के लिए नही उतर पाए थे। रोहित से जब अय्यर की फिटनेस के बारे मे पूछा गया तो उन्होंने कहा, उसके साथ जो हुआ वह दुर्भाग्यपूर्ण है। दिन भर इंतजार करना पड़ा और फिर जब दिन का खेल समाप्त हो गया, तो उसकी पीठ मे समस्या फिर से उबर गई।

# ऐसी जगह नहीं हूं कि क्रीज पर उतरकर किसी को गलत साबित करूं : कोहली



**भाषा।** अहमदाबाद

**ऑस्ट्रेलिया के** खिलाफ यहां 186 रन की धैर्यपूर्ण पारी के साथ टेस्ट क्रिकेट में शतक के सूखे को खत्म करने वाले भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने सोमवार को कहा कि वह उस जगह पर नहीं है कि मैदान पर जाकर किसी को गलत साबित करें। मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने जाने के बाद कोहली ने कहा, एक खिलाड़ी के रूप में मेरी स्वयं से जो अपेक्षाएं हैं वे मेरे लिए अधिक महत्वपूर्ण हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 75 शतक जड़ चुके कोहली ने कहा, मैं अब उस जगह पर नहीं हूं जहां मैं मैदान पर उतरूं और किसी को गलत साबित करूं। मुझे इसे भी सही ठहराने की जरूरत है कि मैं मैदान पर क्यों हूं। मुझे लगता है कि टेस्ट क्रिकेट में मैं पिछले कुछ समय में उस लय के साथ नहीं खेल पा रहा था जिसके साथ मैं पिछले 10 वर्षों से खेल रहा हूं। इसलिए मैं यही एक चीज करने की कोशिश कर रहा था। मुझे लगा जैसे कि मैं नागपुर में पहली पारी से काफी अच्छी बल्लेबाजी कर रहा हूं। कोहली ने स्वीकार किया कि वह टेस्ट प्रारूप में स्वयं को दोहरा नहीं पा रहे थे इसलिए उन्हें अधिक मेहनत करनी पड़ी। कोहली ने 186 की अपनी पारी में 364 गेंद का सामना किया और बाउंड्री से केवल 60 रन बनाए। यह एक सोची समझी रणनीति थी क्योंकि श्रेयस अय्यर के पीठ की चोट के कारण बाहर होने के बाद भारत के पास एक बल्लेबाज कम था। हमने श्रेयस को चोट के कारण खो दिया और एक बल्लेबाज कम था इसलिए हमने अधिक समय लेने का फैसला किया। हमारी नजरें लंबे समय तक बल्लेबाजी करने पर टिकी थी। हम टीम के लिए जितना संभव हो उतने लंबे समय तक बल्लेबाजी पर ध्यान केंद्रित करते हैं। मैंने कुछ समय के लिए ऐसा किया लेकिन उस क्षमता के साथ नहीं जैसे मैं अतीत में करता रहा हूं। उस नजरिए से मैं निराश था लेकिन विश्वास था कि मैं अच्छा खेल रहा हूं और अगर मुझे एक अच्छे विकेट पर मौका मिला तो मैं एक बड़ा स्कोर बना सकता हूं।

## आईपीएल के बाद डब्ल्यूटीसी फाइनल खेलना चुनौतीपूर्ण होगा: द्रविड

**अहमदाबाद।** भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने सोमवार को कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के खत्म होने के एक सप्ताह के अंदर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल खेलना टीम के लिए एक बड़ी चुनौती होगी। भारत ने विराट कोहली और शुभमन गिल की शतकीय पारियों से अहमदाबाद टेस्ट ड्रॉ कराकर चार मैचों की बॉर्डर गावस्कर श्रृंखला को 2-। से अपने नाम किया। घरेलू श्रृंखला मे भारत की यह लगातार 16वीं जीत है। इस मुकाबले के आखिरी दिन पहले सत्र के खेल के बाद ही भारतीय टीम के डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने की मुहर लग गई थी। द्रविड़ ने डब्ल्यूटीसी फाइनल को चुनौती करार देते हुए कहा कि टीम को इसके लिए बेहतर योजना बनानी होगी। उन्होंने टेस्ट मैच के बाद आधिकारिक प्रसारक स्टार स्पोर्ट्स कहा, हमने लंच के समय इसके लिए क्वालीफाई किया। मै चीजें स्पष्ट होने से पहले कुछ कहने से बचता हूं। हम इसका जश्न मनाएंगे। यह काफी चुनौतीपूर्ण होगा क्योंकि डब्ल्यूटीसी फाइनल से सिर्फ एक सप्ताह पहले आईपीएल का फाइनल है। हम इसके बारे में सोचेंगे।

## गारिन ने इंडियन वेल्स में रूड को हराया, नॉरी, ज्वेरेव अगले दौर में

**इंडियन वेल्स।** चिली के क्वालीफायर क्रिश्चियन गारिन ने रविवार को बीएनपी परिबास ओपन टेनिस में नॉर्वे के तीसरी वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड को 6-4, 7-6 (2) से हराकर लगभग दो वर्षों मे शीर्ष पांच खिलाड़ी पर अपनी पहली जीत दर्ज की। रैंकिंग में 97वें स्थान पर काबिज गारिन के रविवार को अंतिम 32 दौर के मैच मे 39 विनर्स (अंक बनाने वाले शॉट) लगाए, जबकि चौथे पायदान पर काबिज रूड ने लगभग दो घंटे तक चले मैच मे सिर्फ 15 विनर्स लगाए।

## कीनिया ओपन में 65वें स्थान पर रहे मनु गंडास

**नैरोबी।** भारत के मनु गंडास मैजिकल कीनिया ओपन गोल्फ प्रतियोगिता के अंतिम दौर मे एक ओवर 73 का ही स्कोर बना पाए और इस तरह से संयुक्त 65वें स्थान पर रहे। गंडास ने चौथे और अंतिम दौर मे तीन बर्डी बनाई, लेकिन इस बीच उन्होंने चार बोगी भी की। उनका कुल स्कोर एक अंडर 283 रहा। इस प्रतियोगिता मे भाग ले रहे एक अन्य भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा कट मे जगह नही बना पाए थे।

## चिक्कारंगप्पा छठे स्थान पर रहे, ऑर्म्सबी को खिताब

**हुआ हिन।** तीसरे दौर के बाद चार खिलाड़ियों के साथ संयुक्त बढ़त हासिल करने वाले भारतीय गोल्फर एस चिक्कारंगप्पा अंतिम दौर मे डबल बोगी से शुरुआत करने के बाद उससे उबर नही पाए और अंतरराष्ट्रीय सीरीज थाईलैंड मे संयुक्त छठे स्थान पर रहे। चिक्कारंगप्पा ने अंतिम दौर मे दो अंडर 70 का स्कोर किया और कुल 17 अंडर के स्कोर के साथ छठे स्थान पर रहे।

## कोसोवो की मुक्केबाज का वीजा कारणों से बाहर रहना तय

**नई दिल्ली।** भारत मे होने वाली महिला मुक्केबाजी विश्व चैम्पियनशिप मे हिस्सा लेने के लिए भारतीय वीजा हासिल करने की सारी उम्मीदे खो चुकी कोसोवो की मुक्केबाज डोनजेता सादिकु ने अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (आईबीए) के टूर्नामेंट की मेजबानी के अधिकार भारत को देने के फैसले पर सवाल उठाया है। सादिकु की आईबीए की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता मे भाग लेने को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है क्योंकि भारत सरकार ने अभी तक उन्हे वीजा नही दिया है।

## ब्रूक आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी बने

**दुबई।** इंग्लैड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने सोमवार को भारत के रविंद्र जडेजा और वेस्टइंडीज के गुडाकेश मोती को पछाड़कर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का फरवरी महीने का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार जीता जबकि ऑस्ट्रेलिया की एशलेग गार्डनर ने महिला वर्ग मे बाजी मारी। न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला मे शानदार प्रदर्शन की बदौलत ब्रूक को दूसरी बार महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

## पिता के निधन के बाद अक्सर रो देता था: सिराज

**बेंगलुरु।** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान पिता के निधन पर अपने भावनात्मक संघर्ष के बारे मे कहा कि वह कोविड-19 महामारी के समय बायो-बबल मे रहने के दौरान अपने कमरे मे अक्सर रोते रहते थे। पिता मोहम्मद गौस का नवंबर 2020 मे संक्षिप्त बीमारी के बाद निधन हो गया था।

# अभी टेस्ट कप्तानी सीख रहा हूं, कुछ हटकर करने पर ध्यान नहीं : रोहित

**भाषा।** अहमदाबाद

**अभी तक केवल** छह टेस्ट मैचों में कप्तानी करने वाले रोहित शर्मा ने सोमवार को यहां कहा कि वह लंबे प्रारूप में नेतृत्व करने के गुर सीख रहे हैं और वह चीजों को सरल बनाए रखना चाहते हैं तथा लोगों का ध्यान खींचने के लिए कुछ हटकर नहीं करना चाहते हैं। रोहित से उनकी कप्तानी का विश्लेषण करने लिए कहा गया तो उनके जवाब से सभी हंस पड़े रोहित ने कहा, चार टेस्ट मैच। पूरा करना है (विश्लेषण) क्या? नागपुर से यहां तक। मैं तो तीन टेस्ट मैच से करता आ रहा हूं। हालांकि जब उनसे अपनी कप्तानी का मूल्यांकन करने के लिए कहा गया तो उन्होंने विशेषकर टेस्ट कप्तानी को लेकर चीजों को परिप्रेक्ष्य में रखा। उन्होंने अब तक श्रीलंका के खिलाफ दो और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार टेस्ट मैचों में कप्तानी की है। मैं अभी हर उस मैच से कप्तान के रूप में सीख रहा हूं जिसकी मैंने कप्तानी की है। अन्य प्रारूपों की तुलना में मैंने टी20 क्रिकेट में अधिक कप्तानी की है, लेकिन टेस्ट क्रिकेट में कप्तानी के मामले में मुझे केवल छह मैच का अनुभव है। मैं अभी सीख रहा हूं।



## शिविर में हिस्सा ले सकते हैं खिलाड़ी

**अहमदाबाद।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने सोमवार को कहा कि जिन भारतीय खिलाड़ियों की इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीमें इस टी20 लीग के प्ले ऑफ मे जगह नही बना पाएंगी वे खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल से पहले लंदन मे दो हफ्ते के अनुकूलन शिविर मे हिस्सा ले सकते है। डब्ल्यूटीसी फाइनल आईपीएल के ठीक बाद जून मे खेला जाएगा। आईपीएल फाइनल 29 मई को है जबकि डब्ल्यूटीसी फाइनल सात जून से ओवल मे शुरू होगा। कोविड-19 के प्रकोप के बाद पहली बार आईपीएल घरेलू और विरोधी के मैदान के अपने मूल प्रारूप मे खेला जाएगा, इस दौरान खिलाड़ियों को काफी यात्रा करनी होगी।

# आरसीबी को फिर झटका, पांचवी बार हारे

## ● शिखा और बल्लेबाजो ने दिलाई दिल्ली कैपिटल्स को जीत, छह विकेट से हराया

**भाषा।** नवी मुंबई



**शिखा पांडे की** धारदार गेंदबाजी के बाद बल्लेबाजों के उम्दा प्रदर्शन से दिल्ली कैपिटल्स ने सोमवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में छह विकेट से हरा दिया। आरसीबी की यह पांच मैचों में पांचवीं हार है। इस जीत से दिल्ली की टीम के मुंबई इंडियन्स के समान आठ अंक हो गए हैं लेकिन मुंबई की टीम बेहतर रन रेट के कारण शीर्ष पर है। बेंगलोर के 151 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली की टीम ने मारिजान केप (32 गेंद में नाबाद 32, तीन चौके, एक छक्का) और जेस जोनासेन (15 गेंद में नाबाद 29, चार चौके, एक छक्का) के बीच पांचवें विकेट की 45 रन की अटूट साझेदारी से 19.4 ओवर में चार विकेट पर 154 रन बनाकर जीत दर्ज की। दिल्ली के लिए एलिस कैप्से (38) और जेमिमा रोड्रिग्स (30) ने भी उपयोगी पारियां खेली। आरसीबी ने एलिस पैरी (52 गेंद में नाबाद 67, पांच छक्के, चार छक्के) के अर्धशतक और रिचा घोष (16 गेंद में 37 रन, तीन छक्के, तीन चौके) के साथ चौथे विकेट की उनकी 74 रन की तेजर्तार साझेदारी से चार विकेट पर 150 रन बनाए थे। इन दोनों की पारियों से आरसीबी की टीम अंतिम छह ओवर में 82 रन जोड़ने में सफल रही। लक्ष्य का पीछा करने उतरे दिल्ली ने दूसरी ही गेंद पर शेफाली वर्मा (00) का विकेट गंवा दिया जिन्हें मेगान शुट (24 रन पर एक विकेट) ने बोल्ड किया। एलिस कैप्से (38) ने शुट पर चौके से खाता खोला और फिर रेणुका सिंह के दो ओवर में चार चौके मारे। कैप्से ने प्रीति बोस (12 रन पर एक विकेट) का स्वागत तीन चौकों के साथ किया लेकिन इसी ओवर में बाउंड्री पर पैरी को कैच बैठी। उन्होंने 24 गेंद का सामना करते हुए आठ चौके मारे। दिल्ली की टीम ने पावर प्ले में दो विकेट पर 52 रन बनाए। कप्तान मेग लेनिंग (15) ने इसके बाद जेमिमा के साथ पारी को आगे बढ़ाया। पारी का आगाज करने उतरी लेनिंग ने आठवें ओवर में 14वीं गेंद पर श्रेयंका पर अपनी पहली बाउंड्री लगाई। वह हालांकि लेग स्पिनर शोभना आशा (27 रन पर दो विकेट) की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में लांग ऑफ पर हीथर नाइट को आसान कैच दे बैठी।

### स्कोरबोर्ड

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर:** मंधाना का जेमिमा बो शिखा 08, डिवाइन बो शिखा 21,पैरी नाबाद 67,नाइट का शिखा बो तारा 11,घोष का तानिया बो शिखा 37,पाटिल नाबाद 04,अतिरिक्त: 02,कुल: 20 ओवर मे चार विकेट पर: 150 रन,विकेट पतन:।-24, 2-41, 3-63, 4-137,**गेंदबाजी:** मारिजान 4-।-18-0,कैप्से 3-0-31-0,शिखा 4-0-23-3,जोनासेन 4-0-39-0 ,राधा 2-0-14-0,तारा 3-0-25-।

**दिल्ली कैपिटल्स:** लेनिंग का नाइट बो शोभना 15,शेफाली बो शुट 00, कैप्से का पैरी बो प्रीति 38,रोड्रिग्स का रिचा बो शोभना 32,मारिजान केप नाबाद 32, जोनासेन नाबाद 29,**अतिरिक्त:** 08,**कुल:**19.4 ओवर मे चार विकेट पर: 154 रन,विकेट पतन:।-।, 2-45, 3-70, 4-109,**गेंदबाजी:**शुट 4-0-24-।,रेणुका 2.2-0-31-0,प्रीति।-0-12-0,पैरी 4-0-28-

# ऑस्ट्रेलिया ने टीम चयन में गलती की : कास्प्रोविच

## ●पेसरों ने यॉर्कर और बाउंसर गेंद नहीं डाली

**भाषा।** मेलबर्न

**ऑस्ट्रेलिया** के पूर्व तेज गेंदबाज माइकल कास्प्रोविच ने अहमदाबाद टेस्ट की पिच को बैट-ए-थॉन (बल्लेबाजी के लिए उपयुक्त) करार देते हुए मिशेल स्टार्क के नेतृत्व वाली तेज गेंदबाजों द्वारा बाउंसर और यॉर्कर का पर्याप्त इस्तेमाल नहीं करने की आलोचना की। ऑस्ट्रेलिया के लिए 38 टेस्ट मैच खेलने वाले कास्प्रोविच 2004-05 में भारत दौरे पर टेस्ट श्रृंखला जीतने वाली टीम के सदस्य थे। उन्होंने टीम के चयन पर सवाल उठाते हुए कहा कि इस मैच में उन्हें तीन तेज गेंदबाजों के साथ उतरना चाहिए था। इस पिच पर तेज गेंदबाजों के लिए यॉर्कर या बाउंसर ही कारगर है। एक तेज गेंदबाज के रूप में, अगर हम बल्लेबाजों को फंसना चाहते हैं, तो हमें बाउंसर या यॉर्कर फेंकने की जरूरत थी।

## कुहनेमन और मर्फी ने बेजोड़ प्रदर्शन किया : स्मिथ

**अहमदाबाद।** ऑस्ट्रेलिया के कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ का मानना है कि भारत दौरे मे टेस्ट क्रिकेट मे पदार्पण करने वाले स्पिनर टॉड मर्फी और मैथ्यू कुहनेमन ने भारतीय उपमहाद्वीप के अपने पहले दौरे मे शानदार प्रदर्शन किया। अनुभवी नाथन लियोन 22 विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे लेकिन ऑफ स्पिनर मर्फी (चार टेस्ट मे से 14 विकेट) और कुहनेमन (तीन टेस्ट में नौ विकेट) ने भी कई स्टार बल्लेबाजो की मौजूदगी वाली भारतीय टीम के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया। स्मिथ ने श्रृंखला समाप्त होने के बाद कहा, सभी खिलाड़ियों ने पिछले कुछ सप्ताह मे अच्छा प्रदर्शन किया।

## एशियाई खेलों के साथ मुक्केबाजी को अलविदा कहना चाहती हैं मेरीकोम

**नई दिल्ली।** छह बार की विश्व चैम्पियन मुक्केबाज एमसी मेरीकोम के पास पूर्ण फिटनेस हासिल करने के लिए अधिक समय नहीं हैं क्योंकि उनकी नजरें एशियाई खेलों के साथ मुक्केबाजी को अलविदा कहने पर टिकी हैं। मेरीकोम को अगले साल संन्यास लेने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। पिछले साल राष्ट्रमंडल खेलों के चयन ट्रायल के दौरान अपने बाएं घुटने के मुड़ने के कारण इस अनुभवी मुक्केबाज का एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट (एसीएल) टूट गया था और अगस्त में उन्हें सर्जरी करानी पड़ी।

# ऑल इंग्लैंड चैम्पियनशिप में भारतीय शटलरों के सामने कड़ी चुनौती

**भाषा।** बर्मिंघम

**चोट से वापसी** कर रहे और खराब फार्म से जूझ रहे भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों को मंगलवार से यहां शुरू हो रही ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में खिताब के लिए देश का इंतजार खत्म करने के लिए पूरे दमखम के साथ खेलना होगा। किसी भारतीय खिलाड़ी को इस प्रतिष्ठित खिताब को जीते हुए 22 साल हो गए हैं। पुलेला गोपीचंद (2001) ने महान प्रकाश पादुकोण (1980) का अनुसरण किया था और यह खिताब जीतने वाले दूसरे भारतीय बने थे। लक्ष्य सेन पिछले सत्र में और साइना नेहवाल 2015 में फाइनल में पहुंचे थे लेकिन वे खिताब के सूखे को खत्म करने में विफल रहे। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू इस टूर्नामेंट में सेमीफाइनल की बाधा को पार नहीं कर सकी। भारतीय खिलाड़ियों के लिए परिस्थितियां इस बार भी मुश्किल होगी। सेन और सिंधू दोनों चोट के कारण लंबे समय तक खेल से दूर रहने के बाद वापसी पर नए सत्र की खराब शुरुआत की है। दोनों मलेशिया और इंडिया ओपन में जल्दी बाहर हो गए थे।



# न्यूजीलैंड ने पहले टेस्ट की आखिरी गेंद पर श्रीलंका को दो विकेट से हराया

**भाषा।** वेलिंगटन

**केन विलियमसन** और नील वैगनर ने दो मैचों की श्रृंखला के शुरुआती टेस्ट मैच में सोमवार को आखिरी गेंद पर बाई पर एक रन चुरा कर श्रीलंका पर न्यूजीलैंड को दो विकेट की यादगार जीत दिला दी। न्यूजीलैंड ने दो सप्ताह पहले ही इंग्लैंड को एक और रोमांचक टेस्ट में एक रन से हराया था। बारिश के कारण मैच के पांचवें दिन शुरुआती दो सत्र का खेल संभव नहीं हुआ। आसमान से जब बादल छंटे तो न्यूजीलैंड को एक सत्र में 53 ओवर में जीत के लिए 257 रन और श्रीलंका को नौ विकेट की दरकार थी। पूर्व कप्तान विलियमसन ने अपने अनुभव का पूरा इस्तेमाल करते हुए 121 रन की नाबाद पारी खेलकर न्यूजीलैंड की जीत सुनिश्चित की। कम होती रोशनी के बीच न्यूजीलैंड को जीत के लिए आखिरी 20 ओवर में 131 और आखिरी 15 ओवर में 101 रन की जरूरत थी। पहली पारी में 102 रन बनाने वाले डेरिल मिशेल ने दूसरी पारी में आक्रामक अंदाज में 81 रन बनाकर विलियमसन का शानदार साथ दिया और न्यूजीलैंड की जीत की नींव रखी। मैन ऑफ द मैच मिशेल ने चौथे विकेट लिए 142 रन की साझेदारी कर टीम को जीत की स्थिति में पहुंचाया। वह असिता फर्नांडो की यॉर्कर गेंद पर जब आउट हुए तब न्यूजीलैंड को जीत के लिए और 53 रन की जरूरत थी। फर्नांडो ने इसके बाद टॉम ब्लंडेल (तीन) और माइकल ब्रेसवेल (10) को आउट कर मैच में श्रीलंका की वापसी कराई। न्यूजीलैंड का आखिरी ओवर में जीत के लिए आठ रन चाहिए थे।

## आईपीएल 2023 में सुपरकिंग्स के एक्स फेक्टर होंगे जडेजा : हरभजन

**मुंबई।** भारत और चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह का मानना है कि स्टार ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी टूर्नामेंट में चार बार के चैंपियन सीएसके के लिए एक्स फेक्टर (मैच का रुख बदलने वाला खिलाड़ी) होंगे।

## मैंने एशिया कप और विश्व कप पर अपने विकल्प खुले रखे हैं: पीसीबी अध्यक्ष

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष नजम सेठी ने इस साल पाकिस्तान में होने वाले एशिया कप और भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप को लेकर जल्दी स्थिति स्पष्ट करने की बात करते हुए कहा कि वह सभी विकल्पों पर विचार कर रहे हैक। सेठी ने कहा कि वह एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की अगली बैठक में इन मुद्दों को उठाएंगे।

# हैदराबाद एफसी को हराकर एटीके मोहन बागान फाइनल में

## ● इंडियन सुपर लीग : बेंगलुरू एफसी से होगी भिड़ंत

**भाषा।** कोलकाता



**एटीके मोहन बागान** ने हैदराबाद एफसी को रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबले में पेनल्टी शूट आउट में 4-3 से हराकर इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के फाइनल में जगह बनाई जहां उसका सामना बेंगलुरू एफसी से होगा। पहले चरण का मुकाबला गोल रहित बराबर रहने के बाद दूसरे चरण में भी नियमित और अतरिक्त समय के 120 मिनट के बाद दोनों टीम गोल करने में नाकाम रही जिसके बाद नतीजे के लिए पेनल्टी शूट आउट का सहारा लिया गया। एटीके मोहन बागान के कप्तान प्रीतम कोटल ने सफल प्रयास के साथ पेनल्टी शूटआउट में अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। जेवियर सिवेरियो के प्रयास को विफल करने का श्रेय एटीके मोहन बागान के गोलकीपर विशाल कैथ जाता है। विजेता टीम के लिए दिमित्री पेट्राटोस, फेडेरिको गैलेगो और मनवीर सिंह अन्य स्कोरर रहे। हैदराबाद एफसी ने एक और मौका गंवाया जब बार्थोलोमेव ओगबेचे का शॉट पोस्ट से टकराया और दो मौके चूकने से टीम को हार झेलनी पड़ी। हैदराबाद की टीम के लिए जोआओ विक्टर, दानू और रीगन ने गोल किए लेकिन यह पर्याप्त नहीं थे। फाइनल शनिवार को गोवा के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में होगा।

## भारत एफआईएच प्रो लीग में शीर्ष पर

### जर्मनी को 6-3 से हराया

**भाषा।** राउरकेला

**भारत एफआईएच** प्रो लीग में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए सोमवार को यहां बिरसा मुंडा स्टेडियम में विश्व चैंपियन जर्मनी को 6-3 से हराकर अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया। भारत की जर्मनी के खिलाफ तीन दिन में यह दूसरी जीत है और इस जीत की बदौलत हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली टीम सात मैच में 17 अंक के साथ अंक तालिका के शीर्ष पर पहुंच गई है। स्पेन के भी 17 अंक हैं लेकिन बेहतर गोल अंतर के कारण भारत शीर्ष पर है।टॉम ग्रैमबुश ने तीसरे ही मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर जर्मनी को बढ़त दिला दी थी।ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5-4 से रोमांचक जीत दर्ज करने वाले भारत ने हालांकि 21वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर जुगराज सिंह के गोल से बराबरी हासिल कर ली। टीम के लिए अभिषेक (22वें और 51वें मिनट) और सेलवम कार्ति (24वें और 26वें मिनट) ने दो-दो गोल दागे ।